# हाईकोर्ट की बेंच बनाने का विरोध, नहीं हुआ न्यायिक कार्य

## मुख्य न्यायाधीश ने बार एसोसिएशन से कहा-हाईकोर्ट के लिए ऐसा उचित स्थान बताएं जहां 50 साल बाद भी विस्तार की गुंजाइश हो

विधि संवाददाता, नैनीताल


**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने हाईकोर्ट की एक बेंच आईडीपीएल ऋषिकेश में स्थापित करने के लिए जगह परीक्षण करने का मौखिक आदेश दिया। इस आदेश से असंतुष्ट हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने तत्काल आम बैठक बुलाई। बड़ी संख्या में अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत के नेतृत्व में मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट में पहुंचे और उन्होंने हाईकोर्ट की बेंच की ऋषिकेश में स्थापना करने को अव्यवहारिक बताते हुए इस आदेश को वापस लेने का आग्रह किया। इस पर मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने दोपहर बाद अधिवक्ताओं का पक्ष सुना। इस अवसर पर अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहे।

बुधवार को दोपहर बाद हुई सुनवाई में मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी ने कहा कि नैनीताल से हाईकोर्ट शिफ्टिंग का प्रस्ताव अधिवक्ताओं की तरफ से ही कई साल पहले आया था। तब से अब तक जगह चिन्हित नहीं हो सकी है। गौलापार में जो स्थान चिन्हित किया गया, उक्त भूमि वन भूमि है। हाईकोर्ट बनाने पर बड़ी संख्या में पेड़ काटने पड़ेंगे, जबकि वह स्वयं और सुप्रीम कोर्ट पेड़ काटे जाने के खिलाफ हैं। दूसरी ओर आईडीपीएल ऋषिकेश में जगह उपलब्ध है। गढ़वाल मंडल के अधिवक्ताओं व वादकारियों के लिये ऋषिकेश उचित स्थान है। यह दीर्घकालिक योजना के लिये भी उचित है। न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल ने कहा कि नैनीताल में कई तरह की असुविधाएं हैं। हाईकोर्ट के विस्तार के लिये जगह नहीं है, और आसपास भी जगह नहीं मिल पा रही है। दूसरी ओर हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीसीएस रावत ने कहा कि बार हाईकोर्ट की अलग से बेंच खोलने के खिलाफ है और जहां भी हाईकोर्ट शिफ्ट हो, एक ही जगह हो। उत्तराखंड जैसे छोटे राज्य में हाईकोर्ट की बेंच स्थापित करना अव्यवहारिक है। इस मामले में कई वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने भी अपनी राय देते हुए अलग से बेंच स्थापित करने की मंशा को गलत बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हाईब्रिड सिस्टम से अदालती कामकाज चल रहा है और किसी भी जगह से अधिवक्ता, वादकारी व अन्य लोग ऑनलाइन कोर्ट से जुड़ रहे हैं।

सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश ने बार एसोसिएशन से कहा कि एसोसिएशन हाईकोर्ट के लिए ऐसा उचित स्थान बताएं जहां 50 साल बाद भी विस्तार की गुंजाइश हो और नई पीढ़ी के अधिवक्ताओं के साथ-साथ वादकारियों, न्यायिक अधिकारियों, कर्मचारियों व अन्य पक्षों को सुविधा बनी रहे। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने इस मामले में अधिवक्ताओं की आम सभा बुलाकर आम राय बनाने को कहा है। मुख्य न्यायाधीश की कोर्ट अधिवक्ताओं से खचाखच भरी हुई थी। इस दौरान हाईकोर्ट बार के सचिव सौरभ अधिकारी, विजय भट्ट, प्रभाकर जोशी, सय्यद नदीम 'मून', विकास गुगलानी, पुष्पा जोशी, रमन साह, ललित बेलवाल, दीप प्रकाश भट्ट, कुर्बान अली, कैलाश तिवारी, सौरभ पांडे, दीप जोशी, हरेंद्र बेलवाल, भुवन रावत, दुष्यंत मैनाली आदि मौजूद रहे।



हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सभागार में बैठक करते पदाधिकारी। ● अमृत विचार





हाईकोर्ट के मुख्य गेट के बाहर तैनात पुलिस फोर्स। ● अमृत विचार

### अधिवक्ताओं ने पुलिस फोर्स तैनात किए जाने पर जताई नाराजगी

**नैनीताल :** सुरक्षा की दृष्टि से मुख्य न्यायाधीश कोर्ट के बाहर एसपी नैनीताल, एसपी हल्द्वानी के नेतृत्व में भारी पुलिस बल तैनात किया गया। इस पर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रावत ने घोर आपत्ति दर्ज कराई। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड हाईकोर्ट के इतिहास में पहली बार अधिवक्ताओं के खिलाफ फोर्स तैनात की गई।

### हाईकोर्ट को गौलापार में शिफ्ट करना गलत : मुख्य न्यायाधीश

**नैनीताल :** आईडीपीएल ऋषिकेश के कर्मचारियों के आवास खाली करने के शासनादेश पर हाईकोर्ट ने पूर्व में रोक लगाई थी। इसके खिलाफ सरकार की विशेष अपील पर बुधवार की सुबह मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने सुनवाई की। सुनवाई में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुई थीं। सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश रि तु बाहरी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने हाईकोर्ट की एक बेंच ऋषिकेश के आईडीपीएल में शिफ्ट करने पर विचार कर रिपोर्ट देने को कहा। मुख्य न्यायाधीश ने हाईकोर्ट को गौलापार शिफ्ट करने को गलत कदम बताते हुए कहा कि इसके लिय उचित स्थल ऋषिकेश में आईडीपीएल की 850 एकड़ भूमि है। इस भूमि में से 130 एकड़ भूमि में पूर्व कर्मचारी रहते हैं।

## सार-संक्षेप



हल्दूचौड़ में बैठक के दौरान उपस्थित अभिभावक। ● अमृत विचार

### अभिभावकों को दिखाई परीक्षा की अंक तालिका

**हल्दूचौड़ :** पेस पब्लिक स्कूल सूफी भगवानपुर में बुधवार को अभिभावक व शिक्षकों की बैठक हुई। विद्यालय के प्रबंधक सीपी दुर्गापाल, डायरेक्टर सतीश चंद्र दुर्गापाल व कार्यक्रम अध्यक्ष दिनेश चंद्र जोशी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसमें इकाई परीक्षा की अंक तालिका अभिभावकों को दिखाई गईं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रधानाचार्य ने सुझाव दिए। ग्रीष्मकालीन अवकाश पर दिए जाने वाले गृह कार्य, परियोजना कार्य पर चर्चा की। प्रबंधक ने बच्चों को विद्यालय शिक्षा व वैज्ञानिक शिक्षा का महत्व पर जानकारी साझा की। बैठक के दौरान सुशीला तिवारी अस्पताल के डॉ. आशुतोष व डॉ. प्रीता प्रिया ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान लू से बचने के सुझाव दिए गए।

### मदर्स डे कार्यक्रम में ऋतु खंडूरी करेंगी प्रतिभाग

**नैनीताल :** लेक सिटी वेलफेयर क्लब की ओर से 12 मई को आयोजित होने वाले मदर्स डे कार्यक्रम को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। क्लब की सचिव दीपा पांडे ने बताया कि इस कार्यक्रम में उन महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने संघर्ष कर अपने बच्चों को मुकाम तक पहुंचाया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के लिए क्लब द्वारा विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूरी व विशिष्ट अतिथि विधायक सरिता आर्या और नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक निखिल मोहन होंगे।

### अराजक तत्वों ने फूंकी प्रधान प्रतिनिधि की कार

**गरमपानी :** ग्राम प्रधान प्रतिनिधि तल्लाकोट जगमोहन सिंह जलाल अपनी कार को धनियाकोट गांव के समीप खड़ा कर घर चले गए। रात के वक्त अराजक तत्वों ने उनकी कार में आग लगा दी। सुबह घटना का पता चला। जलाल मौके पर पहुंचे और घटना की सूचना पुलिस व प्रशासन को दी। आरोप लगाया पूर्व में भी उनकी कार को आग के हवाले करने की कोशिश की गई थी तब अराजक तत्वों ने एक स्कूटी फूंक डाली थी। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

### पर्यटकों के लिए नौकुचियाताल में बनाई जाए पार्किंग

**भीमताल :** भीमताल की तरह ही नौकुचियाताल में भी पार्किंग का अभाव है। इस कारण स्थानीय कारोबारियों समेत बाहर से अपने वाहनों में आने वाले पर्यटक भी खासे परेशान रहते हैं। भाजपा नेता कार्तिक कर्नाटक बताते हैं कि नौकुचियाताल में हेलीपैड का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ऐसे में आने वाले समय में क्षेत्र में खासी पर्यटकों भी भीड़ भी रहेगी। वहीं बताते हैं कि स्थानीय जनता की काफी समय से स्थान स्थान पर पॉकेट पार्किंग निर्माण और विस्तृत पार्किंग निर्माण की मांग की जा रही है। वहीं बताते हैं कि पार्किंग निर्माण की मांग को लेकर क्षेत्र का शिष्टमंडल शीघ्र ही मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून में मुलाकात करेगा और पार्किंग निर्माण की संभावना पर विचार करेगा। वहीं बताते हैं कि नौकुचियाताल की अन्य समस्याओं से संबंधित विभागों से संपर्क किया जा रहा है ताकि समस्या का समाधान हो सके।



# आसान नहीं है भाजपा-कांग्रेस के लिए उम्मीदवार का चयन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** निकाय चुनाव की सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस में नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए उम्मीदवार को लेकर चिंतन शुरू हो गया है। भीमताल में नगर पालिका बनने के बाद पहला चुनाव होना है। अभी आरक्षण का तय होना भी बाकी है। पर भाजपा और कांग्रेस में सभी वर्ग में उम्मीदवारों की खासी कतार है। पिछले 15 सालों में जनता ने दो बार कांग्रेस और एक बार भाजपा के पक्ष में आस्था जताई। पंद्रह साल पहले कांग्रेस से सतीश लाल वर्मा अध्यक्ष रहे। फिर भाजपा से राजेश नेगी और फिर कांग्रेस उम्मीदवार देवेन्द्र चनौतिया पर जनता ने विश्वास जताया। इस बार पहली बार नगर पालिका का शासनादेश जारी होने के बाद नगर पालिका के लिए चुनाव होने हैं। वैसे तो आरक्षित सीट की संभावना व्यक्त की जा रही है। जानकार बताते हैं कि संभवतः प्रथम बार नगर पालिका चुनाव में सामान्य सीट आने की संभावना है। आने वाले दिनों में स्थिति साफ होगी। भाजपा से मानें तो पिछले चुनाव में दूसरे स्थान पर रहे हितेन्द्र बिष्ट के साथ पूर्व अध्यक्ष राजेश नेगी, दिनेश सांगुड़ी, एडवोकेट राहुल जोशी, मंडल अध्यक्ष कमला आर्या, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज भट्ट, बीडीसी मेंबर पांडे गांव ममता बिष्ट, समाज सेवी नितेश बिष्ट, निवर्तमान सभासद और एडवोकेट सुनिता पांडे, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष बीना आर्या की दावेदारी है। वहीं व्यापारी नेता अखिलेश सेमवाल भी अध्यक्ष पद की दावेदारी जता रहे हैं। वहीं कांग्रेस से भी उम्मीदवारों की खासी कतार है। निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेन्द्र चनौतिया, वरिष्ठ कांग्रेसी राकेश वृजवासी, नगर अध्यक्ष डीके डालाकोटी, समाज सेवी विपिन चंद्रा, निवर्तमान सभासद ललित महरा, नीरज कुमार मोनू, सतीश टम्टा, आशा आर्या, देवेन्द्र महरा सम्मलित हैं। वहीं निर्दलीय चंदन नौगाई, पूर्व में अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ चुके देवेन्द्र फतर्याल व व्यापार मंडल अध्यक्ष सौरभ रौतेला भी नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर चुके हैं।

# जिले में सात संकुलों से 33 शिक्षकों का चयन

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** नई शिक्षा नीति के तहत बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान तथा राष्ट्रीय निपुण भारत योजना से संबंधित गतिविधियों के क्रियान्वयन के लिए ब्लॉक स्तर पर इस एकेडमिक वर्ष के लिए गठित समूह के शिक्षक सदस्यों की पहली बैठक अजीम प्रेमजी संस्थान भीमताल में हुई। समूह में सात संकुलों से 33 शिक्षकों का चयन किया गया।


उप शिक्षा अधिकारी मानसिंह ने बताया कि अकादमिक समूह से जुड़े शिक्षक समय-समय पर होने वाली कार्यशाला में न्याय पंचायत के अन्य शिक्षकों को शिक्षण कार्य में मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि आगे से माह की प्रत्येक 7 तारीख को संदर्भ समूह की बैठक तथा 8, 9 और 10 तारीख को संकुल स्तर पर बैठक आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर अजीम प्रेमजी संस्थान के संदर्भदाता केसी जोशी, बीआरसी के महेन्द्र चन्द, दीपक नौगांई, संजय सनवाल, अनिल कुमार, मनीष जोशी, प्रतिभा भारद्वाज, ज्योति पाठक, अमित क्वीरा, ऊषा, मनीषा चौहान, भावना पलड़िया, गीता भट्ट ,जया अधिकारी, मधु आर्या, ज्योत्सना गुणवंत, प्रेमा नयाल, नीलम कार्की, प्रेमा जोशी आदि शिक्षकों ने भाग लिया।

# 15 जून तक खुल जाएगा बैंड स्टैंड

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार:** बैंड स्टैंड का नवनिर्माण का काम सिंचाई विभाग की ओर से शुरू किया गया था। पहले चरण का काम बैंड स्टैंड की बुनियाद को पूरी तरह से नए रूप में तैयार करना था। काम की शुरुआत मई 2023 में हो चुकी थी। जिसे अक्टूबर तक पूरा होना था, लेकिन एक साल होने के बाद भी अभी तक कार्य पूरा नहीं हो पाया है।

बता दें कि सितंबर 2022 में बैंड स्टैंड में दरारें दिखने लगी थीं, यहां पर लगभग 50 मीटर का हिस्सा झील में धंसने लगा था। खतरे को देखते हुए प्रशासन ने बैंड स्टैंड को पर्यटकों के लिए बंद करवा दिया था। सिंचाई विभाग ने बैंड स्टैंड के नवनिर्माण का प्रस्ताव तैयार किया था। करीब 75 लाख रुपये से मई 2023 में काम शुरू कर दिया था, जिसमें झील से सटी हुई पूरी बुनियाद को दोबारा बनाया जाना था, जिससे कि भू-धंसाव को खत्म किया जा सके, लेकिन लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य पूरा नहीं हो पाया है।



नैनीताल में निर्माणाधीन बैंड स्टैंड। ● अमृत विचार

दीवारों का काम पूरा हो गया है, जो दीवारें गिरी हुई थीं उनका निर्माण कार्य भी पूरा हो गया है। दीवार के किनारे रेलिंग लगाई जा रही हैं। उसके बाद टाइल्स लगाने के काम किया जाएगा। लगभग 15 जून तक बैंड स्टैंड को खोल दिया जाएगा। **-डीडी सती**, सहायक अभियंता, सिंचाई विभाग

### गौलापार में चार घंटे गुल रही बिजली

**हल्द्वानी :** बुधवार को गौलापार क्षेत्र में करीब 4 घंटे बिजली गुल रही। जिससे लोगों को खासी परेशानियां हुईं। विद्युत विभाग के एसडीओ नीरज पांडे ने बताया कि लॉपिंग कार्य के चलते बिजली की सप्लाई रोकी गई थी, जिसकी सूचना पूर्व में दी गई थी।

### पाठकों हेतु सूचना

प्रिय पाठको,

हल्द्वानी, काशीपुर एवं रूद्रपुर में आपको अमृत विचार समाचार पत्र मिलने में असुविधा हो रही हो तो कृपया नीचे दिये गये नंबरों पर सम्पर्क करें।

हल्द्वानी कार्यालय — 7830460114, 9412987555

काशीपुर कार्यालय — 8218100208

रूद्रपुर कार्यालय — 9837804094, 8476843488

# जमीन दे दी, न खेती रही न मिला रोजगार

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** भीमताल की औद्योगिक घाटी जो कि 1970 के दशक में खासी आबाद थी अब वीरान हो गई है। तत्कालीन औद्योगिक मंत्री स्व. पं. नारायण दत्त तिवारी ने पर्वतीय क्षेत्रों से युवाओं के पलायन को रोकने के लिए भीमताल में लगभग 109 एकड़ में इसको स्थापित किया था।

उस समय यह अणु के मैदान से जाना जाता था और धान की खासी अच्छी फसल यहां होती थी। उस समय यहां के काश्तकारों को विश्वास में लेकर उनसे उनकी जमीन काफी कम दाम में स्थानीय निवासियों को प्राथमिकता पर रोजगार उपलब्ध कराने के आश्वासन पर एक्वायर की। जनता ने भी युवाओं को घर के पास ही रोजगार मिलेगा इस आस में आज के समय में काफी उच्च दाम वाली जमीन सरकार को दे दी। पर वर्तमान में सभी अपने को ठगा महसूस करते हैं। बताते हैं कि पहले फसल आदि का उत्पादन कर लाभ होता था और अब ना जमीन ही उनकी बची और ना ही उनको रोजगार मिला।



नारायण दत्त तिवारी ने अणु की जमीन इस आस से एक्वायर कराई थी की स्थानीय व्यक्तियों को रोजगार मिलेगा। हमारी जमीन एक्वायर की गई। हम किसान उसमें स्वरोजगार कर लेते थे। गेंहू, मक्का, चना, मसूर, सब्जियां, फल-फूल इत्यादि लगाते थे। अब इन सब चीजों से वंचित हो गए हैं। अब ना नौकरी रही और ना जमीन रही। **- विपिन चंद्रा**, व्यवसायी और सामाजिक कार्यकर्ता

**1970 के दशक में भीमताल की औद्योगिक घाटी खासी आबाद थी जो अब वीरान हो गई है**

चिंता — फल उत्पादकों को सेब की फसल कम होने व सेब का आकार छोटा होने का सता रहा है डर

# टैंकर के पानी से सेब के पेड़ों की सिंचाई कर रहे किसान

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** बारिश नहीं होने से इस बार काश्तकारों को तो नुकसान हो ही रहा है वहीं फल उत्पादक भी खासे चिंतित हैं। फल पट्टी विकास खंड रामगढ़ में सेब के पौधे बारिश नहीं होने के कारण खासे प्रभावित हैं। फल उत्पादकों को इस बार सेब की फसल कम होने या फिर सेब का आकार छोटा होने की चिंता है। इस चिंता से निजात पाने के लिए वहां के कास्तकार दिन रात पानी के टैंकर मंगवाकर सेब के पेड़ों व पौधों को बचाने का प्रयास कर रहे हैं। विकासखंड रामगढ़ के नथुवाखान के तोक सिमैल में दो वर्ष पूर्व वहां के फल उत्पादकों के द्वारा रामगढ़ के सेब को लेकर गुम हुई पहचान को दोबारा स्थापित करने के लिए लगभग दस हजार सेब के पौधे लगाए गए थे। अब जब इसमें फल आ गया है और पानी की नितांत आवश्यकता है तो बारिश के अभाव में फसल प्रभावित हो गई है। फल उत्पादक टैंकरों से पानी मंगाकर पेड़ व पौधों की सिंचाई कर रहे हैं, ताकि सेब के पौधों को बचाया जा सके। कुछ फल उत्पादकों ने एप्पल मिशन के अन्तर्गत भी सेब के पेड़ों को लगाया है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार निजी और अन्य भूमि में एक लाख से अधिक सेब के पेड़ इस समय नैनीताल जनपद में हैं जो कि रूट स्टॉक और सीडलिंग के माध्यम से लगाए गए हैं।



सेब के बगीचे। ● अमृत विचार

### बोले लोग



फल उत्पादकों को पूरे वर्ष अच्छी फसल और आमदनी की आस रहती है। ऐसे में जंगलों की आग और बढ़ता तापमान तो फलों को प्रभावित कर ही रहा है। साथ ही साथ निजी संसाधनों से पानी की व्यवस्था करना भी काफी महंगा है। विभाग को तुरंत कोई राहत पहुंचानी चाहिए। **-लाखन नेगी**, पूर्व ब्लाक प्रमुख और वर्तमान जिला पंचायत सदस्य



इस बार काफी अच्छा फल आने की उम्मीद थी पर बारिश नहीं होने के कारण सेब की फसल खासी प्रभावित हो गई है। विभाग को पानी की व्यवस्था करनी चाहिए **-राकेश बिष्ट**, नथुवाखान



विभाग स्थिति पर नजर रखे हुए है। फल प्रभावित हुआ है। दो तरह से राहत मिल सकती है। इसके अतिरिक्त क्या हो सकता है। इसका चिंतन किया जा रहा है। **-आरके सिंह**, मुख्य उद्यान अधिकारी, नैनीताल

### फल उत्पादकों को फिलहाल कोई राहत की संभावना नहीं

विभागीय अधिकारी बताते हैं कि फल उत्पादकों को दो तरह से राहत मिल सकती है एक माध्यम जिन फल उत्पादकों ने फसल बीमा कराया है उनको राहत का प्रावधान है पर इसमें कंपनी के द्वारा स्थान स्थान पर लगाए गए मौसम टावर की रिपोर्ट पर राहत निर्भर करेगी। बीमा का क्लेम मिलेगा। दूसरा माध्यम 33 प्रतिशत नुकसान या उससे अधिक नुकसान होने पर आपदा के तहत राहत मिल सकती है। पर इसमें क्षेत्र के पटवारी और विभागीय टीम की संयुक्त टीम की रिपोर्ट अनिवार्य है।



## एक नजर

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज हल्द्वानी में

**हल्द्वानी :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर आ रहे है। यह जानकारी देते हुए सीएम के वरिष्ठ निजी सचिव भूपेन्द्र सिंह बसेड़ा ने बताया कि वह 1:20 बजे काशीपुर से प्रस्थान कर 1:35 बजे एफटीएआई हेलीपैड पहुंचेंगे। वह जनपद में वनाग्नि, विद्युत आपूर्ति एवं मोटर मार्गो की अद्यतन स्थिति की समीक्षा एवं स्थलीय निरीक्षण करेंगे। इसके बाद 3:30 बजे एफटीआई हेलीपैड से देहरादून को रवाना होंगे।

### धर्मांतरण एवं प्रतिबंधित मांस परोसे जाने की हो निष्पक्ष जांच

**हल्द्वानी :** स्टूडेंट गार्जियन टीचर वेलफेयर सोसाइटी ने एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपकर कहा कि बीती 28 अप्रैल को नैनीताल रोड स्थित एक निजी स्कूल में धर्मांतरण व प्रतिबंधित मांस परोसे जाने की सूचना मिली थी। इसकी शिकायत पुलिस, प्रशासन से की गई थी। इसके बाद पशु चिकित्साधिकारी व काठगोदाम थानाध्यक्ष ने मांस के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे थे। उन्होंने इस प्रकरण में निष्पक्ष जांच की मांग की। इस दौरान अध्यक्ष पंकज खत्री, जोगेंद्र राणा जोगी, दीपांशु पोखरिया, पवन गुप्ता, भविष्य रावत, गौतम भोला, करन जायसवाल आदि मौजूद रहे।

### 8.18 ग्राम स्मैक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**हल्द्वानी :** पुलिस ने शातिर स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। बनभूलपुरा पुलिस ने चेकिंग के दौरान रेलवे फाटक के पास से एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके पास से 8.18 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अमन सिद्दीकी पुत्र आफताब सिद्दीकी निवासी गफूर बस्ती वार्ड 24 बनभूलपुरा बताया। साथ ही बताया कि वह स्मैक शोएब निवासी गफूर बस्ती बनभूलपुरा से लेकर आया था। जिसे वह पीने के साथ बेचता भी था।

### छोई में पर्यटकों की कार पलटी, पांच घायल

**रामनगर :** छोई क्षेत्र में पर्यटकों की कार अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए। ये लोग हरियाणा से नैनीताल घूमने आए थे। देर रात रामनगर होते हुए वापसी जा रहे थे तभी छोई के पास कार अनियंत्रित होकर पलट गई। कार चालक कन्हैया सहित पांच लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इधर, एसएसआई मनोज नयाल ने बताया कि सभी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से घर भेज दिया गया है।

### अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, डीडीहाट, धारचूला और मुनस्यारी में हुई बारिश, ओले भी गिरे, गर्मी से मिली राहत

# पहाड़ों पर बारिश, हल्द्वानी में बादल छाने से तापमान गिरा

संवाददाता, हल्द्वानी/अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** कुमाऊं मंडल में मौसम बदलने लगा है। पहाड़ों पर बारिश होने से मैदानी इलाकों में बादल छाए रहे। इस वजह से हल्द्वानी समेत आसपास के इलाकों में तापमान में कमी आई है।

बुधवार को हल्द्वानी में हल्के बादल छाए रहे। दोपहर के समय भी बादल छाए रहे। पूरे दिन धूप नहीं निकल पाई। पहाड़ों में हुई बारिश की वजह से हल्द्वानी में गर्म हवाओं से भी राहत मिली। दिन के समय विगत दिनों की अपेक्षा गर्मी कम रही। अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान विगत दिनों की अपेक्षा छह से सात डिग्री सेल्सियस कम रहा है। यही नहीं पहाड़ों में भी चढ़ रहे तापमान में गिरावट आई है। मुक्तेश्वर में अधिकतम तापमान 18.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि यहां दो दिन पहले अधिकतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। बुधवार की देर सांय शहर और आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाएं चलती रहीं।

इधर, पर्वतीय क्षेत्रों की बात करें तो पिथौरागढ़ जिले में जमकर बारिश हुई है। डीडीहाट में 15 मिमी, धारचूला में छह मिमी और मुनस्यारी में नौ मिमी बारिश दर्ज की गई है। बुधवार को अल्मोड़ा में बारिश के साथ ही ओलावृष्टि भी हुई है। बारिश के बाद वनाग्नि भी काफी हद तक शांत हो गई है। अल्मोड़ा जिले में पिछले कुछ माह से बारिश न होने के कारण तापमान 33 डिग्री सेल्सियस पार हो गया था। बारिश के बाद अधिकतम तापमान करीब 23.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। नगर के लोगों को गर्मी से राहत मिली। ठंडी हवाएं चलने से रात के समय अचानक से ठंड बढ़ गई है।

#### कुमाऊं मंडल में बारिश का अलर्ट जारी



**हल्द्वानी :** मौसम विभाग के अनुसार 12 मई तक बारिश का सिलसिला रहेगा। 8 से 12 मई तक कुमाऊं मंडल के अधिकांश स्थानों में बारिश हो सकती है। साथ ही 40 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवाएं भी चल सकतीं हैं। नैनीताल जिले में 11 और 12 मई को तेज बारिश होने का अनुमान जताया गया है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. आरके सिंह के अनुसार अगले कुछ दिनों तक गर्मी से थोड़ी राहत रहेगी। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में 4000 मीटर से ज्यादा ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की भी संभावना जताई है। कुल मिलाकर उष्ण लहर (हीट वेव) झेल रहे उत्तराखंड के लिए आने वाले कुछ दिन राहत भरे रहेंगे।

# कैंसर का इलाज कराने को बना शराब तस्कर

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

#### मामला

- टीपीनगर चौकी पुलिस ने कच्ची शराब के साथ पकड़ा आरोपी
- बोला इलाज के लिए बेचनी पड़ती है शराब

**अमृत विचार :** पुलिस ने कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को पकड़ा तो वह बीमारी का बहाना बनाने लगा। कहने लगा कि उसे कैंसर है और इलाज के लिए पैसे नहीं हैं। कैंसर का इलाज कराने के लिए वह कच्ची शराब बेचता है।

टीपीनगर चौकी प्रभारी दीपक बिष्ट, कांस्टेबल गगनदीप सिंह को गश्त के दौरान कच्ची शराब की तस्करी की सूचना मिली। पुलिस टीम बेलबाबा रामपुर रोड स्थित गुरुद्वारे के पास से जाने वाले मार्ग पर पहुंची तो एक व्यक्ति खाली पड़े खेत में कच्ची शराब बेच रहा था। जिसे टीम ने पकड़ लिया। उसके पास से कच्ची शराब के 66 पाउच बरामद हुए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोहित सिंह पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी बेलबाबा हरिपुर फुटकुंआ बताया और गिड़गिड़ाने लगा। कहने लगा कि उसे लंबे समय से कैंसर है और उसके पास इलाज के लिए पैसे नहीं है। जिसकी वजह से वह कच्ची शराब बेचता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

# नकली सोने पर गोल्ड लोन पास नौ लोगों ने लगाई लाखों की चपत

### केनरा बैंक के साथ हुई धोखाधड़ी, बैंक के अधिकृत सुनार ने आठ लोगों के साथ मिलकर रचा षड्यंत्र

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** सुनार गैंग ने गोल्ड लोन का लाभ लेकर केनरा बैंक को लाखों रुपये की चपत लगा दी। मामला तब खुला जब बैंक के दूसरे अधिकृत सुनार ने गोल्ड लोन में जमा सोने के आभूषणों की जांच की। इन लोगों ने मिलकर बैंक को कुल 10 लाख 90 हजार रुपये की चपत लगाई है। शाखा प्रबंधक की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने सुनार समेत नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

बरेली रोड स्थित केनरा बैंक में संजय पांडे शाखा प्रबंधक हैं। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में उन्होंने कहा कि दुर्गा कॉलोनी धानमिल बरेली रोड निवासी तरुण भारद्वाज पुत्र रमेश कुमार भारद्वाज यहां भारद्वाज ज्वैलर्स के नाम से आभूषण की दुकान चलाता है। बैंक ने सोने की शुद्धता जांच के लिए तरुण भारद्वाज को अधिकृत किया है। आरोप है कि बैंक ने शहर के आठ लोगों को 10 लाख 90 हजार रुपये का गोल्ड लोन दिया था। इसके एवज में ग्राहकों ने अपने आभूषण गिरवी रखे थे। लोन देने से पहले बैंक ने तरुण को उक्त आभूषण शुद्धता जांच के लिए दिए थे। तरुण ने जब इस बात की पुष्टि कर दी कि आभूषण असली सोने के हैं तब बैंक ने लोन पास किया। जिसके बाद बैंक ने गोल्ड लोन पॉलिसी के तहत वार्ड 14 आदर्श कॉलोनी रुद्रपुर ऊधमसिंह नगर निवासी दूसरे अधिकृत ज्वैलर्स रमेश चन्द्र पुत्र राम लुभया से आभूषणों की दोबारा जांच कराई तो पता लगा कि जिन आभूषणों पर उक्त आठ लोगों को लोन दिया गया है, वह नकली हैं। कोतवाल उमेश मलिक ने बताया कि शाखा प्रबंधक की ओर से मिली तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। वहीं शाखा प्रबंधक का कहना है कि भारद्वाज ज्वैलर्स के साथ मिलीभगत कर सोने के नकली आभूषण और फर्जी कागजात के जरिये बैंक से धोखाधड़ी की गई है।




बरेली रोड स्थित केनरा बैंक की शाखा, जिसमें धोखाधड़ी हुई। ● अमृत विचार

#### चपत लगाने वालों में अधिकांश बनभूलपुरा के

बैंक के साथ धोखाधड़ी करने वाला सुनार कोतवाली क्षेत्र का रहने वाला है, जबकि उसके बनभूलपुरा थाना क्षेत्र में व्यापक संबंध हैं। बताया जाता है कि धोखाधड़ी का मुख्य षड्यंत्रकारी सुनार तरुण भारद्वाज ही है। जिन आठ लोगों ने बैंक से गोल्ड लिया उसमें से छह लोग बनभूलपुरा थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इन्हीं में से एक वार्ड 14 इंदिरानगर निवासी मो. इमरान पुत्र मो. हनीफ ने दो बार गोल्ड लोन लिया। पहली बार उसे 110000 रुपये और दूसरी बार में उसने 1,75,000 रुपये लोन लिया।

#### इन्होंने लगाई बैंक को इतने रुपयों की चपत

1- मो. इमरान पुत्र मो. हनीफ निवासी वार्ड 14 इंदिरानगर ने 285000 रुपये का लोन लिया।
2. हरजिन्द्र कौर नरूला पुत्र गुरदीप सिंह निवासी वार्ड नं. 11 पर्वतीय मौहल्ला ने 115000 रुपये का लोन लिया।
3. मजहर आलम पुत्र जहीर हसन निवासी वार्ड 59 गौजाजाली ने 175000 रुपये का लोन लिया।
4. मो. फिरोज पुत्र मो. हनीफ निवासी वार्ड 14 इंदिरानगर ने 60000 रुपये का लोन लिया।
5. यासमीन खानम निवासी लाइन नंबर 9 वार्ड 23 आजादनगर ने 70000 रुपये का लोन लिया।
6. जोया अहमद निवासी वार्ड 59 गौजाजाली ने 150000 रुपये का लोन लिया।
7. दीपक आर्या पुत्र मोहन राम निवासी हीरानगर ने 100000 रुपये का लोन लिया।
8. समी आलम पुत्र बहारे आलम निवासी वारसी कालोनी टनकपुर रोड वार्ड 4 ने 135000 रुपये का लोन लिया।

# अचानक मोटर साइकिल के सामने आई नीलगाय, शिक्षक की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** घर से स्कूल जा रहे शिक्षक की सड़क हादसे में मौत हो गई। उन्हें गंभीर हालत में उपचार के लिए हल्द्वानी के निजी अस्पताल में लाया जा रहा था, तभी रास्ते में उनकी मौत हो गई।



उत्तरांचल कॉलोनी सितारगंज निवासी आशीष शुक्ला (45 वर्ष) सरकारी कंपोजिट विद्यालय गिदौर अमरिया पीलीभीत में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। उनकी पत्नी रीना शुक्ला जीजीआईसी जैंती अल्मोड़ा में शिक्षक हैं। वह यहां पत्नी तथा 14 व 8 साल की बेटियों के साथ रहते थे। परिजनों के अनुसार वह अपनी मोटर साइकिल से स्कूल जा रहे थे तभी रास्ते में उनके सामने एक नीलगाय आ गई। बाइक फिसली तो वह सड़क पर गिर गये और सिर पर पहना हेलमेट टूट गया। जिससे सिर में गंभीर चोटें आ गईं। उन्हें पहले सितारगंज के एक अस्पताल में ले जाया गया। जहां हालत नाजुक होने पर परिजन उन्हें हल्द्वानी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने के लिए निकले। यहां पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

#### छह साल की बच्ची को टेंपो ने मारी टक्कर, मौत

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** परिवार के साथ मंगलवार को विवाह समारोह में जा रही एक छह साल की बच्ची को टेंपो ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गई। उसे इलाज के लिए नैनीताल रोड स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां बुधवार को उसकी मौत हो गई। केनाल रोड निवासी उमेश मेहर मंगलवार को परिवार के साथ पड़ोस में ही एक विवाह समारोह में जा रहे थे। तभी घर के पास ही उनकी बेटी चितरांशी (6 वर्ष) को एक टेंपो ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गई। उसे इलाज के लिए नैनीताल रोड स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

#### छत से गिरकर डेढ़ साल के मासूम की मौत

**रामनगर, अमृत विचार :** भरतपुरी मोहल्ले में मकान की छत से गिरकर डेढ़ साल के बच्चे की मौत हो गई। बच्चे को बचाने के लिए मां ने रामनगर से लेकर काशीपुर के अस्पतालों तक दौड़ लगाई, लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। घटना से परिजनों में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार बागेश्वर में शिक्षक योगेश रावत का यहां भरतपुरी में मकान है। जिस समय घटना हुई उस समय शिक्षक योगेश बागेश्वर गए थे। घर पर उनकी पत्नी दो बच्चों के साथ थी। उनका बड़ा बेटा करीब चार साल का है, जबकि दूसरा डेढ़ साल का गोलू था। मंगलवार की शाम करीब सात बजे बच्चे की मां दीपा किसी कार्य से दूसरी मंजिल की छत पर गई थी। छोटा बेटा गोलू भी उनके साथ था। इसी बीच मां की नजरों से बचकर गोलू छत पर लोहे की रेलिंग पर चढ़ गया और नीचे गिर गया। उसके नीचे गिरने की आवाज सुनकर दीपा के होश उड़ गए। वह तत्काल नीचे पहुंची और गोलू को लेकर परिचित महिला के साथ रामनगर अस्पताल पहुंची, लेकिन सिर पर गहरी चोट लगने पर डॉक्टरों ने उसे हायर सेंटर ले जाने के लिए कहा। दीपा बच्चे को लेकर काशीपुर लेकर गई, लेकिन तब तक उसने दम तोड़ दिया। इस घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी।

# बॉन्डधारी 246 चिकित्सक मिले

संवाददाता, हल्द्वानी

#### अच्छी खबर

- सभी एमबीबीएस चिकित्सकों को तैनाती के लिए चुनाव आयोग से मिली अनुमति



**अमृत विचार :** चिकित्सकों की कमी से जूझ रहे पर्वतीय क्षेत्रों के सरकारी अस्पतालों के लिए अच्छी खबर है। निर्वाचन आयोग की अनुमति के बाद बुधवार को नौ पर्वतीय जिलों के लिए 246 नए एमबीबीएस चिकित्सक मिल गए हैं। स्वास्थ्य महानिदेशालय ने इस वर्ष मार्च में पासआउट हुए बॉन्डधारी चिकित्सकों की सूची सभी नौ जनपदों के मुख्य चिकित्साधिकारियों को तैनाती के लिए सौंप दी है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने विभागीय अधिकारियों को नए चिकित्सकों की तैनाती प्राथमिकता के आधार पर चारधाम यात्रा मार्गों पर पड़ने वाले चिकित्सालयों एवं पर्वतीय क्षेत्रों के स्वास्थ्य केन्द्रों में करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि बॉन्ड व्यवस्था के अंतर्गत गढ़वाल मंडल में 161 तथा कुमाऊं मंडल में 85 डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। इनमें पौड़ी जनपद को 38, टिहरी को 53, चमोली को 30, उत्तरकाशी को 10, रुद्रप्रयाग को 30, पिथौरागढ़ को 27, चम्पावत को 3, अल्मोड़ा को 33 और बागेश्वर को 22 चिकित्सक मिले हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यात्रा मार्गों व पर्वतीय क्षेत्रों में चिकित्सकों की तैनाती करना राज्य सरकार की प्राथमिकता में शामिल है, ताकि स्थानीय स्तर पर लोगों और चारधाम पर आने वाले यात्रियों को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ हो सके। पर्वतीय जिलों में नए चिकित्सकों की तैनाती से चिकित्सकों की कमी की समस्या का काफी हद तक समाधान होगा। पहाड़ों में कई जगह सरकारी अस्पताल चिकित्सक विहीन चल रहे हैं। दुर्गम इलाकों में चिकित्सकों की तैनाती से भी स्वास्थ्य सेवाओं में काफी सुधार होगा।

# दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का कारावास

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

#### कार्रवाई

- दो साल पहले नाबालिग को रेलवे स्टेशन से ले गया था दुष्कर्मी
- तीन माह बाद बाजपुर रेलवे स्टेशन से की गई गिरफ्तारी

**अमृत विचार :** नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में अदालत ने आरोपी को 20 साल का कारावास और 20 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। दो साल पहले दुष्कर्मी 13 साल की पीड़िता को हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से ले गया था।

मामले में पीड़िता की ओर से पैरवी कर रहे एडीजीसी फौजदारी नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि घटना 26 मार्च 2022 की है। चकरपुर बाजपुर ऊधसिंह नगर निवासी करन सिंह पुत्र शिवनाथ हल्द्वानी रेलवे स्टेशन से 13 साल की पीड़िता को अपने साथ ले गया। बाजपुर में किराए के घर में रहने वाले करन ने लोगों को बताया कि पीड़िता उसकी पत्नी है। जहां उसने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया। अगले ही दिन पीड़िता के पिता ने बनभूलपुरा थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। तीन माह बाद पुलिस ने करन को मय पीड़िता के बाजपुर रेलवे स्टेशन से पकड़ लिया। मामले में स्पेशल जज पॉक्सो नंदन सिंह ने करन को दोषी मानते हुए 20 साल का कारावास और 20 साल की सजा सुनाई।

### 30 जून तक रहेंगे बंद गिरिजा मंदिर के कपाट

**रामनगर :** गिरिजा मंदिर के टीले को बचाने के लिए ट्रीटमेंट कार्य 10 मई से शुरू हो जाएगा। निर्माण के दौरान खतरे को देखते हुए 10 से 30 जून तक टीले वाला माता का मुख्य मंदिर पूजा-अर्चना के लिए बंद रहेगा।

एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि गिरिजा मंदिर में टीले के ट्रीटमेंट कार्य के मद्देनजर मंदिर समिति, सिंचाई विभाग और प्रशासन की बैठक में सिंचाई विभाग ने 10 मई से निर्माण कार्य शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। सिंचाई विभाग ने निर्माण के दौरान पत्थर गिरने की आशंका में टीले की 100 मीटर की परिधि में आवाजाही बंद कराने का आग्रह किया। इस पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने भी सहमति जताई है।

# अब कक्षा एक में पूर्व की भांति होंगे प्रवेश

संवाददाता, हल्द्वानी/रामनगर

**अमृत विचार :** राज्य के समस्त विद्यालयों में अब कक्षा एक में पूर्व की भांति प्रवेश होंगे। इस संबंध में राज्य सरकार ने बुधवार को शासनादेश जारी कर दिया है।

शासन ने शिक्षा अधिकार अधिनियम के अंतर्गत एक आदेश जारी किया था, जिसके तहत कक्षा एक में प्रवेश की न्यूनतम आयु सीमा 6 वर्ष निर्धारित की थी। इस नियम के लागू होने से अभिभावकों के लिए अपने बच्चों का स्कूलों में प्रवेश दिलाना बड़ी चुनौती बन गया था। उन्होंने नए नियम में राहत देने की मांग की थी। इस संबंध में बीते मार्च माह में प्रदेश के शिक्षक संगठनों ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री सहित उच्च स्तर पर कक्षा 1 में पूर्व की भांति प्रवेश की मांग की थी। बुधवार को सरकार ने मांग पर कार्रवाई करते हुए पूर्व के आदेश को बदलकर नया आदेश जारी कर दिया है। इधर, उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने नए शासनादेश पर राज्य सरकार और विभागीय अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। राजकीय शिक्षक संघ के अध्यक्ष विवेक पांडे ने कहा कि शासनादेश सराहनीय है, इससे अब उन बच्चों को भी स्कूलों में दाखिला मिल सकेगा, जो उम्र बाध्यता के कारण से प्रवेश नहीं ले पाए थे और घर पर बैठने को मजबूर थे।

#### बैठक

### नगर मजिस्ट्रेट ने निकाय चुनाव को लेकर जनता से की अपील, अधिकारी-कर्मचारियों को दिए निर्देश

# 15 मई तक मतदाता सूची में नाम जुड़वाएं, संशोधन कराएं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** निकाय चुनाव को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने बुधवार को नगर निगम सभागार में चुनाव से जुड़े अधिकारियों, कर्मचारियों, संगणकों एवं सुपरवाइजरों के साथ बैठक की और जरूरी निर्देश दिए।

नगर मजिस्ट्रेट वाजपेयी ने कहा कि नगर निकाय निर्वाचन-2024 की मतदाता सूची में यदि कोई मतदाता अपना नाम जोड़ना, संशोधन कराना चाहता है। मतदाता सूची में दर्ज किसी के नाम पर आपत्ति करना चाहता है। इस संबंध में अपने आवेदन जरूरी दस्तावेजों के साथ 9 से 15 मई तक सुबह 8 से 2 बजे तक संगणक को पेश कर सकता है। ऐसी आपत्ति एवं समस्याओं के समाधान के लिए नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में संगणकों की तैनाती कर दी गई है, इन्हें वार्डों की मतदाता सूची एवं प्रपत्र उपलब्ध कराए गए हैं। मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि ऐसे मतदाता जिनका नाम, पता, वार्ड नंबर, आयु गलत दर्ज हुई है, एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से संशोधन करा लें। ऐसे नव युवक/युवतियां जिनकी आयु 1 मई, 2024 को 18 वर्ष पूरी हो गई है और जिनका नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ हो, वे भी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करा लें और मतदान प्रक्रिया में अवश्य भाग लें। उन्होंने कर्मचारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ दायित्वों को पूरा करने के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार सचिन कुमार आदि मौजूद रहे। इधर, नगर निकाय चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद हो गया है।



नगर निगम सभागार में बैठक के दौरान अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश देते नगर मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी। ● अमृत विचार

# नाबालिग पत्नी लापता अब धमका रहा दामाद

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

#### गुहार

- ससुरालियों ने दामाद के खिलाफ दी कोतवाली पुलिस को तहरीर
- सास-ससुर ने दामाद पर लगाया बेटी के साथ मारपीट का आरोप

**अमृत विचार :** एक युवक की नाबालिग पत्नी लापता हो गई। अब वह अपने सास-ससुर को धमका रहा है। ससुरालियों ने दामाद पर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर सौंपी है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है।

राजपुरा पड़ाव निवासी दंपति ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि करीब छह माह पहले 16 क्वाटर टनकपुर रोड निवासी युवक ने उनकी नाबालिग बेटी से बहला-फुसला कर शादी कर ली थी। शादी के बाद उसने बेटी को घर में कैद कर लिया और उससे मारपीट करने लगा। वह उसे मायके भी नहीं जाने देता और कोई मिलने जाता तो उसे भी मारपीट कर भगा देता था। बीती 6 मई को अचानक उनकी बेटी लापता हो गई। जिसके बाद आरोपी युवक उन्हें घर आकर धमकाने और जान से मारने की धमकी देने लगा। माता-पिता ने बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका जाहिर की है।

### चिकित्सक पर अभद्रता करने का आरोप लगाया

**ज्योलीकोट:** जनप्रतिनिधियों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलीकोट में तैनात चिकित्सक को हटाने की मांग की है। सरियाताल के ग्राम प्रधान हरगोविंद सिंह रावत ने आरोप लगाया कि वह अपने पिता राम सिंह को लेकर पीएचसी गए थे। तब डॉक्टर ने पिता के साथ अभद्रता की। आरोप लगाया कि डॉक्टर देरी से आते हैं और निर्धारित समय 1 बजे से पहले ही चले जाते हैं। उन्होंने तत्काल डॉक्टर को अन्यत्र भेजने की मांग की। साथ ही वह धरने पर बैठ गए। इसके बाद विधायक सरिता आर्य ने उनसे फोन पर वार्ता कर समझा कर शांत कराया और धरना स्थगित कराया। इस दौरान बेलुवाखान की ग्राम प्रधान जानकी देवी समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


जिला विकास प्राधिकारण के सचिव को ज्ञापन सौंपते भाजपा कार्यकर्ता।

### अवैध निर्माण रुकवाने के लिए सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल :** शहर में लगातार हो रहे अवैध निर्माण के विरोध में भाजपाई जिला विकास प्राधिकरण पहुंच गए। भाजपाइयों ने विशेष समुदाय पर नैनीताल में कई स्थानों पर कब्जा कर अवैध निर्माण करने का आरोप लगाया। उन्होंने अवैध निर्माणों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व अध्यक्ष नितिन कार्की ने जिला विकास प्राधिकारण के सचिव को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि नैनीताल में विशेष समुदाय की ओर से कई जगह भूमि में अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किया जा रहा है, जिनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कि जा रही है, जबकि स्थानीय लोग मरम्मत का काम भी करते हैं तो विभाग की ओर से नोटिस देकर कार्रवाई की जाती है। उन्होंने कहा कि लैंड जिहाद के नाम पर कब्जा कर निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में मनोज जोशी, कुनाल वेदी, संजय, भुवन जोशी, राहुल, गौरव हार्पर, मयंक, वासु वेदी व कुंदन सिंह शामिल थे।

### मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने को शिविर 7 को

**नैनीताल :** उत्तराखंड में होने वाले निकाय चुनाव को लेकर चुनाव आयोग भी पूरी तरह से तैयार हो चुका है। निकाय चुनाव के लिए अंतिम रूप से मतदाता सूची बनाई जा रही है। जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी वंदना सिंह ने बताया कि जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में आने से रह गए हैं, उनके लिए नगर निगम, नगर पंचायत और नगर पालिका स्तर पर सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जाएगा। जहां पर वार्ड स्तर में छूटे हुए लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाएगा। मतदाता सूची में मतदाताओं के नाम में भी त्रुटियों को भी ठीक किया जाएगा।

### मतदाता सूची देखने आज से लगेगा हर वार्ड में शिविर

**रामनगर :** नगर निकाय मतदाता सूची का अवलोकन किए किए जाने हेतु गुरुवार से प्रत्येक वार्ड में शिविर लगेगा। यह जानकारी भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने देते हुए बताया कि जिलाधिकारी से उनकी वार्ता हो चुकी है। भाजपा नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर निकाय चुनाव की मतदाता सूची में नाम जोड़ने, आपत्ति लगाने के लिए प्रत्येक वार्ड में गुरुवार से शिविर लगाने की मांग की थी। नगर अध्यक्ष मदन जोशी ने बताया कि शक्ति नगर, रहमत नगर पूछड़ी, आदर्श नगर शंकरपुर में कई लोगों के खताड़ी गूलरघट्टी में भी मतदाता सूची में नाम हैं।

### पानी की खोज में गांव पहुंचे चीतल को कुत्तों से बचाया


चीतल के साथ मौजूद ग्रामीण

**रामनगर :** कॉर्बेट पार्क के ढेला रेंज से सटे बासीटीला गांव में बुधवार को चीतल आ गया। पानी की तलाश कर रहे चीतल को कुत्तों ने घेर लिया और नोंचने लगे। चीतल को कुत्तों से घिरा देख मौके पर ग्रामीण पहुंच गए। उन्होंने कुत्तों को भगाकर उसकी जान बचाई और पानी पिलाकर सीटीआर की टीम को सौंप दिया। इस बीच गांव के कृपाल सिंह, रमेश जोशी, पुष्कर पाल सिंह, बबलू ने कुत्तों को भगाकर चीतल की जान बचाई। चीतल की गर्दन में कुत्तों के नोंचने के निशान थे। ग्रामीणों ने चीतल को बांधकर पानी पिलाया और कॉर्बेट टाइगर रिजर्व को सूचना दी। वन दरोगा सिद्धार्थ रावत ने अपनी टीम के साथ चीतल को गांव से ले गए और उसका उपचार करने के बाद उसे जंगल में छोड़ दिया।


ग्रामीणों के साथ बैठक करते बिजरानी क्षेत्र रेंज के कार्यालय प्रभारी।

### वन्य जीवों के संरक्षण में ग्रामीणों का अहम योगदान

**रामनगर :** कार्बेट टाइगर रिजर्व के बिजरानी क्षेत्र रेंज कार्यालय प्रभारी प्रमोद सत्यवली ने कहा कि वन्य जीवों के संरक्षण में ग्रामीणों की अहम भूमिका रही है, इसलिए वर्तमान में जंगलों में लगने वाली आग को रोकने के लिए सभी सतर्क रहें, क्योंकि वन सुरिक्षत रहेंगे तो वन्य जीवों के साथ-साथ आम आदमी का जीवन भी सुरक्षित रहेगा। उन्होंने बताया कि इस संदर्भ में ध्वनि विस्तारक यंत्रों से भी सबको अवगत कराया गया है। इसके अलावा रिंगोड़ा चौकी में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान नवीन चन्द्र पपनै, वन दरोगा, मानसी अरोरा, वन दरोगा, मोहन चन्द्र उप्रेती, वन आरक्षी, रितेश त्रिपाठी, वन आरक्षी तथा स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### 11 मई के बाद होगी आवेदन एवं आपत्तियों की जांच

**लालकुआं :** स्थानीय निकाय चुनाव को देखते हुए नगर पंचायत लालकुआं की वार्ड वार निर्वाचक नामावली का निशुल्क निरीक्षण करने की प्रक्रिया वर्तमान जारी है। अब तक तीन दर्जन से अधिक लोगों ने वोट बनवाने के लिए नगर पंचायत में आवेदन भी कर दिए हैं। यह प्रक्रिया 11 मई तक जारी रहेगी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी राहुल कुमार सिंह ने बताया कि स्थानीय निकाय चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लालकुआं नगर पंचायत कार्यालय में निर्वाचक नामावली स्थानीय मतदाताओं के निरीक्षण के लिए निशुल्क रखी गई है, 11 मई के बाद मतदाताओं द्वारा किए गए आवेदन एवं आपत्तियों की जांच होगी।

# आधा दर्जन निजी स्कूलों के बीच एक सफल सरकारी विद्यालय

## तीन किलोमीटर दूर से यहां पढ़ने के लिए आते हैं छात्र, स्कूल में पढ़ाई के साथ छात्रों को रचनात्मक कार्यों से भी जोड़ा जाता है

अमृत विचार पड़ताल

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार:** आसपास दर्जनों निजी स्कूलों के बावजूद मुखानी स्थित सरकारी विद्यालय में बच्चों की संख्या सैकड़ों में है। यहां पढ़ने के लिए छात्र 3 किलोमीटर दूर तक से आते हैं। यहां के निकले छात्रों ने हाल ही में बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त किए हैं। स्कूल में पढ़ाई के साथ ही छात्रों को रचनात्मक कार्यों से भी जोड़ा जाता है।

मुखानी में एक ही परिसर में एक प्राथमिक विद्यालय, एक उच्च प्राथमिक विद्यालय और तीन आंगनबाड़ी केंद्र संचालित होते हैं। यहां आसपास आधा दर्जन निजी स्कूल हैं, इसके बावजूद इन सरकारी स्कूलों में बच्चों की अच्छी खासी संख्या है। यहां तीन किलोमीटर दूर तक से बच्चे पढ़ने आते हैं, जबकि उनके घरों से छड़ायल व देवलचौड़ स्थित सरकारी स्कूल काफी नजदीक हैं। कई अभिभावकों ने बताया कि यहां पढ़ाई बहुत अच्छी होती है। राजकीय प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य सीमा चौधरी ने बताया कि वर्तमान में स्कूल में कुल 154 बच्चे पढ़ते हैं, जिन्हें पढ़ाने के लिए यहां वर्तमान में 7 शिक्षक तैनात हैं। हालांकि, पिछले साल तक यहां 193 बच्चे थे, लेकिन कक्षा एक में छह साल की उम्र बाध्यता के कारण इस साल बच्चों की संख्या कम हुई है। कक्षा 6 से 8 तक संचालित होने वाले राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में वर्तमान में 100 बच्चे हैं और प्रधानाचार्य सहित यहां पांच शिक्षक तैनात हैं। स्कूल परिसर में साफ-सफाई नजर आई। प्रत्येक कक्षा में कूड़ादान रखे गए हैं। बच्चों के पेयजल के लिए स्वच्छ जल रखा गया है। सभी कक्षाओं में तीन-तीन पंखे लगे हैं। छात्रों के लिए फर्नीचर की भी समुचित व्यवस्था है। शौचालय आदि भी साफ-सुथरे दिखे। उच्च प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाचार्य कुसुम लता जलाल ने बताया कि समाज के लोग भी स्कूल को हरसंभव मदद करते रहते हैं। कहा कि एक अभिभावक ने छात्रों के लिए ठंडे पेयजल के लिए स्कूल में मिट्टी का घड़ा लगाने की अनुमति मांगी है।


राजकीय प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को कक्षा में पढ़ाती अध्यापिका। ● अमृत विचार


मुखानी स्थित विद्यालय परिसर में बना आंगनबाड़ी केंद्र। ● अमृत विचार

> स्कूल में किसी भी बच्चे पर किसी तरह का कोई दबाव नहीं दिया जाता है। बच्चों को उनकी प्रतिभा को उभारने के लिए प्रेरित किया जाता है। छात्र समाज के लिए उपयोगी और अच्छे नागरिक बनें। – **कुसुम लता जलाल**, प्रधानाचार्य, राप्रावि, मुखानी

### व्यावहारिक ज्ञान के लिए किया जाता है प्रेरित

शिक्षिका डॉ. मंजू पांडे ने बताया कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के अलावा व्यावहारिक ज्ञान व रचनात्मक कार्यों के प्रति भी प्रेरित किया जाता है। छात्रों में व्यावहारिकता के लिए बच्चों को पृथ्वी, जल, आकाश, वायु व अग्नि पांच भागों व रंगों में बांटा गया है। प्रतिदिन के हिसाब से अलग-अलग ग्रुप द्वारा प्रार्थना व भोजन कराने, पौधों को पानी देने आदि का काम किया जाता है। प्रत्येक माह के अंतिम शनिवार को बस्ता मुक्त दिवस मनाया जाता और आधे दिन खेल व अन्य गतिविधियां आयोजित की जाती हैं।

### विद्यालय में खेल मैदान नहीं

मुखानी स्थित परिसर में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक विद्यालय व तीन आंगनबाड़ी चलते हैं। मैदान के नाम पर आंगन की तरह छोटा प्रागंण है, जोकि छात्र संख्या की दृष्टि में काफी कम है। सभी संस्थान सामंजस्य के साथ एक की परिसर में संचालित हो रहे हैं। यह प्रांगण प्रार्थना आदि के लिए भी छोटा पड़ता है। इसके बाद भी यहां के बच्चे खेलकूद स्पर्धाओं में हिस्सा लेते हैं। शिक्षकों ने बताया कि स्कूल के कई वर्तमान व पूर्व छात्र दौड़, खो-खो, कबड्डी आदि में जिला, राज्य व राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन कर चुके हैं, लेकिन खेल मैदान की कमी तो अखरती है।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर वसूला 15 हजार जुर्माना

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** खैरना पुलिस की टीम ने विशेष चैकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के ताबड़तोड़ चालान काट डाले। चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार के अनुसार अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

खैरना पुलिस की टीम ने चौकी प्रभारी धर्मेंद्र कुमार की अगुवाई में हाईवे पर छड़ा बाजार के समीप विशेष चैकिंग अभियान चलाया। यातायात नियमों का उल्लंघन कर छोटे बड़े वाहन चालकों पर शिंकजा कस दिया गया। तेज रफ्तार, बगैर कागजात, ओवरलोड वाहन दौड़ा रहे वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस टीम ने 25 छोटे बड़े वाहन चालकों का चालन कर साढ़े बारह हजार रुपये वसूला जबकि शांति व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों पर भी कार्रवाई कर ढाई हजार रुपये जुर्माना लगाया गया पुलिस ने दो कोर्ट के भी चालान किए। एकाएक चले पुलिस के अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप मचा रहा।

## एसटीएच के बाहर से बाइक चोरी

**हल्द्वानी :** डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय चिकित्सालय (एसटीएच) के बाहर से एक बाइक चोरी हो गई। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीलांचल कॉलोनी फेज 5 डहरिया निवासी दीक्षित जोशी पुत्र हरीश चंद्र जोशी ने पुलिस को बताया कि वह बीती 7 मई की सुबह चिकित्सक को दिखाने के लिए डॉ. सुशीला तिवारी अस्पताल गए थे। उन्होंने अपनी मोटर साइकिल यूके 04 एसी 9447 अस्पताल के बाहर गेट नंबर दो पर खड़ी कर दी थी। दोपहर करीब डेढ़ बजे जब वह अस्पताल से बाहर आये तो मोटर साइकिल गायब थी।

## अवैध खनन में लिप्त वाहनों से वसूला 5 करोड़ से अधिक राजस्व

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** कोसी दाबका नदियों में खनन भले ही वन विभाग के लुकाछुपी का खेल खेलते रहे हो मगर वन कर्मियों द्वारा भी माफिया के खिलाफ अभियान लगातार जारी है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग की बात करे तो बीते दो सालों में उसने पकड़े गए वाहनों से पांच करोड़ से भी अधिक का राजस्व प्राप्त किया है जबकि इन दो सालों में 45 वाहनों को राज्य की संपत्ति घोषित किया है। अगर 2022-23 के आंकड़ों पर गौर करें तो जब्त किए गए 309 वाहनों से 2,40,95,000 रुपये का प्रतिकर वसूल करने में महकमा कामयाब रहा। जबकि 2023-24 में 369 जब्त किए गए वाहनों से 2,97,80,000 रुपये का प्रतिकर वसूला गया।

दो सालों में कुल 5,38,75,000 रुपया प्रतिकर वसूला गया। इसकेअलावा इन दो सालों में 45 वाहनों को सरकारी सम्पत्ति घोषित किया गया। जिसमें से 2022-23 में 24 और 2023-24 में 21 वाहन सरकारी संपत्ति घोषित किए गए। इन सबके बावजूद खनन माफिया नदियों में अवैध खनन करने से बाज नहीं आते।



> नदियों में अवैध खनन को रोकने के लिए वनकर्मी दिन रात एक किए है। रात को नदियों के अलावा हाईवे पर बनी चैक पोस्टो पर छापेमारी भी की जा रही है। कई बार वन कर्मियों पर हमला भी हो जाया करता है लेकिन इन सबके बावजूद जाबांज वन कर्मी मुस्तैदी से माफिया का मुकाबला करते हैं। अवैध खनन में लिप्त वाहनों को किसी भी हालत में छोड़ा नहीं जाएगा। –**प्रकाश चंद्र आर्य**, प्रभागीय वनाधिकारी, तराई पश्चिमी वन प्रभाग, रामनगर

## यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग

**नैनीताल:** बीडी पांडे अस्पताल चीना बाबा मार्ग वन-वे होने के बाद भी दोनों तरफ से वाहनों की आवाजाही हो रही है। जिससे यातायात व्यवस्था बिगड़ रही है। भाजपाइयों ने डीआईजी को ज्ञापन सौंपकर यातायात व्यवस्था सही करने की मांग की।

भाजपा के मंडल अध्यक्ष आनंद बिष्ट ने नेतृत्व में भाजपाइयों ने बुधवार को नैनीताल में डीआईजी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि बीडी पांडे अस्पताल से मोहन को चौराहे व चीना बाबा मंदिर तक वन वे होने के बावजूद भी सड़क में दोनों ओर से वाहनों का आवागमन हो रहा है। साथ ही जगह जगह सड़क किनारे अवैध रूप से वाहन पार्क किए जा रहे हैं, जिससे राहगीरों व स्कूली बच्चों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार हादसे हो चुके हैं। ज्ञापन देने वालों में भूपेंद्र सिंह बिष्ट, अरविंद पडियार, मुन्ना लाल, शैलेश बिष्ट आदि शामिल रहे।


ग्रामीणों से जानकारी लेता दिल्ली से आया दल। ● अमृत विचार

## दिल्ली से आए दल ने स्वरोजगार योजना को परखा

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** दिल्ली से आए 20 सदस्यीय दल ने कार्बेट नेशनल पार्क के अंतर्गत स्थानीय ग्रामीणों की ओर से स्वरोजगार से सम्बंधित जानकारियों का अवलोकन किया। इस दल में सम्मिलित कार्यकारी निदेशक (आईडब्ल्यूडब्ल्यूएजीई) राधा चिल्लपा तथा कार्यक्रम प्रबन्धक श्रुति कुट्टी समेत 18 सदस्यों का स्वागत डॉ. धीरज पाण्डेय निदेशक कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा किया गया।

निदेशक की ओर से सभी अतिथियों को कार्बेट टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत वन एवं वन्यजीवों के विविध संरक्षण कार्यक्रमों, पर्यटन, प्रशासन एवं कार्बेट टाइगर रिजर्व की विविध ईको विकास समितियों के अन्तर्गत चलाये जा रहे स्वरोजगार कार्यक्रमों यथा-बेकरी उत्पादों का निर्माण आदि की जानकारी दी। इसके बाद डॉ. शालिनी जोशी, उप-प्रभागीय वनाधिकारी कालागढ़ कार्बेट टाइगर रिजर्व की ओर से सावल्दे स्थित बेकरी यूनिट का निरीक्षण कराया गया। इस दौरान भानुप्रकाश हर्बोला, वन क्षेत्राधिकारी ढेला, कमल रावत अध्यक्ष ईडीसी सावल्दे पूर्वी, असलम वन आरक्षी एवं महिला स्वयं सहायता समूह के सदस्य शारदा देवी, दीपा देवी, हेमा देवी एवं हंसा देवी उपस्थित रहे।

## अधिग्रहीत भूमि पर बनेगा रेलवे ओवरब्रिज अतिरिक्त पर नहीं

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** प्रशासन व राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने बरेली रोड पर प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज का स्थलीय निरीक्षण किया। साथ ही रेलवे ओवर ब्रिज के लिए अधिग्रहीत भूमि की पैमाइश की और निश्चित किया कि अधिग्रहीत भूमि से अतिरिक्त भूमि पर निर्माण नहीं किया जा रहा है।

तहसीलदार सचिन कुमार ने बताया कि क्षेत्रवासियों ने आपत्ति जताई थी कि इंदिरानगर-शनि बाजार-मंडी में प्रस्तावित रेलवे ओवर ब्रिज में अतिरिक्त भूमि अधिग्रहीत की गई है। इसी क्रम में बुधवार को तहसीलदार सचिन कुमार के नेतृत्व में एनएचएआई की टीम मौके पर पहुंची। पड़ताल में पता चला कि रेलवे ने कुल 45 मीटर भूमि अधिग्रहीत की थी। तब ओवर ब्रिज का जो डिजाइन बनाया था उसमें दोनों तरफ लगभग 4 से 5 मीटर सड़क शेष बच रही थी। रेलवे ने डिजाइन में संशोधन कर दिया। इससे अब सिर्फ 1-2 मीटर ही भूमि बच रही है। रेलवे ओवर ब्रिज में अतिरिक्त नहीं नियमानुसार ही भूमि ली गई है।


प्रवेश प्रारम्भ

बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली

फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
- बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
- बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
- एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
- मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
- बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)

रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
- डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
- डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
- सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)

For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202), E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)


निकाय चुनाव | 34 साल से रामनगर नगर पालिका अध्यक्ष पद पर ओबीसी प्रतिनिधि ही काबिज, कयासबाजी शुरू

# पालिकाध्यक्ष पद के दावेदारों के लिए आरक्षण बना पहेली

विनोद पपनै, रामनगर

**अमृत विचार :** पालिका परिषद के चुनाव निकट आते ही दावेदारों ने जोर आजमाइश शुरू कर दी है। खासकर, भाजपा खेमे में चुनाव को लेकर ज्यादा दिलचस्पी देखी जा रही है, लेकिन सीटों के आरक्षण की पहेली ने दावेदारों की धुकधुकी बड़ा दी है, इसलिए कोई भी अभी ज्यादा तेजी नहीं दिखा रहा है, हालांकि सीटों के परिसीमन और वोटर लिस्ट के अंतिम रूप में आने के बाद ही आरक्षण का स्वरूप निर्धारित होगा, लेकिन विगत बार इस सीट के ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षित होने के कारण सामान्य वर्ग के लिए खुला होने की उम्मीद की जा रही है। भाजपा में सामान्य वर्ग की सीट के साथ ही आरक्षित वर्ग के लिए भी दावेदारों के नाम संगठन के पास चले गए हैं और इनपर मंथन शुरू हो गया है। इस बीच सीट को सामान्य रखने या आरक्षित होने को लेकर भी कयासबाजी शुरू हो गई है। ऐसे में संभावित उम्मीदवार कोई भी अगला कदम उठाने से हिचक रहे हैं। इस बीच भारतीय जनता पार्टी ने वोट बनने के लिए मिले समय का इस्तेमाल करके अपने प्रभाव वाले इलाकों में संगठन को वोटर लिस्ट में सुधार करने पर लगाया हुआ है।

**भाजपा में दावेदारों ने किया आवेदन :** भाजपा में सामान्य श्रेणी के लिए गणेश रावत, नरेंद्र शर्मा, भूपेंद्र खाती, सत्यप्रकाश शर्मा, रुचि गिरी शर्मा, भागीरथ लाल चौधरी, अमिता लोहनी आदि ने आवेदन किया है, पार्टी नगर मंडल प्रभारी विनीत अग्रवाल ने बताया कि दावेदार सीधे जिलाध्यक्ष के पास भी अपनी दावेदारी कर सकते हैं।

### अभी तक नहीं बन पाया सामान्य श्रेणी का कोई अध्यक्ष

जब से पालिका अध्यक्ष की सीट पर आम जनता से सीधे मतदान शुरू हुआ है, तब से आज तक रामनगर में सामान्य श्रेणी का कोई भी नेता पलीकाध्यक्ष नहीं बन पाया है। भले ही सीट सामान्य क्यों न रही हो तब भी सामान्य श्रेणी का कोई व्यक्ति चेयरमैन नहीं बन पाया। विगत चौतीस वर्षों में दो परिवारों ने ही पालिका अध्यक्ष की कुर्सी पर कब्जा बरकरार रखा है, चाहे सीट सामान्य रही हो या आरक्षित। वर्ष 1988 में मोहम्मद अकरम पहली बार चेयरमैन बने, उसके बाद 1996 में भगीरथ लाल चौधरी चुनाव जीते, वर्ष 2003 में उनकी पत्नी ने उर्मिला चौधरी चुनाव जीती। उसके बाद वर्ष 2008 .2013 और 2018 में अकरम फिर से पालिका अध्यक्ष पद पर कार्यरत रहे। दीगर बात है कि सामान्य वर्ग में भी यही जीतते रहे और पार्टियां भी कमोवेश उन्हीं पर भरोसा करती रही।

### कांग्रेस में भी कम नहीं हैं दावेदार

कांग्रेस पार्टी से निवर्तमान पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अकरम के फिर से लड़ने के कयास जोरों पर है, लेकिन सामान्य सीट होने की दशा में निवर्तमान सभासद तनुज दुर्गापाल, कांग्रेस नगर अध्यक्ष भुबन शर्मा, हरिप्रिया सती, ताइफ खान आदि के भी चुनाव में दावेदारी किए जाने की चर्चा भी आम है। इसके अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में भुबन सिंह डंगवाल के भी मैदान में ताल ठोकने की उम्मीदें की जा रही है।

## ग्रामीणों ने डीएम से की कार्रवाई की मांग

**नैनीताल:** नैनीताल के ओखलकांडा ब्लाक के भीड़ापानी महतोली नाई मोटर मार्ग में ग्रामीणों ने अनियमितताओं का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंप मामले में कार्रवाई की मांग की है। बुधवार को ग्राम नाई के सामाजिक कार्यकर्ता कुंदन सिंह ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि वर्ष 2001 में भीड़ापानी नाई मोटरमार्ग का कार्य स्वीकृत हुआ था। पीएमजीएसवाई काठगोदाम की ओर से सड़क में डामरीकरण का कार्य कराया गया था, जिसकी गुणवत्ता खराब होने के चलते डामर उखड़ गया, जिसके बाद 2023 में भी सड़क में डामरीकरण किया गया लेकिन वह भी जगह जगह से उखड़ने लगा है, जिससे ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने कार्य की जांच कर सड़क का कार्य सही कराने की मांग की।

# वार्ड 56 : कॉलोनियों में सड़कें बदहाल, स्ट्रीट लाइटें खराब

**मानपुर पूरब वार्ड का हाल:** एक दिन छोड़कर आती है कूड़ा गाड़ी, सफाई कर्मी महीनों तक नहीं आते, मुख्य व आंतरिक सड़कें हैं खराब हालत में

वार्ड परिक्रमा

**जनसंख्याः 07 हजार 500 | मतदाताः 05 हजार 550**

**मुख्य कॉलोनियां :** देवलचौड़, पालम सिटी, जीतपुर नेगी, प्रेमनगर और महादेव एनक्लेव आदि।

संवाददाता, हल्द्वानी


देवलचौड़ में नाली के किनारे उगी घास।


महादेव एनक्लेव में क्षतिग्रस्त सड़क।


देवलचौड़ में टूटी सड़क और बदहाल नाली।

**अमृत विचार :** मानपुर पूरब वार्ड 56 के नगर निगम में शामिल होने के बाद पिछले पांच सालों में कई विकास कार्य हुए हैं, लेकिन अब भी कई कॉलोनियों की सड़कें जीर्णशीर्ण हैं। कई क्षेत्रों में नालियों का निर्माण नहीं हो पाया है। कहीं स्ट्रीट लाइटें अब भी खराब पड़ी हैं।

ग्रामीण क्षेत्र से नगर निगम में शामिल होने के बाद वार्ड 56 के ज्यादातर लोग खुश हैं। लोगों ने बताया कि वार्ड में एक दिन छोड़कर नगर निगम की कूड़ा गाड़ी आती है। पूर्व में साफ-सफाई के लिए नगर निगम के कर्मचारी नियमित आते थे, लेकिन अब महीनों तक नहीं आते हैं। वृंद्धावन कॉलोनी और जीतपुर नेगी में कुछ क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइटें लगी हैं, जबकि अन्य क्षेत्रों में लोग आज भी अंधेरे में आते-जाते हैं। वेद बंधु विहार में भी कुछ जगहों पर स्ट्रीट लाइटें लगी हैं। पूर्व में कई कॉलोनियों में लोगों को पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध नहीं होता था, लेकिन नई पेयजल लाइन बिछने के बाद अब नियमित रूप से पानी आता है। वार्ड में कई सड़कों का निर्माण हुआ है, लेकिन अब भी कई कॉलोनियों की मुख्य व आंतरिक सड़कें खराब हालात में हैं। शिव विहार के लोग दशकों से खराब सड़क पर चलने को विवश थे, नगर निगम की ओर से वहां अब सड़क बना दी गई है। मधुवन विहार, मां कालिका, ग्रीन आदि कॉलोनियों में कई आंतरिक मार्गों की स्थिति खराब है। देवलचौड़, मानपुर पश्चिम में कई कॉलोनियों में घरों के बाहर नालियां नहीं बनी हैं। निवर्तमान पार्षद राजू नेगी ने बताया कि वार्ड में विधायक निधि व नगर निगम के जरिए सड़कों का निर्माण, स्ट्रीट लाइट आदि लगाई गई है।

## लोगों से बातचीत


वृंद्धावन कॉलोनी में पर्याप्त मात्रा में स्ट्रीट लाइटें नहीं लगी हैं। नगर निगम के ट्रोल फ्री नंबर पर बार-बार शिकायत के बाद भी समाधान नहीं होता है।
– प्रमोद बिष्ट


नगर निगम में शामिल होने का लाभ हुआ है। स्ट्रीट लाइटें लगी हैं और कूड़ा भी उठने लगा है। मगर कूड़ा उठाने वाली गाड़ी प्रतिदिन नहीं आती है।
– साधना गुप्ता


महादेव एनक्लेव में सड़क का सात माह पूर्व शिलान्यास होने के बाद भी सड़क बननी शुरू नहीं हुई है, जिससे लोगों को काफी दिक्कतें होती है।
– वंदना शर्मा


वेद बंधु विहार की सड़क सालों से खराब है, लेकिन आज तक निर्माण नहीं हो पाया। इससे काफी परेशानी है। अब लोग स्वयं से इसकी मरम्मत कर रहे हैं।
– नीमा देवी


पिछले पांच सालों में वार्ड में काफी काम हुए हैं। कई कॉलोनियों में नाली नहीं होने से बरसात में जलभराव की समस्या होती है। निकलने में काफी परेशानी होती है।
– विनोद चंद्र गुरुरानी


कूड़ा उठाने वाली गाड़ी एक दिन छोड़कर आती है, इसलिए कॉलोनी के बाहर डस्टबिन लगाया जाना चाहिए। क्षेत्र में कई जगहों पर लो-वोल्टेज रहती है।
– रघुवीर सिंह

## सार-संक्षेप

### कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के सचिव नैनीताल पहुंचे

**हल्द्वानी :** कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के सचिव दीपक कुमार 9 मई को जनपद भ्रमण पर रहेंगे। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी पीआर चौहान ने बताया कि सचिव दीपक कुमार बुधवार की शाम को 5 :30 बजे रुद्रपुर से कार से 7 :30 बजे नैनीताल पहुंचे। वह गुरुवार को नैनीताल सभागार में मंडल के जिला मुख्यालय में अधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। दोपहर 3 बजे वनाग्नि प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और सायं 4 बजे हरिद्वार को प्रस्थान करेंगे।

### खाद्य विभाग ने मसालों को जांच के लिए भेजा

**हल्द्वानी :** खाद्य सुरक्षा विभाग ने मसालों के नमूने लेकर उन्हें जांच के लिए भेजा है। बुधवार को विभाग की टीम ने गौलापार में मसाले बनाने वाली दो फर्मों पर छापेमारी की। दोनों ही फर्मा से मसालों के नमूने भरे गए। जिन्हें जांच के लिए भेजा गया है। खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन के अभिहित अधिकारी नैनीताल संजय कुमार ने बताया कि मसालों की जांच आगे भी की जाएगी। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी कैलाश चंद्र टम्टा भी मौजूद रहे।

### तीन क्षेत्रों में नलकूप खराब होने से पानी का संकट

**हल्द्वानी :** गर्मी के मौसम में नलकूप खराब होने से पानी का संकट बरकरार है। बुधवार को बसंतपुर, जयपुर पड़लिया और पदमपुर के नलकूप खराब रहे। नलकूप खराब होने से करीब 15 हजार की आबादी पर पानी का संकट छा गया। गर्मी के मौसम में लोग पेयजल का इंतजाम करने के लिए तरसते रहे। साथ ही इन क्षेत्रों में पानी के टैंकर भी दौड़ते रहे। इधर, छड़ायल नयाबाद, किशनपुर और बच्चीनगर में नलकूपों की मरम्मत हो गई है।

### पिथौरागढ़ के युवक ने जहर खाकर जान दी

**हल्द्वानी :** पिथौरागढ़ निवासी एक युवक ने जहर खाकर जान दे दी। पुलिस के अनुसार तल्लीसाह गैठखानी पिथौरागढ़ निवासी प्रकाश चंद्र (35 वर्ष) ने शनिवार की शाम को संदिग्ध परिस्थिति में विषैला पदार्थ गटक लिया। परिजन उसे पहले पिथौरागढ़ जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे एसटीएच हल्द्वानी रेफर कर दिया। बुधवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### रेलवे स्टेशन में यात्री की जेब से 23 हजार रुपये चोरी

**हल्द्वानी :** काठगोदाम रेलवे स्टेशन में एक बुजुर्ग यात्री की जेब से शातिरों ने हजारों की नगदी पार कर दी। जीआरपी ने मामला दर्ज कर शातिरों की तलाश शुरू कर दी है। जीआरपी को दी तहरीर में कृपाल आश्रम विजय नगर नई दिल्ली निवासी मनोहर लाल पुत्र स्व. गोपाल दास ने लिखा कि वह सीजीए कार्यालय दिल्ली से सीजीए के सलाहकार से पद से सेवानिवृत्त हैं। 29 अप्रैल को उन्हें शताब्दी एक्सप्रेस से दिल्ली जाना था। वह काठगोदाम रेलवे स्टेशन में एसी लाउंज के काउंटर पर पहुंचे। तभी दो लोगों ने उन्हें बातों में उलझाया और जेब में रखी 23 हजार रूपए की नगदी पार कर दी।

# सड़क की गुणवत्ता खराब, नाराजगी

संवाददाता, हल्द्वानी


बिष्ट धड़ा, बिठोरिया पश्चिम में सड़क की खराब गुणवत्ता से लोग नाराज।

**अमृत विचार :** नगर निगम से अनुमति लेने के कई महीनों बाद लोक निर्माण विभाग ने सड़क का डामरीकरण करना शुरू किया, लेकिन अब लोग निर्माण कार्य की खराब गुणवत्ता से नाराज हैं।

बिष्ट धड़ा बिठौरिया पश्चिम वार्ड-46 में चंबल पुल से निर्मल विहार तक करीब 500 मीटर सड़क के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग ने नगर निगम से अक्टूबर 2023 में अनुमति ली थी, लेकिन सड़क खोदकर वह इसे बनाना भूल गया। बीते दिनों अमृत विचार में संबंधित खबर प्रकाशित होने के बाद अब सड़क बनाई जा रही है।

लोगों का कहना है कि सड़क की गुणवत्ता निम्न स्तर की है जो जल्द खराब हो जाएगी। स्थानीय निवासी पीएस पटवाल ने कहा कि पिछले सात माह से सड़क की खुदाई होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही थी, लेकिन अब सड़क बनाई जा रही है, लेकिन इसमें निर्माण सामग्री में गुणवत्ता नहीं है। ममता नेगी व गीता देवी ने कहा कि सड़क की गुणवत्ता इतनी खराब है कि यह बिना चले ही उखड़ने लगी है। इधर, लोनिवि के एई ललित तिवारी का कहना है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। गुरुवार को निर्माण कार्य का जायजा लिया जायेगा।

# आपदा की सूचना पर स्वतः संज्ञान लें, तुरंत राहत पहुंचाएं

संवाददाता, नैनीताल/हल्द्वानी


नैनीताल में कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक लेतीं जिलाधिकारी वंदना सिंह।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी वंदना सिंह ने बुधवार को कैंप कार्यालय सभागार में मानसून से पहले आपदा प्रबंधन व बाढ़ नियत्रंण की तैयारियों के संबंध में बैठक की। उन्होंने सभी अधिकारियों को मानसून के दौरान अलर्ट रहने और आपदा की सूचना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए काम करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी वंदना ने जिले के सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्क रहने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क, बिजली, पानी, चिकित्सा, राजस्व और पशुपालन विभाग के कर्मचारियों की नाम, नंबर सहित एक टीम तैयार करने को कहा। जिससे किसी भी प्रकार की आपदा की सूचना मिलते ही उक्त टीमों को तत्काल मौके पर भेजा जा सके। उन्होंने आपदा प्रभावितों को त्वरित राहत के लिए मौके पर ही पटवारियों से प्रपत्र भरवाने, तकनीकी विभाग से आंकलन और मुआवजा राशि देने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें अनावश्यक चक्कर नहीं काटना पड़े।

उन्होंने कहा कि मानसून में पेयजल, तहसील आदि विभागों में कंट्रोल रूम 24x7 सक्रिय रहेंगे। इस रूम के दिए गए सभी नंबर चालू होने चाहिए। उन्होंने कंट्रोल रूम से मिलने वाली सभी शिकायतों को सुनकर संबंधित विभागों को अवगत कराते हुए समाधान कराने को कहा। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश दिए कि मई से सितंबर माह में प्रसव संभावित प्रसूताओं की सूची तैयार कराई जाए।

साथ ही मानसून में दूरस्थ क्षेत्र की हाई रिस्क प्रेगनेंसी की लगातार मॉनीटरिंग हो, ताकि आपदाग्रस्त क्षेत्रों में जरूरत पड़ने पर महिलाओं को प्रसव से पूर्व अस्पताल में भर्ती किया जा सके। इससे सड़क मार्ग अवरूद्ध होने पर भी गर्भवती महिलाओं को कोई दिक्कत नहीं होगी। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पांडे, सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजेपई, डीएफओ चंद्रशेखर जोशी, मुख्य शिक्षा अधिकारी जेएम सोनी, प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्वेता भंडारी, एसडीएम हल्द्वानी परितोष वर्मा, नैनीताल प्रमोद कुमार, रामनगर राहुल शाह, धारी केएन गोस्वामी, कोश्याकुटौली विपिन पंत, कालाढूंगी रेखा कोहली, डीडीएमओ शैलेश कुमार रहे।

### ये भी दिए निर्देश

- पेयजल निगम ग्रामीण क्षेत्रों में सूख चुके हैंडपंपों की मरम्मत करवाए और खराब हैंडपंपों को तत्काल हटाए।
- निर्माण एजेंसियों के ईई डामरीकरण की निगरानी स्वयं करें, गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए।
- जेसीबी के ऑपरेटर के मोबाइल नंबर, लोकेशन की अपडेट सूची एक सप्ताह में कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराई जाए।
- पशुपालन विभाग दूरस्थ क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पशु चारा की व्यवस्था करे।
- वन विभाग सड़क, कॉलेज, विद्यालय, कार्यालयों के आसपास अति संवेदनशील वृक्षों को चिन्हित कर लॉपिंग-कटान करें।
- आपूर्ति विभाग समय से राशन, गैस की व्यवस्था करें।
- लोनिवि और नगर निकाय 15 दिन के भीतर सभी नालियों, जलभराव वाले जगहों में साफ सफाई कराए।

# हल्द्वानी बस अड्डे में अल्मोड़ा निवासी युवक का पर्स चोरी

**हल्द्वानी, अमृत विचार :** चंडीगढ़ में दुबई का वीजा लगाकर घर लौट रहे युवक का पर्स हल्द्वानी बस अड्डे में चोरी हो गया। कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में छानाखरकोटा अल्मोड़ा लमगड़ा निवासी दिनेश राम ने कहा कि उसकी दुबई में नौकरी लग गई है। वह चंडीगढ़ वीजा लगाने के लिए गया था।

बुधवार सुबह पांच बजे वह चंडीगढ़ से हल्द्वानी बस अड्डे पहुंचा। अल्मोड़ा की बस न मिलने पर वह वहीं सो गया। सुबह सफाई के लिए पहुंचे सफाई कर्मी ने उसे उठाया। उसने जेब में हाथ डाला तो फोन और पर्स गायब था। कोतवाल उमेश मलिक ने कहा कि फोन को सर्विलांस में लगा दिया गया है।

# भाजपा ने सात वार्डों के प्रभारी नियुक्त किए

ब्यूरो कालाढूंगी/हल्द्वानी


कार्यकर्ताओं के संबोधित करते जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट ने बुधवार को कालाढूंगी विधानसभा सीट के अंतर्गत कालाढूंगी मंडल में आगामी नगर निकाय चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। उन्होंने मंडल के सभी सात वार्डों के प्रभारी नियुक्ति कर निकाय चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए जुटने का आह्वान किया। उन्होंने जनसंपर्क अभियान एवं मतदाता सूची में सभी मतदाताओं के नामों का मिलान करने को कहा है।

जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता चुनाव के लिए तैयार रहें। सभी दावेदार जनता के बीच में जाकर काम करें। मतदाता सूची में जिन लोगों के नाम छूट गए हैं, ऐसे नामों को सूची में जोड़ने के लिए अधिकतम प्रयास किए जाएं। ताकि वे चुनाव से पहले मतदान के लिए प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी वे माने जाएंगे जिनको भाजपा का सिंबल दिया जाएगा। उनका चयन जनता के बीच प्रभाव एवं संगठन कार्यों के आधार पर होगा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष विक्रम सिंह जंतवाल, पुष्कर कत्यूरा, ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल, महमूद हसन बंजारा, हरीश मेहरा, विनोद बुढलाकोटी मौजूद रहे।

**अलग मामला** छह माह पूर्व एक और अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए भेजा था पत्र, अभी तक नहीं मिली राजकीय महिला अस्पताल को दूसरी मशीन

# महिला अस्पताल में एक अल्ट्रासाउंड मशीन, दो रेडियोलॉजिस्ट

संवाददाता, हल्द्वानी



**अमृत विचार :** सरकारी अस्पतालों में ज्यादातर जगह पर मशीन और उपकरण तो हैं, लेकिन स्टाफ की कमी है। राजकीय महिला अस्पताल का मामला अलग है। यहां अल्ट्रासाउंड की मशीन एक है और इसे चलाने वाले दो रेडियोलॉजिस्ट हैं। अस्पताल प्रबंधन ने एक और मशीन लगाने की मांग की थी, लेकिन अभी तक उपलब्ध नहीं हो पाई है।

राजकीय महिला अस्पताल में रोजाना 300 से 400 मरीज इलाज कराने आते हैं। साथ ही 50 से 60 गर्भवतियों के अल्ट्रासाउंड होते हैं। अस्पताल में वर्तमान में दो रेडियोलॉजिस्ट तैनात हैं। दोनों ही चिकित्सक अनुबंध के आधार पर काम कर रहे हैं। अस्पताल में एक समय में एक ही रेडियोलॉजिस्ट अल्ट्रासाउंड करते हैं, उस दौरान दूसरे रेडियोलॉजिस्ट को बैठना पड़ता है। राहत की बात यह है कि जब एक रेडिलयोलॉजिस्ट छुट्टी पर जाते हैं तो दूसरे रेडियोलॉजिस्ट अपनी सेवाएं देते हैं। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड के लिए गर्भवतियों की लंबी कतार लगी रहती है। कभी-कभी प्रतिक्षा सूची भी मिलती है। इसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने छह माह पहले शासन को पत्र लिखकर एक और अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की मांग की थी। जिससे एक दिन में ज्यादा से ज्यादा महिलाओं के अल्ट्रासाउंड हो सकें।

### लेवल टू अल्ट्रासाउंड के लिए बाहर जाना पड़ता है

**हल्द्वानी :** लेवल टू अल्ट्रासाउंड को एनोमली स्कैन कहा जाता है। इसे गर्भ के 20 सप्ताह के अल्ट्रासाउंड या दूसरी तिमाही के अल्ट्रासाउंड के रूप में भी जाना जाता है। यह एक प्रकार का प्रसव पूर्व स्कैन है, जिसका उपयोग विकासशील भ्रूण, प्लेसेंटा के साथ-साथ मातृ श्रोणि का मूल्यांकन करना है। महिला अस्पताल में इस अल्ट्रासाउंड की सुविधा नहीं है। इसके लिए गर्भवती महिलाओं को बाहर जाना पड़ता है। अस्पताल की जरूरतों के अनुसार नई तकनीक की अल्ट्रासाउंड मशीन के आने से लेवल टू अल्ट्रासाउंड भी हो सकेगा और साथ ही अन्य अल्ट्रासाउंड भी हो सकेंगे।

अस्पताल में वर्तमान में दो रेडियोलॉजिस्ट और एक अल्ट्रासाउंड मशीन है। एक अन्य अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने के लिए शासन को पत्र भेजा गया है।
– डॉ. उषा जंगपांगी, सीएमएस, राजकीय महिला अस्पताल हल्द्वानी



## सार संक्षेप

### विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित



काशीपुर में विद्यार्थियों को सम्मानित करते भाजपा नेता। ● अमृत विचार

**काशीपुर :** बाजपुर रोड स्थित केशव पुरम में बुधवार को अजय भरतिया विद्या मंदिर के कक्षा दस के छात्र-छात्राओं को भाजपा नेता राम महरोत्रा ने बेहतर नंबर लाने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही अजय भरतिया सरस्वती विद्या मंदिर केशव पुरम की प्रबंध समिति की प्रथम बैठक विद्यालय के अध्यक्ष राम मेहरोत्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसका संचालन स्कूल प्रधानाध्यापक जयपाल सिंह ने किया। इस मौके पर अमित मित्तल, कोषाध्यक्ष सरदार सुखविंदर सिंह, अगरपाल यादव व सदस्य अर्जुन सिंह, राजकुमार सितारा आदि उपस्थित रहे।

### जसपुर विधायक ने मेधावियों को सम्मानित किया



जसपुर में मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित करते विधायक आदेश चौहान ।

**जसपुर :** विधायक आदेश चौहान ने हाईस्कूल इंटरमीडिएट की परीक्षा की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। जसपुर क्षेत्र के विभिन्न कॉलेजों के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के करीब डेढ़ दर्जन छात्र-छात्राओं ने उत्तराखंड बोर्ड परीक्षा की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की मेरिट लिस्ट में स्थान प्राप्त किया। क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान ने गांव निवार मुंडी स्थित अपने आवास पर सम्मान समारोह का आयोजन कर मेरिट में स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। सम्मानित होने वालों में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा की मेरिट में आए क्षेत्र के लक्ष्य गहलोत, रवि चौहान, आलिया, अनुज कुमार, कल्पना कुमारी, दीपिका पाल, मोहम्मद उवैस रजा तथा इंटरमीडिएट परीक्षा की मेरिट में आए रितिका, ज्योति, फिजा, बुशरा नाज, राबिया उस्मानी, रहनुमा नाज, श्रद्धा, वंशिका राजपूत, तिवारी प्रियांश कुमार, मोनिका, जीविका प्रताप शामिल रहे।

### मेजर जनरल ने कैडेटों को देशसेवा के लिए प्रेरित किया



मेजर जनरल अतुल रावत को प्रतीक चिन्ह भेंट करते कुलपति डॉ. एमएस चौहान।

**पंतनगर :** एनसीसी निदेशालय देहरादून के अपर महानिदेशक मेजर जनरल अतुल रावत एवीएसएम व एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रुड़की के ब्रिगेडियर एसएस नेगी ने वन यूके आर एंड वी स्क्वैड्रन पंतनगर का भ्रमण किया। मेजर जनरल रावत ने आर्मी में अधिकारियों और जवानों की किस प्रकार से भर्ती होती है, इसकी भी जानकारी दी। अतिथियों ने पंतनगर विवि के कुलपति डॉ. एमएस चौहान से भी भेंट की।

### वनों की आग रोकने को क्रू टीमें तैयार



खटीमा में वनों की सुरक्षा के लिए बने क्रू स्टेशनों पर तैनात वनकर्मी। ● अमृत विचार

खटीमा। तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी द्वारा वनों की आग की घटनाओं से सुरक्षा किए जाने को लेकर जारी निर्देश क्रम में वन विभाग द्वारा क्रू स्टेशन पर वन कर्मियों के साथ गोष्ठी की गई।

वन दरोगा धन सिंह अधिकारी ने बताया कि तराई पूर्वी वन प्रभाग हल्द्वानी द्वारा वनों को आग की घटनाओं से सुरक्षा को लेकर जगह-जगह क्रू स्टेशनों पर गोष्ठी आयोजित की जा रही है। यह भी कहा कि आग की घटनाओं को रोकने के लिए क्रू टीमें पूरी तरह से तैयार हैं। वनों को नुकसान पहुंचाने वाले के खिलाफ वन विभाग कड़ी कार्रवाई करेगा। टीम में भैरव सिंह बिष्ट वन दरोगा, धन सिंह अधिकारी वन दरोगा, जीत प्रकाश वन बीट अधिकारी, किशन, शुभम कुमार, अर्चना, पूजा, आरती, दीपा उपस्थित रहे।

# निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटने का किया आह्वान

## भारतीय जनता पार्टी हर वार्ड में मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारेगी, कहा-वार्डों में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

संवाददाता, रुद्रपुर




बैठक में मौजूद भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** आगामी निकाय चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में बैठक आयोजित हुई। इसमें व्यापक चर्चा करते हुए रणनीति बनाई गई। इस दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कार्यकर्ताओं से निकाय चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

बुधवार को बैठक के दौरान भाजपा प्रदेश मंत्री शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के तुरंत बाद निकाय चुनाव होने हैं। इसके लिए कार्यकर्ता अभी से तैयारी में जुट जाएं। कार्यकर्ता निकाय चुनाव को हल्के में न लें। पिछले दो चुनाव में नगर निगम में भाजपा का परचम लहराया है। इस बार नगर निगम में जीत की हैट्रिक बनानी है।

उन्होंने कहा कि हर वार्ड में पार्टी मजबूत प्रत्याशियों को मैदान में उतारेगी। वार्डों में प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया जल्द ही शुरू कर दी जायेगी। चुनाव लड़ने के इच्छुक सभी कार्यकर्ताओं से आवेदन मांगे जाएंगे। जो भी चुनाव लड़ना चाहता है वह निर्धारित प्रक्रिया के तहत अपना आवेदन कर सकता है। इस दौरान कार्यकर्ताओं से सुझाव भी लिए गए और बूथ स्तर पर पार्टी की जीत के लिए रणनीति तैयार की गई। इस दौरान जिला प्रभारी पुष्कर सिंह काला और जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री सतीश गोयल, पूर्व विधायक प्रेम सिंह राणा लोकसभा संयोजक विवेक सक्सेना, धर्म सिंह कोली, हरीश भट्ट, तरुण दत्ता, केके दास, मयंक कक्कड़ आदि मौजूद रहे।

### व्यापारी नेता संजय जुनेजा ने मेयर पद के लिए की दावेदारी



**रुद्रपुर, अमृत विचार :** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल रुद्रपुर के अध्यक्ष संजय जुनेजा ने आगामी निकाय चुनाव में रुद्रपुर नगर निगम से मेयर पद की दावेदारी की है। इस संबंध में व्यापारी नेता ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष को पत्र भी सौंपा है।

बुधवार को व्यापारी नेता जुनेजा ने यह पत्र कांग्रेस कार्यालय में जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा को सौंपा। पत्र में व्यापारी नेता ने कहा कि वे पिछले 12 वर्ष से रुद्रपुर व्यापार मंडल में निर्वाचित होकर व्यापारियों के साथ ही आम जनता की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि फरवरी 2024 में दोबारा अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी की और निर्विरोध निर्वाचित हुए। वर्ष 2002 में वर्तमान में किच्छा विधायक तिलक राज बेहड़ ने उन्हें कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण करायी थी। तब से लेकर आज तक वे कांग्रेस पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार कर रहे हैं। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गाबा, सुनील आर्या, मनीष गोस्वामी, सोफिया नाज समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## दावेदारों ने सौंपे आवेदन पत्र

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार :** आगामी निकाय चुनाव को लेकर मंडल अध्यक्ष बिट्टू चौहान की अगुवाई में बुधवार को भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन हुआ। इसमें निकाय चुनाव को लेकर मंथन किया गया एवं सभासद के सभी दावेदारों ने मंडल अध्यक्ष को अपने आवेदन पत्र सौंपे। बताया गया कि वार्ड नंबर 13 से अभी तक 45 कार्यकर्ताओं ने सभासद पद के लिए अपनी दावेदारी पेश की है। बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश कुमार, जिला मंत्री विकास गुप्ता, मंजीत सिंह राजू, गौरव शर्मा, रघुवीर सिंह सहोता, नरेंद्र चौधरी, आशीष ठाकुर, जयंत जैन, अमित चौहान, मनोज ठाकुर, सुशील वर्मा, शुभम पांडेय, गणेश यादव, हरीश वर्मा, जीत सिंह, विशाल चौहान, किशन यादव, विकास कुमार, हेम कांडपाल आदि मौजूद रहे।



बाजपुर में निकाय चुनाव को लेकर हुई बैठक में शिरकत करते भाजपा कार्यकर्ता।

### निकाय चुनाव में जिताऊ प्रत्याशी उतारेगी बसपा



**जसपुर :** बहुजन समाज पार्टी ने निकाय चुनाव में जसपुर सीट पर मजबूत व जिताऊ प्रत्याशी चुनाव मैदान में उतारने का ऐलान किया है। बहुजन समाज पार्टी के स्थानीय वरिष्ठ नेता जाहिद हुसैन ने कहा कि पिछले चुनाव में पार्टी ने चेयरमैन पद पर मुमताज बेगम को टिकट दिया था और उन्होंने चेयरमैन पद पर जीत हासिल की थी। पालिका अध्यक्ष मुमताज बेगम के उम्रदराज हो जाने के कारण इस बार उनके पौत्र आतिफ हुसैन बहुजन समाज पार्टी से टिकट मांग रहे हैं। पार्टी से उन्हें टिकट देने की सिफारिश की जाएगी।

### बैंक से कैश निकालकर जा रहे ग्रामीण को ठगा

**किच्छा :** बैंक से कैश निकालने के बाद जा रहे ग्रामीण से दो अज्ञात लोगों ने झांसा देकर 15 हजार रुपये ठग लिए।



घटना के बाद दोनों आरोपी मौके से फरार हो गए। धोखाधड़ी का एहसास होने के बाद पीड़ित ग्रामीण कोतवाली पहुंचा और कोतवाली पुलिस को लिखित शिकायत देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई। पुलिस ने बैंक के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों को चिन्हित करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली पुलिस को दी शिकायत में ग्राम सतुईया निवासी चोखे लाल ने बताया कि बुधवार की सुबह वह नगर स्थित बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा में पैसे निकालने आया था। उसने 25 हजार रुपये की नगदी निकाली। जब वह बैंक परिसर से बाहर निकला तो दो अज्ञात लोग मिले। जिसमें एक व्यक्ति ने पीड़ित को नोट की गड्डी दिखाते हुए कहा कि वह बैंक में पैसे जमा कराने आए हैं लेकिन बैंक में लंबी कतार के चलते समय लगेगा। दोनों आरोपियों ने पीड़ित को झांसा देकर 15 हजार रुपये की धनराशि ले ली। पैसे लेने के बाद एक आरोपी मौके से चला गया। जबकि दूसरा आरोपी उसके खाते में 15 हजार रुपये की धनराशि जमा कराने का झांसा देकर साथ में खड़ा रहा। कुछ देर बाद वह भी फरार हो गया।

## थैलेसीमिया बीमारी की जानकारी दी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** अंतरराष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस पर हीमोग्लोबीनोपैथी कार्यक्रम के तहत डीईआईसी ऊधमसिंह नगर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस दौरान अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एसपी सिंह ने थैलीसीमिया माइनर व मेजर के संबंध में जानकारी दी।

बुधवार को डीईआईसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि आज के समय में एचपीएलसी जांच बहुत जरूरी है। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्साधीक्षक डॉ. आरके सिन्हा ने थैलेसीमिया मरीजों को जिला अस्पताल में मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरेंद्र मलिक ने थैलेसीमिया से ग्रसित मरीजों को मिलने वाले उपचार ल्यूकोसाइट फिल्टर और अन्य दवाइयों के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर पीडियाट्रिशियन डॉ. पारस गुप्ता, सोनम गिनवाल, कमलेश मिश्रा, अंजलि कांडपाल, डीईआईसी स्टाफ रीमा जौहरी, संजय देव, प्रियंका लोहनी,



गोष्ठी के दौरान थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के साथ चिकित्सक। ● अमृत विचार

## पर्यटन विभाग को चालू वित्तीय वर्ष में 100 होम स्टे बनाने का लक्ष्य

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सचिव कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग दीपक कुमार ने ग्राम विकास आजीविका मिशन, एनआरएलएम, जल जीवन मिशन, सिंचाई, लघु सिंचाई, होम स्टे, स्वास्थ्य, कृषि, मत्स्य, राष्ट्रीय पोषण मिशन, कृषि विकास मिशन, कृषि सिंचाई, फसल बीमा योजना, सीएम हेल्पलाइन, वनाग्नि सुरक्षा, मानसखंड माला मिशन आदि योजना के कार्यों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बुधवार को विकास भवन सभागार में समीक्षा के दौरान सचिव दीपक कुमार ने सहायता समूहों के उत्पादों की गुणवत्ता, पैकिंग के साथ ही विपणन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये। ताकि समूहों को उनके उत्पादों का उचित मूल्य मिल सके। इसके लिए उन्होंने परियोजना निदेशक व सहायक परियोजना निदेशक व उप आयुक्त नगर निगम को समूहों का विश्लेषण करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग को सिंचाई के लिए बड़े प्रस्ताव बनाने के साथ ही शहर का ड्रेनेज प्लान बनाकर शासन को प्रेषित करने के निर्देश दिए।



अधिकारियों के साथ बैठक करते कार्यक्रम क्रियान्वयन विभाग के सचिव दीपक कुमार।

उन्होंने जल जीवन मिशन कार्यों को शीघ्रता से करते हुए माह जून तक पूरा करने के निर्देश दिए। पर्यटन अधिकारी को जनपद में होम स्टे योजना के तहत होम स्टे क्लस्टर बनाने के निर्देश देते हुए चालू वित्तीय वर्ष में 100 होम स्टे बनाने का लक्ष्य भी दिया। साथ ही उन्होंने वाटर स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के भी निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग को सभी के आयुष्मान कार्ड बनाने, शिक्षा विभाग को सभी विद्यालयों में शौचालय बनाने व कृषि विभाग को ऑर्गेनिक कृषि के साथ ही परम्परागत व गैर-परम्परागत कृषि को बढावा देने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अन्य विभागों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में पीडी अजय सिंह, डीडीओ सुशील डोभाल, एपीडी संगीता आर्य, प्रभागीय वन अधिकारी यूसी तिवारी, सीओ निहारिका तोमर, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. एके वर्मा, महाप्रबंधक उद्योग विपिन कुमार, उपायुक्त नगर निगम शिप्रा पांडे, अधीक्षण अभियंता पेयजल निगम मृदुला सिंह, डीएसटीओ नफील जमील मौजूद रहे।

## लीकेज मामले में हरकत में आया जल संस्थान

खबर का असर

**अमृत विचार, शांतिपुरी :** शांतिपुरी में विगत 5 मई को अमृत विचार समाचार पत्र में खबर प्रकाशित होने के बाद जल संस्थान के अधिकारियों की नींद खुल गई है।

जल संस्थान के कर्मचारी जवाहरनगर और शांतिपुरी में दर्जनों स्थानों पर लीक हो रही पेयजल लाइनों की मरम्मत करने में जुट गए हैं। इससे क्षेत्र में लंबे समय से पेयजल समस्या झेल रहे उपभोक्ताओं को समस्या से निदान की उम्मीद जगी है। शांतिपुरी जवाहरनगर में पेयजल की नई टंकी और नई लाइनें बिछाने के बावजूद विभाग ने पुरानी लाइनों को बंद नहीं किया था। इस कारण बड़ी मात्रा में पेयजल की बर्बादी और लाइनों में लीकेज की समस्या आ रही थी। इस समस्या को अमृत विचार समाचार पत्र ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। अधिकारियों ने खबर का संज्ञान लेने के बाद जवाहरनगर व शांतिपुरी में जगह-जगह लाइन लीकेज को ठीक करने का काम युद्ध स्तर पर शुरू कर दिया है।



### काशीपुर में मनाया गया रेडक्रास दिवस



काशीपुर में रैली निकालतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

**काशीपुर :** काशीपुर क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में रेडक्रास दिवस मनाया गया। इस दौरान स्कूलों में भाषण प्रतियोगिता भी कराई गई। बुधवार को राजकीय कन्या इंटर कालेज व किसान इंटर कॉलेज में भी विश्व रेडक्रास दिवस मनाया गया। इस दौरान छात्राओं ने रेडक्रास पर स्लोगन और भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। साथ ही विद्यार्थियों ने रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। क्लास 10 की छात्रा मायरा ने रेडक्रास पर सबसे अच्छा स्लोगन बनाया। इस मौके पर कार्यक्रम की प्रभारी प्रमिला भारती, सहायक प्रभारी गीता, चंद्रकला, दीपा विश्नोई, रजनी बाला उपस्थित रहीं।

अमृत विचार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
05946-292618, 8954474523

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र योगेश व पुत्रवधु श्रीमती भावना पूना के गलत आचरण व व्यवहार के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल व सम्बन्ध विच्छेद कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किसी भी कृत्यों व लेन-देन के जिम्मेदारी उनकी स्वयं की होगी। मैं/मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **बलवन्त सिंह पूना निवासी गोरखपुर मल्ला, तहसील हल्द्वानी जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड**

## आरटीआई लागू करने में उत्तराखंड अग्रणी

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** सूचना का अधिकार अधिनियम, कार्यालय प्रबंधन एवं शासकीय सेवा संबंधी नियमावलियों की जानकारी के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हो गया है। पहले दिन डॉ.आरएस टोलिया उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल की उपनिदेशक पूनम पंत, विशेषज्ञ सूचना का अधिकार राकेश पांडे ने जनपद के सभी अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया।



प्रशिक्षण में जानकारी देते सूचना का अधिकार के विशेषज्ञ राकेश पांडे। ● अमृत विचार

बुधवार को शहीद ऊधमसिंह सभागार विकास भवन में जिलाधिकारी उदयराज सिंह के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी मनीष कुमार की अध्यक्षता में प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ। इस दौरान उत्तराखंड प्रशासन अकादमी नैनीताल की उपनिदेशक पूनम पंत ने बताया कि अकादमी के द्वारा 2005 से लगातार सूचना के अधिकार के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। सूचना का अधिकार अधिनियम भारत में सुशासन की अवधारणा को मजबूती से लागू किये जाने में एक उपकरण के रूप में कार्य करता है।

विशेषज्ञ राकेश पांडे ने कहा कि सूचना का अधिकार ताकत को सत्ता से जनता की और प्रवाहित करता है। लोकतंत्र की मजबूती के लिए यह अत्यंत ही आवश्यक उपकरण है।

उत्तराखंड इस अधिनियम को लागू करने में अग्रणी राज्य रहा है। इस दौरान उन्होंने सभी की समस्याओं को सुना और उनके संशयों व प्रश्नों का भी निदान किया। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के लगभग 110 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
कुमाऊं संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
हल्द्वानी : 8077909468, 8954474523, नैनीताल : 8171371321
अल्मोड़ा : 9412962333, रुद्रपुर : 8476843488
काशीपुर : 9756032977, खटीमा : 7500981690
197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड (बालाजी हॉस्पिटल के ठीक सामने)

## एक नजर

### पुलिस के हत्थे चढ़ा गैंगस्टर का वांछित

**रुद्रपुर** : थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस ने कैंप क्षेत्र में गैंगस्टर एक्ट के वांछित रम्पुरा निवासी 21 वर्षीय आरोपी मोहित कोली उर्फ टिल्लू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी भारत सिंह ने बताया कि यह कार्रवाई एसएसपी के निर्देश पर की गई है।

### बेटी को अगवा करने का तीन लोगों पर लगाया आरोप

**काशीपुर** : काशीपुर शहरी क्षेत्र में एक पिता ने तीन लोगों पर अपनी बेटी का अपहरण करने का आरोप लगाया है। साथ ही अश्लील वीडियो समेत कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। वहीं कोतवाल आशुतोष ने बताया कि मामला पुलिस के प्रकाश में आया था। बताया कि तीनों युवकों से पूछताछ की गई। उन्होंने बताया कि दोनों पक्षों के बीच राजीनामा हो गया है।

# चेक बाउंस के दोषी पर लगा 3.50 लाख का अर्थदंड

संवाददाता, रुद्रपुर

**अमृत विचार:** न्यायालय ने चेक बाउंस के एक मामले में सुनवाई करते हुए दोषी पर तीन लाख 50 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया है। मामले की सुनवाई तृतीय अपर सीनियर सिविल जज/ एसीजेएम नदीम अहमद की अदालत में हुई।

एच ब्लाक गोविंद मंदिर रोड ट्रांजिट कैंप निवासी बादल कुमार ने विजय सिंह निवासी ए 40 वार्ड नंबर तीन ट्रांजिट कैंप के खिलाफ सात जून 2022 को परिवाद दायर किया था। बादल का कहना था कि उन्होंने 19 जनवरी 2021 को पारिवारिक जरूरत के लिए विजय को तीन लाख रुपये दिए थे। विजय ने तीन महीने के भीतर रुपये वापस करने का आश्वासन दिया था। तीन महीने बाद विजय ने धनराशि का भुगतान नहीं किया तो उसने तकादा करना शुरू किया था।

इसके बाद विजय ने 18 अप्रैल 2022 को उसे अपने खाते वाले बैंक एसबीआई की सिडकुल शाखा का तीन लाख का चेक दिया था। बैंक में चेक लगाया तो वह बाउंस हो गया। इस पर उसने अधिवक्ता के जरिए कानूनी नोटिस विजय को 11 मई 2022 को भिजवाया था। लेकिन न तो विजय ने नोटिस का जवाब दिया और न ही धनराशि वापस की। इस मामले की सुनवाई तृतीय अपर सीनियर सिविल जज/ एसीजेएम नदीम अहमद की अदालत में हुई थी। अदालत ने दोषी पर तीन लाख 50 हजार का अर्थदंड लगाया है।

## बार एसोसिएशन काशीपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया कार्यक्रम, अहम निर्णयों को याद किया गया

# काशीपुर में तीन न्यायाधीशों को दी गई विदाई

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार** : बार एसोसिएशन काशीपुर के तत्वावधान में जिला व सत्र न्यायाधीश प्रेम सिंह खिमाल के जिला एवं सत्र न्यायालय देहरादून, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार के जनपद चमोली व अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट मिथिलेश पांडे के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया।

अधिवक्ताओं ने उनके जनपद ऊधम सिंह नगर व काशीपुर में किए गए न्यायिक कार्यों की सराहना की। इस मौके पर जिला जज प्रेम सिंह खिमाल ने कहा कि बार- बेंच का जो सहयोग मुझे मिला मैं उसे नहीं भूलूंगा। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश विनोद कुमार ने कहा कि आज काशीपुर के अधिवक्ताओं से बिछड़ कर मुझे ऐसा प्रतीत होता है कि मैं अपने परिवार से अलग हो रहा हूं। मिथिलेश पांडे ने कहा कि काशीपुर बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं में न्याय के प्रति भावना है। वरिष्ठ अधिवक्ता शैलेंद्र कुमार मिश्रा ने कहा कि बार एसोसिएशन काशीपुर बहुत पुरानी एसोसिएशन है। बार कौंसिल ऑफ उत्तराखंड के सदस्य हरीश नेगी ने बार-बेंच के सामंजस्य के बारे में प्रकाश डाला। एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश चौबे ने न्यायिक अधिकारियों का स्वागत किया। उन्हें स्मृति चिन्ह प्रदान किया। कार्यक्रम का संचालन बार एसोसिएशन के सचिव नृपेंद्र चौधरी ने कर किया। इस मौके पर द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार श्रीवास्तव ने भी बार और बेंच के संबंधों को एक सूत्र में बंधने पर जोर दिया। अधिवक्ता उमेश जोशी ने भी अपने विचार रखें। इस मौके पर द्वितीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रितेश कुमार श्रीवास्तव, परिवार न्यायाधीश मोनिका मित्तल, सीनियर सिविल जज पायल सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीत कुमार श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट चेतन गौतम, सिविल जज करिश्मा डंगवाल, सिविल जज दीप्ति पंत, भास्कर त्यागी एडवोकेट, उपाध्यक्ष अनूप शर्मा, उपसचिव सूरज कुमार, कोषाध्यक्ष सौरभ शर्मा आदि मौजूद रहे।


काशीपुर में विदाई समारोह में स्मृति चिन्ह देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

# रिश्तों के बीच खटास तो नहीं हत्या की वजह

## आखिर क्यों हुआ दोनों भाई-बहन के बीच झगड़ा, खून के धब्बे दे रहे गवाही, लोगों के जहन में उठ रहे कई सवाल

हत्याकांड

मनोज आर्या, रुद्रपुर

**04** दिन पहले ही किराए पर कमरा लिया और मंगलवार की रात एक बजे अचानक खूनी रिश्तों के बीच ऐसा क्या हुआ कि दोनों के बीच पहले कहासुनी व झगड़ा हुआ

**04** साल बाद सुनील फरवरी 2024 में पत्नी की आत्महत्या मामले में जमानत पर रिहा हुआ था, दोनों में होती थी कलह

**अमृत विचार:** आदर्श कॉलोनी चौकी में भाई और बहन के रिश्तों में खटास का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि देर रात्रि दोनों के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ। बाद में यह झगड़ा व हाथापाई खौफनाक मंजर में तब्दील हो गया। हर किसी के जहन में यही सवाल उठ रहे हैं कि आखिर मंगलवार की रात ऐसा क्या हुआ कि भाई-बहन के रिश्ते हत्या व आत्महत्या में बदल गए।

मृतक सुनील कुमार और करिश्मा आपस में सगे भाई-बहन थे। करिश्मा परिवार की छोटी थी और इकलौता भाई सुनील तीसरे नंबर का था। जेल से छूटने के बाद जब सुनील रुद्रपुर आया तो खुद करिश्मा ने भाई के साथ रहने का निर्णय लिया। चार दिन पहले ही किराए पर कमरा लिया और मंगलवार की रात एक बजे अचानक खूनी रिश्तों के बीच ऐसा क्या हुआ कि दोनों के बीच पहले कहासुनी व झगड़ा हुआ। उसके बाद ढाई बजे के करीब भाई ने बहन की गला दबाकर खुद भी खुदकुशी कर ली।

घटनास्थल पर करिश्मा के गले में रस्सी व मुंह व नाक से निकला खून और सुनील के शरीर पर मामूली चोटों के निशान व नाक से निकला खून इस बात की पुष्टि करते हैं कि दोनों के बीच झगड़ा खूनी जंग में बदल गया। वहीं मृतक के बहनोई व पुलिस भी हैरान हैं कि देर रात्रि सगे भाई-बहन के बीच ऐसा क्या हुआ कि दोनों ने खून के रिश्तों को भुलाकर हत्या व आत्महत्या की दास्तां लिख डाली। यह सवाल पुलिस, लोगों व मृतक के रिश्तेदारों के जहन में उठ रहे हैं। जिनका जवाब जानने के लिए पुलिस ने अपनी जांच को शुरू कर दिया है।


घटना की जानकारी लेती पुलिस। ● अमृत विचार

### चार साल की जेल काट चुका है सुनील

**रुद्रपुर** : बहन का हत्यारा भाई सुनील कुमार पत्नी की आत्महत्या प्रकरण में चार साल की कैद काट चुका है। मृतक सुनील के बहनोई ने बताया कि सुनील की शादी मई 2020 को निर्मला के साथ हुई थी और शादी के कुछ दिन बाद ही दोनों के बीच पारिवारिक कलह रहने लगी। जिस कारण अगस्त माह 2020 को निर्मला ने खुदकुशी कर ली। आत्महत्या के लिए उकसाने व दहेज हत्या के आरोप में सुनील जेल चला गया था। बताया जा रहा है कि चार साल बाद सुनील फरवरी 2024 में जमानत पर रिहा हुआ था।

### एक साल पहले करिश्मा ने की थी लव मैरिज

**रुद्रपुर** : जहां एक ओर भाई सुनील पर पत्नी को आत्महत्या के उकसाने का आरोप लगा था। वहीं करिश्मा ने भी एक साल पहले गनिया बरेली के रहने वाले रामचंद्र के साथ लव मैरिज की थी। मगर यहां भी शादी के कुछ माह बाद ही वैवाहिक जीवन में मनमुटाव शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि आपसी रिश्ते खराब होने पर करिश्मा अपनी बहन के यहां सिंह कॉलोनी में आकर रहने लगी और जब भाई को जमानत मिली तो वह साथ रहने की बात कहकर घर से निकली थी।

### फेरी लगाकर करने लगा था गुजर बसर

**रुद्रपुर** : पत्नी की आत्महत्या के आरोप में चार साल जेल काटने के बाद सुनील कुमार अपनी जिंदगी में आगे बढ़ने की सोचने लगा था। यही कारण था कि फरवरी माह में जमानत पर रिहा होने के बाद उसने बहनोई रामचंद्र के साथ मिलकर सब्जी और फल का ठेला लगाकर रोजगार शुरू कर दिया था। बुधवार को भी मृतक सुनील कुमार को बगवाड़ा मंडी खरीदारी करने जाना था। जब बहनोई कमरे पर गया तभी हत्या और आत्महत्या कांड का पता चला।

> करिश्मा-सुनील हत्या व आत्महत्या प्रकरण मामले की जांच शुरू कर दी गई है, क्योंकि युवती का शव जमीन पर पड़ा हुआ था और युवक का लटका हुआ था। हाथापाई के साक्ष्य भी सामने आ रहे हैं। ऐसे में पोस्टमार्टम रिपोर्ट हत्या और आत्महत्या की आशंका की पुष्टि करेंगे। इसके अलावा वारदात की वास्तविक वजह भाई-बहन के परिजनों व रिश्तेदारों से पूछताछ के बाद ही साफ हो पाएंगे। मामले की जांच के लिए टीम का गठन कर दिया है।
>
> -**निहारिका तोमर**, सीओ सदर, रुद्रपुर

## पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में चलीं तलवारें, दो घायल

**खटीमा:** ग्राम सरपुड़ा में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में तलवारें और लाठी डंडे चल गए। मारपीट में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची सत्रहमील पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है।


घायल प्रदीप कुमार।

ग्राम सरपुड़ा में मंगलवार शाम गांव का ही एक व्यक्ति शराब पी रहा था। इसी दौरान रास्ते से निकल रहे विनोद कुमार के साथ वह व्यक्ति गाली गलौज करने लगा। झगड़े की आवाज सुनकर उसके घर के लोग तलवार लेकर आ गए और विनोद पर जानलेवा हमला कर दिया। इससे विनोद घायल हो गया और बमुश्किल भाग कर जान बचाई। घटना में दो लोग घायल हो गए। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच एक साल पहले उस समय विवाद हुआ था जब विनोद कुमार की पत्नी को भगाकर ले गया था और उसके साथ शादी कर ली थी। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ तहरीर सत्रहमील पुलिस को दी है। चौकी प्रभारी ललित सिंह बिष्ट में मौका मुआयना कर तीन लोगों को पुलिस हिरासत में लिया है।

# एनजीटी के आदेश पर जांच के लिए पहुंची टीम


काशीपुर में जांच को पहुंची टीम। ● अमृत विचार

कार्रवाई

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** एनजीटी के आदेश पर गठित टीम चांदपुर स्थित बगीचे में जांच करने के लिए पहुंची। इस दौरान पेड़ों की गिनती पर सहमति न बनने से जांच टीम वापस लौट गई।

काशीपुर निवासी हरदीप शर्मा ने एनजीटी में शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में उन्होंने कहा कि चांदपुर स्थित एक बगीचे में कुछ कॉलोनाइजरों ने बिना अनुमति के बगीचे से कई पेड़ों को अवैध तरीके से काट दिया है। शिकायत पर संज्ञान लेते हुए एनजीटी ने क्षेत्रीय पॉल्यूशन अधिकारी समेत एक टीम का गठन किया। इसमें वन विभाग उद्यान विभाग के अधिकारी भी शामिल किए गए। बुधवार को टीम मौके पर पेड़ों की गिनती करने पहुंची। इस दौरान एसडीएम अभय प्रताप सिंह भी मौके पर पहुंच गए। जहां पर शिकायतकर्ता हरदीप शर्मा के द्वारा पेड़ों की गिनती के तरीकों पर आपत्ति जताने पर गिनती का कार्य रोक दिया गया। अब यह कार्य शुक्रवार के लिए प्रस्तावित है। एसडीएम अभय प्रताप सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग का कोई कागज है, जो रुद्रपुर से आना है। जब वह आ जाएगा। उसके बाद गिनती आदि का कार्य दोबारा से शुरू किया जाएगा। इस दौरान प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी नरेश गोस्वामी, वन विभाग के एसडीओ संदीप गिरी, आकाश कुमार, उद्यान निरीक्षक शंकर कोहली, वन दरोगा ओमप्रकाश समेत आदि मौजूद रहे।


बाजपुर के बरहैनी में बरामद वन संपदा के साथ वन विभाग की टीम। ● अमृत विचार

### घर में छापा मारकर लकड़ी बरामद की

**बाजपुर** : अवैध वन संपदा की सूचना पर वन विभाग की टीम ने बरहैनी के एक घर में अलसुबह छापेमारी की। इस दौरान अवैध लकड़ी बरामद की गई, जबकि मौके पर कोई भी आरोपित नहीं मिला। तराई केंद्रीय पश्चिमी वन प्रभाग की टीम ने बन्नाखेड़ा वन क्षेत्र के डिप्टी रेंजर अशोक टम्टा के नेतृत्व में मुखबिर से मिली सूचना पर कार्रवाई करते हुए ग्राम बरहैनी बाजपुर में बुधवार की प्रात :काल एक घर में छापेमारी की। इस दौरान मौके से बड़ी मात्रा में अवैध लकड़ी ( सोखता) को बरामद किया। जबकि टीम के पहुंचने से पहले ही सभी लोग घर से फरार हो चुके थे। टीम ने बरामद वन संपदा को अपने कब्जे में ले लिया है। टीम में वन रक्षक गोविंद बिष्ट, महेंद्र सिंह, चमन कुमार, उत्कर्ष कुमार, सुरेश परगाई, धर्म सिंह, अर्चना आदि शामिल रहे।

# बकरियों से भरा पिकअप पलटा

हादसा

- नगला गोलगेट पर हुआ हादसा एक बकरी मरी, चार लापता

संवाददाता, शांतिपुरी

**अमृत विचार:** किच्छा हल्द्वानी मुख्य मार्ग पर बुधवार प्रातः करीब 3 बजे नगला गोलगेट पर सामने से आ रहे एक अनियंत्रित ट्राले से बचने के प्रयास में बकरियों से भरा पिकअप पलट गया। इससे एक बकरी की मौत हो गई और चार बकरियां लापता हो गईं।

बुधवार प्रातः करीब तीन बजे एक पिकअप बरेली से हल्द्वानी बकरियों को लेकर जा रही थी। जैसे ही पिकअप वाहन संख्या यूपी25 इटी 4637 नगला गोलगेट पहुंचा तो सामने से एक भारी भरकम अनियंत्रित ट्राले को देख वह अपने बचाव में विपरीत दिशा की ओर मोड़ते समय सड़क किनारे पलट गया। पिकअप में कुल 47 बकरियां लदी थीं। अंधेरे में हादसा होने के कारण पिकअप पलटने के बाद बकरियां खेतों में भाग गईं। वाहन चालक अर्जुन के काफी देर तक खोजबीन करने के बावजूद चार बकरियां नहीं मिलीं। वहीं एक की पिकअप से दबकर मौत हो गई। बुधवार सुबह शेष बचीं सभी बकरियों को दूसरे वाहन से हल्द्वानी भेजा गया।


नगला गोलगेट पर पलटा पिकअप। ● अमृत विचार

राहत — 2013 से अब तक 41 लोग नशे की गिरफ्त से हुए बाहर, केंद्र में दी जाती है नशा छोड़ने की दवा

# ओएसटी केंद्र में रोजाना पहुंच रहे 15 युवा

अजीत प्रताप गोस्वामी, काशीपुर

**अमृत विचार** : सरकारी अस्पताल स्थित ओएसटी केंद्र में युवाओं को नशे से दूर कर नई जिंदगी दी जा रही है। साल 2013 से अब तक 41 लोगों ने नशा छोड़ा है। इससे गंभीर नशे से पीड़ित लोग खुशहाल जिंदगी जी रहे हैं।

काशीपुर के सरकारी अस्पताल में साल 2013 में नशा मुक्ति के लिए ओएसटी बनाया गया है। अधिकारियों के अनुसार केंद्र में 286 लोग पंजीकृत हैं। 25 एड्स के मरीज हैं। बताया कि नशे की लत सबसे अधिक युवा वर्ग में है। रोजाना 10 से 15 लोगों को नशा छोड़ने के लिए दवा की डोज दी जा रही है। डॉ. सुचिता सिंह ने बताया कि नशा लोगों की जिंदगी को खराब कर रहा है। कई प्रकार की बीमारियां उत्पन्न हो जाती है। नशा दिमाग को जकड़ने का काम करता है। ओएसटी केंद्र में कई गंभीर नशे के मरीज आते हैं। पहली बार में आठ एमजी दवा की डोज दी जाती है। इसके बाद डोज को कम कर दिया जाता है। बताया कि 41 लोग अब तक नशे से दूर हो चुके हैं।



काशीपुर का ओएसटी केंद्र।

### 10 लोग नशा मुक्ति के कगार पर

**काशीपुर** : ओएसटी केंद्र में 10 लोग नशा छोड़ने की कगार पर आ चुके हैं। डॉ. सुचिता सिंह ने बताया कि 10 लोगों की दवा करीब दो साल से चल रही है। लगातार दवा खाने व नशे से अपने आप को दूर रखने से ही यह संभव हो सका है।

### नशे की लत के कारण इलाज को लग रहा लंबा वक्त

**काशीपुर** : डॉ. सुचिता सिंह ने बताया कि कई युवा दवा के बाद भी नशा करते हैं। सूखा नशा सबसे खतरनाक होता है। बताया कि दवा के दौरान ही नशा करने से लंबा समय उपचार को लग रहा है।

> ओएसटी केंद्र में 41 लोग नशा मुक्त हो चुका है। 10 लोग का इलाज पूरा होने वाला है। ओएसटी केंद्र में नशा छुड़वाने के लिए काम किया जाता है। भ्रमित लोगों को जागरूक किया जा रहा है।
>
> -**डॉ. सुचिता सिंह**, ओएसटी केंद्र



## चौकी से सामान चोरी कर भाग रहे चोर को दबोचा

**रुद्रपुर:** बागवाला वनरक्षक चौकी से बर्तन, एटीएम और आधार कार्ड चोरी होने का मामला सामने आया है। हालांकि स्थानीय दुकानदारों ने चौकी की दीवार फांदकर भाग रहे चोर को पकड़ लिया और पुलिस को सौंप दिया। वहीं इस संबंध में वन आरक्षी ने पुलिस को तहरीर सौंपी है। तहरीर में बागवाला वनरक्षक चौकी में तैनात वन आरक्षी भूपेंद्र शाह ने बताया कि बुधवार की सुबह 10 बजे वह चौकी रुद्रपुर रेंज कार्यालय में किसी काम से आया था। 11 बजे उप वन क्षेत्राधिकारी मदन मोहन आर्या के मोबाइल पर स्थानीय दुकानदार का फोन आया। उन्होंने बताया कि चौकी की दीवार फांदकर भाग रहे एक चोर को दुकानदारों ने पकड़ा है। उसके पास से एक बोरे में बर्तन और अन्य सामान मिला है।


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# बाढ़ आपदा से निपटने के लिए सीएम ने दिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश

## कहा-वर्षा काल में मौसम का पूर्वानुमान व नदियों के जल स्तर पर रखें पैनी नजर

संवाददाता, रुद्रपुर

**17** कार्य चिन्हित कर टेंडर कर कार्य कराया जा रहा है आपदा न्यूनीकरण के लिए: डीएम

**51** कार्य किये जाने हैं जिसके लिए डीएम ने 5 करोड़ की धनराशि की मांग रखी है

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आगामी मानसून की तैयारियों की वर्चुअल माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों से बाढ़ आपदा से निपटने के लिए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए। साथ ही कहा कि बाढ़ आपदा क्षेत्रों को चिन्हीकरण कर लिया जाए और बाढ़ आपदा क्षेत्रों में बाढ़ चौकियों की स्थापना के साथ ही तटबंधों का रखरखाव एवं मरम्मत कार्य भी कर लिया जाए।

बुधवार को मुख्यमंत्री ने वर्चुअल बैठक के दौरान अधिकारियों से कहा कि वर्षा काल में मौसम का पूर्वानुमान व नदियों के जल स्तर पर पैनी नजर रखी जाए। नदियों का जल स्तर बढ़ने पर समय से चेतावनी अलर्ट जारी करें। ताकि नदी किनारे रहने वाली बसावट बाढ़ आदि आने से पहले ही विस्थापित हो सके। उन्होंने कहा कि सुदूरवर्ती गांवों व बाढ़ क्षेत्रों में समय पर बाढ़ चौकियां स्थापित की जाए। चिन्हित स्थानों में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए आवश्यक उपकरण, सैटेलाइट फोन, खाद्य-रसद, दवाइयां आदि का भंडारण करने और चिन्हित बाढ़ आपदा क्षेत्रों में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ व जल पुलिस भी तैनात की जाए।


सीएम धामी की वर्चुअल बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने बताया कि आपदा न्यूनीकरण के लिए 17 कार्य चिन्हित कर टेंडर कर कार्य कराया जा रहा है। आपदा न्यूनीकरण के लिए नदी-नालों के 51 कार्य किये जाने हैं जिसके लिए उन्होंने 5 करोड़ की धनराशि की मांग रखी है। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, डीएफओ यूसी तिवारी, अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार जोशी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.मनोज कुमार शर्मा, पीडी अजय सिंह उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, कौस्तुभ मिश्रा, उपनगर आयुक्त शिप्रा पांडे, प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय अमृता शर्मा, मुख्य कृषि अधिकारी एके वर्मा , अधीक्षण अभियंता लोनिवि पीके दीक्षित, हरीश कुमार, अधिशासी अभियंता ओपी सिंह, सिंचाई एएस नेगी, विद्युत विजय सकारिया, जल संस्थान अजय कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी श्याम आर्या, सीवीओ डॉ. एसडी पांडे सीएफओ ईशान कटारिया, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमा शंकर नेगी मौजूद थे।

## एक नजर

### गैस कनेक्शन नहीं मिलने से लोग हो रहे परेशान

**काशीपुर :** नया गैस का कनेक्शन नहीं मिल पाने से लोग परेशान हो रहे हैं। इससे लोग गैस एजेंसी में रोजाना तो आ रहे हैं लेकिन कनेक्शन नहीं मिलने पर उन्हें लौटना पड़ रहा है। रोजाना 8 से 10 लोग नए कनेक्शन लेने को काशीपुर गैस सर्विस के ऑफिस आ रहे हैं। मगर उनको खाली हाथ लौटना पड़ता है। बताया जाता है कि पिछले तीन महीने से लोग कनेक्शन ,रेगूलेटर और पाइप के लिए उपभोक्ता गैस ऑफिस पहुंच रहे हैं। एजेंसी के स्टोर कीपर देवेंद्र बिष्ट ने बताया कि पिछले तीन महीने से हमारे यहां नये कनेक्शन के लिए सिलेंडर, रेगूलेटर, पाइप उपलब्ध नहीं है। इंडियन ऑयल विभाग को कई बार मेल कर चुके हैं, लेकिन विभाग सुनने को राजी नहीं है। उन्होंने बताया कि रोजाना 8 से 10 उपभोक्ता नया कनेक्शन लेने के लिए आते हैं।

### शांतिपुरी जीआईसी ने मनाया रेडक्रास दिवस

**शांतिपुरी :** आदर्श राजकीय इंटर कॉलेज ने बुधवार को विश्व रेडक्रास दिवस पर गोष्ठी आयोजित कर छात्र-छात्राओं को रेडक्रास के उदेश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य नर बहादुर चंद ने कहा कि रेडक्रास का प्रथम उद्देश्य समाज में परस्पर एक दूसरे के प्रति मानवता को कायम रख उनके कष्टों अथवा परेशानियों का निवारण करना है। कार्यक्रम में कार्यवाहक एनएसएस प्रभारी प्रियंका पंवार, प्रवक्ता डॉ. बीसी भट्ट, पीएन सिंह, एनपी सिंह, पीटीआई नवीन भट्ट, निहारिका पांडे, प्रभा राणा, रानी बसेड़ा, फकीर चंद, सुनील श्रीवास्तव, राजेन्द्र शर्मा, उमेश चंद्र पांडे आदि मौजूद रहे।

## मोहित का राज्य स्तरीय शूटिंग के लिए चयन



**खटीमा:** डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फॉर्म की 78 यूके बटालियन एनसीसी सीनियर डिवीजन के कैडेट मोहित पोखरिया ने इंटर शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मोहित अब राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में शिरकत करेगा। इंटर शूटिंग प्रतियोगिता के प्रथम चरण पंतनगर में और द्वितीय चरण ग्रुप स्तर पर रुड़की में एनसीसी कैडेट्स एसोसिएशन की ओर से आयोजित किया गया था। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य कैडेटों में निशानेबाजी, कौशल, अनुशासन, चिंतन और खेल कौशल को बढ़ावा देना था। इसमें एनसीसी के कैडेटों ने प्रतिभाग किया था। मोहित पोखरिया आगामी माह में पिथौरागढ़ में होने वाली राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगा। इस अवसर पर प्रबंध निदेशक धीरेन्द्र चन्द्र भट्ट ने मोहित के साथ ही एनसीसी लेफ्टिनेंट दिगंबर भट्ट, दया किशन पंत, थर्ड ऑफिसर कविता सामंत को शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरु, प्रेमा भट्ट, मनीष चंद, विक्टर आईवन, सुरेश ओली, अशोक जोशी, सुरेंद्र रावत, बिशन सिंह कन्याल, मनीष ठाकुर, ऊषा भट्ट, ऊषा चौसाली, हेमलता बोरा, शिल्पा सक्सेना, लिंसी त्यागी आदि मौजूद थे।

## सार-संक्षेप


बाजपुर में एसडीएम राकेश चंद्र तिवारी को ज्ञापन सौंपते केलाखेड़ा के युवा।

### शहीद फौजी नौशाद अली के नाम पर हो नवनिर्मित पार्क

**बाजपुर :** नवनिर्मित पार्क का नाम शहीद फौजी नौशाद अली के नाम पर रखने की मांग को लेकर केलाखेड़ा के कुछ युवाओं ने एसडीएम से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। बुधवार को नगर पंचायत केलाखेड़ा के कुछ युवा एकत्रित होकर एसडीएम कार्यालय बाजपुर पहुंचे और वहां मौजूद उपजिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा गया। उनका कहना था कि नगर पंचायत केलाखेड़ा के अंतर्गत पार्क का निर्माण हुआ है। वे चाहते हैं कि इस नव निर्मित पार्क का नाम शहीद फौजी नौशाद अली के नाम पर रखा जाए। उपजिलाधिकारी ने नियमानुसार कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन अकरम पठान के बेटे युवा नेता अनवर अब्दुल्ला पठान, छात्र नेता साजिद अंसारी, दानिश अंसारी, शहीद फौजी नौशाद अली के भाई सैफी, नईम खान आदि मौजूद रहे।



खटीमा के नारायण नगर में सफाई अभियान चलाते एसएसबी के जवान।

### एसएसबी के जवानों ने चलाया सफाई अभियान

**खटीमा :** भारत नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने पर्यावरण के लिए जीवन शैली कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया। 57 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मनोहर लाल के नेतृत्व में एसएसबी के चौकी नारायण नगर, झप्पू झाला और कालापुल के जवानों ने नारायण नगर स्थित मातारानी के मंदिर परिसर के अलावा सभी कैंपसों में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान एसएसबी के जवानों ने ग्रामीणों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।


गन्ना किसान संस्थान व प्रशिक्षण केंद्र स्थित सभागार में मौजूद अधिकारी।

### कृषि की पैदावार को बढ़ाने पर काम करें अधिकारी

**काशीपुर :** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत द्वितीय चरण का प्रशिक्षण गन्ना किसान संस्थान व प्रशिक्षण केंद्र स्थित सभागार में शुरू किया गया। बुधवार को गन्ना व चीनी आयुक्त चंद्र सिंह धर्मसतू ने प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि प्रशिक्षण सर्विस का महत्वपूर्ण हिस्सा है। इस अवसर पर गन्ना किसान संस्थान के सहायक निदेशक निलेश कुमार, ऊधम सिंह नगर के जिला गन्ना अधिकारी व कृषि वैज्ञानिक और गन्ना विकास निरीक्षक उपस्थित रहे।

# परशुराम जन्मोत्सव पर हो अवकाश

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर काशीपुर इकाई के अध्यक्ष सुरेश शर्मा के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज की प्रमुख मांगों को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन भेजा गया।

बुधवार को सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम अभय प्रताप को सौंपकर भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर 10 मई को अन्य राज्यों की तरह उत्तराखंड राज्य में भी सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने की मांग की गई। इसके अलावा काशीपुर के किसी प्रमुख चौराहे को हल्द्वानी के मुखानी चौक, रुद्रपुर के सिडकुल चौक की तरह परशुराम चौक घोषित कर वहां भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित करने पर जोर दिया गया। काशीपुर के सभी मंदिरों सहित प्रदेश के अन्य सभी मंदिरों के पुजारियों को कम से कम 5 हजार मानदेय प्रतिमाह निर्धारित किया जाए, साथ ही उत्तराखंड राज्य में भी ब्राह्मण कल्याण बोर्ड का गठन किया जाए। इस अवसर पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर काशीपुर के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, प्रदेश संरक्षक वेद प्रकाश विद्यार्थी, महासचिव संजय शर्मा, सचिव शशिकांत शर्मा, सचिव व काशीपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश कुमार चौबे, अरविंद शर्मा आदि मौजूद थे।


सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को देते ब्राह्मण महासभा के सदस्य।

# 19 फीसदी अधिक राजस्व वसूला

**उपलब्धि**

- एआरटीओ ने इस वर्ष 67 करोड़ 33 लाख का वसूला टैक्स
- विगत वर्ष 56 करोड़ 57 लाख ही वसूल पाया था विभाग

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** काशीपुर एआरटीओ कार्यालय ने इस वित्तीय वर्ष में 67 करोड़ 33 लाख रुपये का राजस्व वसूल कर सरकार को दिया है। वहीं विगत वर्ष की तुलना में विभाग ने 19 फीसदी अधिक राजस्व की वसूली की है। विगत वर्ष 56 करोड़ 57 लाख रुपये का राजस्व ही विभाग ने वसूला था।

काशीपुर एआरटीओ कार्यालय में दो लाख 63 हजार 93 वाहन पंजीकृत हैं। इसमें दो लाख 27 हजार से अधिक वाहन प्राइवेट जबकि 35 हजार से अधिक कॉमर्शियल वाहन पंजीकृत हैं। वहीं एआरटीओ कार्यालय हर वर्ष लाइसेंस, फिटनेस, चालान, वाहन टैक्स आदि से राजस्व वसूल कर सरकार के खाते में जमा करता है। इस वर्ष विभाग ने 67 करोड़ 33 लाख रुपये का राजस्व वसूल कर सरकार को भेजा है। वहीं विगत वर्ष विभाग 56 करोड़ 57 लाख रुपये ही वसूल कर पाया था। वहीं वर्ष 2024-25 में शासन की ओर से राजस्व वसूली करने के लिए विभाग को 75 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया है।

### 70 करोड़ रुपये का दिया गया था लक्ष्य

**काशीपुर :** एआरटीओ कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार 2023-24 में विभाग को लगभग 70 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था। इसके क्रम में 67 करोड़ 53 लाख रुपये का राजस्व प्राप्त किया गया। वहीं वर्ष 2022-23 में विभाग को लगभग 67 करोड़ रुपये का लक्ष्य दिया गया था। जिसके क्रम में विभाग 56 करोड़ 57 लाख रुपये ही वसूल कर सका था। वहीं विगत वर्ष की तुलना में इस वर्ष 19 फीसदी अधिक राजस्व वसूला गया।



"इस साल विभाग ने 67 करोड़ 53 लाख रुपये का बजट वसूला है। वहीं वर्ष 2024-25 के लिए शासन 75 करोड़ रुपये का लक्ष्य विभाग को दिया है।
**-विमल पांडेय**, एआरटीओ, काशीपुर

### 33 नशीले इंजेक्शन के साथ आरोपी गिरफ्तार

**किच्छा।** कोतवाली पुलिस की टीम ने बाइक सवार एक आरोपी को 33 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन के साथ दबोच लिया। जबकि एक आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस टीम पुराना बरेली रोड पर चेकिंग के दौरान बाइक संख्या यूके 04 वाई 6740 पर सिरौली की तरफ से किच्छा आ रहे दो युवकों को देखा। वे पुलिस टीम को देखकर भागने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान बाइक पर पीछे बैठा युवक सड़क पर गिर गया। जबकि दूसरा आरोपी बाइक छोड़कर गौला नदी की तरफ फरार हो गया। पुलिस ने सड़क पर गिरे युवक को पकड़ लिया। पुलिस ने बाइक पर टंगे थैले से 33 प्रतिबंधित नशीले इंजेक्शन बरामद किए। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जवाहर नगर, वार्ड नंबर 14, हल्द्वानी निवासी रफी अहमद बताया। जबकि फरार आरोपी का नाम जवाहर नगर, वार्ड नंबर 14, हल्द्वानी निवासी किन्ना उर्फ प्रिंस बताया।

# डायनेस्टी के छात्रों ने जीते छह स्वर्ण पदक

**आयोजन**

- देहरादून में कराटे प्रतियोगिता का आयोजन

संवाददाता, खटीमा

**अमृत विचार:** उत्तराखंड कराटे एसोसिएशन के तत्वावधान में देहरादून में पांच से सात तक आयोजित 21वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी छिनकी फार्म के छात्रों ने छह स्वर्ण सहित आठ मेडल हासिल किए।

युवा कल्याण विभाग के इंडोर हॉल आम वाला देहरादून में आयोजित प्रतियोगिता में डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी की अंशिका धामी, महक बिष्ट, साक्षी भंडारी, कनिका इकराल, कमलेश जोशी, कल्पित थ्वाल ने स्वर्ण और शीतल अधिकारी व रोहित सिंह ने रजत पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। एसोसिएशन सचिव संजीव कुमार जांगड़ा, खेल विभाग के संयुक्त निदेशक अजय अग्रवाल ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक धीरेंद्र चंद्र भट्ट ने विद्यार्थियों सहित कराटे प्रशिक्षक विजय रावत को शुभकामनाएं दी हैं। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य चंद्रकांत पनेरू, डायरेक्टर प्रेमा भट्ट, मनीष चंद, विक्टर आईवन, बालकृष्ण थापा, भरत बिष्ट, सुरेश ओली, दिगंबर भट्ट, प्रमोद कुमार, रमेश जोशी, पूरन पांडेय, कमल इकराल, गोविंद खाती, सविता रावत, दीपा भट्ट, चंद्रा भंडारी आदि ने बधाई दी है।



मेडल जीतने वाले डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल एकेडमी के छात्र। ● अमृत विचार

**हालात** कई सालों से खराब है वाटर कूलर, एआरएम बोले- वाटर कूलर लगाने के लिए नहीं है रोडवेज के पास कोई बजट

# रोडवेज में पानी की समस्या पर अफसरों ने किए हाथ खड़े

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार:** यात्रियों से रोजाना सात से नौ लाख रूपये कमाने वाले रोडवेज ने मुसाफिरों के लिए पानी की व्यवस्था करने में हाथ खड़े कर दिए हैं। जिम्मेदारों का कहना है कि वाटर कूलर व अन्य पानी के संसाधन के लिए रोडवेज के पास बजट ही नहीं है। इससे यात्रियों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई है।

रोडवेज डिपो में वाटर कूल न होने से यात्रियों को पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। वहीं डिपो पर लगे हैंडपंप और वाटर कूलर कई सालों से खराब पड़े है। पानी के लिए डिपो में मात्र दो पानी की टंकियां है। जिनकी हालत देखकर यात्री उन टकियों का पानी पीने से भी कतराते हैं। रोडवेज में यात्रियों के लिए शीतल जल मिल सके। इसके लिए आपके लोकप्रिय अखबार अमृत विचार ने समाजसेवियों व अधिकारियों से वार्ता की।

रोडवेज के अधिकारी साफ मना कर रहे हैं कि उनके पास बजट ही नहीं है। हालांकि पानी के लिए टोटियों की व्यवस्था की बात अधिकारी कर रहे हैं। लेकिन गंदगी से भरी पानी की टोटियों से पानी पीने को कोई तैयार ही नहीं है। रोडवेज में पानी की समस्या पर जिम्मेदार अधिकारी ना नुकुर कर रहे हैं। उनका कहना है कि परिवहन निगम ने कोई बजट ही उनको नहीं दिया है। वहीं समाजसेवियों का कहना है कि इस संबंध में अधिकारियों से वार्ता कर पानी की समस्या को दूर करेंगे।


रोडवेज में गंदगी के बीच लगी पानी की टंकी। ● अमृत विचार



"रोडवेज में पहले भी व्यापार मंडल ने एक वाटर कूलर लगाया गया था। जिसकी देखभाल नहीं कर सके। मैं व्यापार मंडल के सभी पदाधिकारियों से बात करूंगा कि रोडवेज में यात्रियों को शीतल जल मिल सके। उसके लिए वाटर कूलर लगाया जाए।
**-जतिन नरूला**, उपाध्यक्ष व्यापार मंडल।



"भीषण गर्मी में यात्रियों को शीतल जल मिल सके इसके लिए मैं अपने पदाधिकारियों से बात करूंगा। इस संबंध में अधिकारियों से भी बात होगी। रोडवेज के हालात सुधारने के लिए पर चर्चा होगी।
**-सुभाष चंद शर्मा**, अध्यक्ष ब्राह्मण सभा



"वाटरकूलर लगाने का कोई बजट ही नहीं है। रोडवेज यात्रियों से सात से नौ लाख रूपये रोजाना कमाई करता है। पानी की समस्याओं पर उच्चाधिकारियों से वार्ता की जाएगी।
**-अनिल सैनी**, एआरएम।



"रोडवेज के अफसरों से बात की जाएगी। गर्मी में यात्रियों को पीने का पानी उपलब्ध कराना रोडवेज की जिम्मेदारी है। इस संबंध में मै खुद रोडवेज की व्यवस्थाओं का जायजा लूंगा।
**-अभय प्रताप सिंह**, एसडीएम।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404
APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES
JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES
FACULTY OF MEDICAL SCIENCES
(All Clinical and Non-Clinical Specialties)
FACULTY OF NURSING
M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
FACULTY OF DENTAL SCIENCES
All Specialties)
HUMANITIES AND JOURNALISM
English
FACULTY OF PHARMACY
Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE
OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com
Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)
Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan
Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma
Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available
Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

## चोरी की बाइक के साथ दो युवक गिरफ्तार

**बाजपुर:** बन्नाखेड़ा पुलिस चौकी क्षेत्रांतर्गत एक गांव से चोरी गई बाइक की घटना का पुलिस ने चार घंटे के अंदर पर्दाफाश कर दिया है। इसमें दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की बाइक बरामद की है। दोनों को कोर्ट के माध्यम से जेल भेज दिया गया है।

ग्राम कनौरा निवासी युसूफ सात मई को ग्राम मझरा खुशालपुर में काम करने गया था और बाइक बाहर खड़ी करके घर के अंदर चला गया। सायं के वक्त बाहर आया तो बाइक गायब थी। घटना के तत्काल अनावरण के लिए बन्नाखेड़ा चौकी प्रभारी एसआई विक्रम सिंह धामी की अगुवाई में टीम का गठन किया गया। टीम ने 4 घंटे के भीतर बन्नाखेड़ा बल्ली बैरियर से 50 मीटर पहले ग्राम बन्नाखेड़ा निवासी नन्हें उर्फ झांजी, श्यामलाल कालोनी बन्नाखेड़ा निवासी सुरेश कुमार सागर उर्फ नेपाली को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया।

### पिछले साल की तुलना में 3 से 4 प्रतिशत तक महंगे हुए उत्पाद, गर्मी से निजात के लिए लोग महंगे उत्पाद खरीदने को हुए मजबूर, दुकानों पर उमड़ रहे लोग

# काशीपुर में गर्मी के बढ़ते ही एसी, कूलर व पंखों की बढ़ गई डिमांड

संवाददाता, काशीपुर

**अमृत विचार :** गर्मी बढ़ते ही इलेक्ट्रॉनिक दुकानों पर एसी, कूलर और पंखों की मांग बढ़ गई है। इस बार कंपनियों के कूलर में करीब 3 से 4 फीसदी तक इजाफा हुआ है। पिछले साल की तुलना में इस बार कूलर की कीमत में चार सौ से पांच सौ रुपये और एसी की कीमत करीब एक हजार रुपये बढ़ी है।

गर्मी बढ़ने के कारण इलेक्ट्रॉनिक दुकानों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ गई है। दुकानदारों ने बताया कि पिछले तीन चार दिनों से एसी, कूलर, पंखा और फ्रिज की बिक्री बढ़ गई है। सीलिंग फैन विभिन्न कंपनियों के 1300 रुपये से लेकर 3500 रुपये तक है। वहीं लोकल कंपनी के सीलिंग फैन एक हजार से लेकर 2500 रुपये तक उपलब्ध है। एसी 30 हजार से 75 हजार रुपये के रेंज में उपलब्ध है। साथ ही बड़े आकार की फ्रिज की मांग भी व्यापारियों के पास आ रही है। वही इलेक्ट्रॉनिक व्यापारियों का कहना है कि एसी व पंखे के दामों में इस बार पिछले साल की तुलना में 3 से 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वही इस बार पंखे व कूलर से ज्यादा एसी की डिमांड अधिक है। लेकिन पिछले साल के मुकाबले अभी तक सेल्स में कोई खास वृद्धि नहीं है।



बाजार में एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकानदार में ग्राहकों को एसी की जानकारी देता व्यापारी।

### फाइव स्टार एसी की मांग सबसे अधिक

**काशीपुर :** गर्मी के कारण इस बार कूलर से अधिक एसी की मांग है। एसी में लोगों की पहली पसंद फाइव स्टार एसी बने हुए हैं। खासकर वाई-फाई, स्मार्ट और एक्सपेंडल एसी लोगों की पहली पसंद है। फाइव स्टार 1.50 टन एसी की कीमत 38 हजार से लेकर 65 हजार रुपये के बीच है।

### रिमोट एसी लोगों को अधिक पसंद

**काशीपुर :** मार्केट में इस बार नयी तकनीक के एसी, कूलर और पंखे आए हैं। रिमोट के साथ सेंसर सिस्टम वाले कन्वर्टेबल एसी लोगों को अधिक पसंद आ रहे हैं। इनमें एसी खुद कमरे के तापमान को सामान्य कर देता है और लोग घर पहुंचने से पहले ही ऑफिस या कार में बैठकर रिमोट से घर का एसी शुरू कर सकते हैं। दुकानदारों की मानें तो इस साल मार्च से ही कूलिंग प्रोडक्ट्स की बिक्री शुरू हो गई है। तेज गर्मी को देखते हुए फिलहाल लोग कूलर खरीदना अधिक पसंद कर रहे हैं। इसमें भी फाइबर के कूलर की अधिक मांग है, क्योंकि यह आवाज नहीं करता और इसमें करेंट लगने का खतरा भी बेहद कम होता है।

### गारंटी व स्मार्ट पंखे बने पहली पसंद


**काशीपुर :** समय के साथ-साथ सीलिंग फैन भी स्मार्ट हो गए हैं। अब इन्हें पहले की तरह उठकर बंद या चालू नहीं करना होता है, बल्कि अब ये रिमोट से ऑपरेट होते हैं। साथ ही इन्हें वॉयस कमांड से भी कंट्रोल किया जा सकता है। इतना ही नहीं नये स्मार्ट फैन्स में स्पेशल लाइटिंग भी मिलती है और ये 3 स्टार और 5 स्टार रेटिंग के साथ आते हैं। वही इन पंखों पर गारंटी भी दी जा रही है। इसके चलते यह पंखे लोगों की पहली पसंद बने हुए है।

### ब्रांडेड कंपनी के कूलर की मांग

**काशीपुर :** डेड कंपनी के कूलर की शुरुआत ही 6 हजार से अधिक है। वहीं लोकल कंपनी के कूलर 3000 से 6000 तक में उपलब्ध हैं। मार्केट में कूलर 18 हजार रुपये से अधिक कीमत के भी बाजार में उपलब्ध है। हालांकि एसी की तुलना में कूलर की मांग कम है। लेकिन कूलर खरीदने वाले लोग लोकल पंखे छोड़ ब्रांडेड पंखों खरीदना पसंद कर रहे हैं।



"इस साल मार्च से ही कूलिंग प्रोडक्ट्स की बिक्री शुरू हो गई थी। तेज गर्मी को देखते हुए फिलहाल लोग कूलर की जगह एसी खरीदना पसंद कर रहे हैं। उसका कारण ब्रांडेड कूलर के दाम अधिक होना है। कूलर के दाम को लोग जमा कर शेष रकम फाइनेंस करा एसी खरीद रहे हैं। पिछले साल की तुलना में एसी के दामों में 3 से 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। -**विमल वर्मा**, दुकानदार, विमल इलेक्ट्रानिक्स



"लोगों की पहली पसंद लोकल छोड़ ब्रांडेड पंखे व कूलर हैं। वर्तमान में यह उपकरण रिमोट कंट्रोल व आकर्षक लाइट के साथ लोगों को मिल रहे हैं। वही यह खासियत लोकल में नहीं है।

**जगमोहन कुमार**, दुकानदार, आरके गिफ्ट पैराडाइज

## सार-संक्षेप


बाजपुर में बेरिया रोड किनारे से ठेले हटवाते पालिका कर्मी। ● अमृत विचार

### ठेलों को सड़क से 10 फीट पीछे करवाया

**बाजपुर :** बेरिया रोड पर जाम की समस्या का कारण बनने वाले सड़क किनारे लगे फलों के ठेलों को नगरपालिका कर्मियों की टीम ने करीब 10 फीट पीछे करवाया। साथ ही पुन : आगे बढ़ाकर ठेला लगाने की दशा में चालान करने के साथ ही ठेला जब्त करने की चेतावनी दी गई। बेरिया रोड किनारे लगने वाले फल बाजार में व्यापारियों ने इन दिनों पक्की सड़क तक अपने ठेले व फड़ लगाना शुरू कर दिया है। इसकी वजह से बेरिया रोड पर यातायात व्यवस्था बिगड़ी रहती है। आमजन की मिल रही शिकायतों को देखते हुए बुधवार को नगरपालिका की टीम दोपहर बाद मौके पर पहुंच गई और सड़क तक फड़ व ठेले लगाने वालों को सड़क से करीब 10 फीट पीछे करवाया गया। टीम में कुंदन सिंह, नंदकिशोर, मनोज शर्मा, दीपक कुमार, विवेक जोशी, जयदीप तिवारी, हिमांशु राठौर, जितेंद्र कुमार, फूल सिंह आदि शामिल रहे।


खटीमा के वार्ड 20 में लोगों के साथ भाजपाई। ● अमृत विचार

### वार्ड 20 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनीं समस्याएं

**खटीमा :** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नंबर 20 में थारू पट्टी में लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान वार्डवासियों ने बिजली, सड़क, पानी की निकासी, नाली की सफाई, विद्युत पोलों की समस्याएं गिनाईं। इस अवसर पर नगर महामंत्री मनोज वाधवा, जिला कार्यकारिणी सदस्य राहुल सक्सेना, आलोक गोयल, आशा देवी, अभिलाष देवी, पुष्पा देवी, मनीषा, निर्मित राणा, पूनम देवी, निशा देवी, ममता देवी, राजेश्वरी देवी, अंगूरा देवी, सुषमा देवी, सुशीला देवी, लक्ष्मी देवी आदि उपस्थित थे।


किच्छा में फल वितरित करते व्यापारी। ● अमृत विचार

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निर्धनों को फल वितरित किए

**किच्छा :** अखिल भारतीय राहुल गांधी ब्रिगेड के पूर्व प्रदेश सचिव भूपेंद्र पपनेजा उर्फ बंटी की माता शारदा रानी की प्रथम पुण्यतिथि पर निर्धन लोगों को फल वितरित किए गए। नगर स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर में प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष राजकुमार बजाज के नेतृत्व में भूपेंद्र पपनेजा, तोता राम, शशि बजाज, सर्वेश सिंह, सत्यनारायण कनोडिया, रोहित कुमार, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

# पीसीएस-जे की परीक्षा उत्तीर्ण कर पहुंचे ज्योति का स्वागत

### बाजपुर के लोगों ने ढोल नगाड़े बजाकर फूलमालाओं से लादा

संवाददाता, बाजपुर

**अमृत विचार:** उत्तराखंड पीसीएस-जे की परीक्षा उत्तीर्ण कर पहली बार घर पहुंचे ज्योति सिंह कश्यप का नगरवासियों ने ढोल-नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्हें फूलमालाओं से लादकर जमकर आतिशबाजी की गई।

बाजपुर के मोहल्ला आलापुर निवासी हीरा लाल तुरैहा के पुत्र ज्योति सिंह कश्यप का चयन उत्तराखंड न्यायिक सेवा (सिविल जज) में हुआ है। उन्होंने इस परीक्षा में 9वीं रैंक प्राप्त की है। अभी वह हरिद्वार में सहायक अभियोजन अधिकारी के पद पर तैनात हैं। परीक्षा में उत्तीर्ण होने के बाद बुधवार की शाम पहली बार हरिद्वार से बाजपुर पहुंचे ज्योति सिंह का नगरवासियों ने जोरदार स्वागत किया। ज्योति अपनी मां रामवती देवी व पिता हीरालाल कश्यप के गले से लिपट गए। इस दौरान माता-पिता के साथ ही ज्योति सिंह की आंखों में खुशी के आंसू छलक आए। ढोल-नगाड़ों के साथ ही जमकर आतिशबाजी भी की गई। ज्योति सिंह ने कक्षा 6 से 12वीं तक की शिक्षा इंटर कॉलेज बाजपुर व राधेहरि राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय काशीपुर से एमए किया। वर्ष 2010 में एलएलबी की थी और 2013 में एलएमएम किया। आईएमटी काशीपुर में सहायक प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वर्तमान में वह कुमाऊं यूनिवर्सिटी अल्मोड़ा से पीएचडी भी कर रहे हैं। ज्योति सिंह ने इस मौके पर सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान व्यापार मंडल की ओर से जिलाध्यक्ष सत्यवान गर्ग, संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय नेता जगतार सिंह बाजवा, व्यापारी नेता अशोक कुमार गोयल, राजीव बंसल, मनोज गुप्ता, विकास गुप्ता, सिंह स्वरूप भारती, बब्बूराम सागर, जतिन सागर, अशोक कुमार,सत्यवीर बंसल, जसवंत तुरैहा, राजू कश्यप, नीरज कश्यप, पवन कश्यप, राजू सागर ,रामवती , भूपेंद्र कौर, संध्या कश्यप, चंद्रशेखर, शुभम आदि मौजूद रहे।


बाजपुर पहुंचने पर ज्योति सिंह का स्वागत करते लोग। ● अमृत विचार

### मारपीट मामले में 7 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**गदरपुर :** मिट्टी खनन का विरोध करने पर हुई मारपीट मामले में पुलिस ने सात लोगों पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। ग्राम कुईखेड़ी गदरपुर के पास कुछ लोगों द्वारा पोकलैंड मशीन से मिट्टी का अवैध खनन किया जा रहा था। ग्रामीणों ने विरोध करते हुए मिट्टी खनन कर रही पोकलैंड को लौटा दिया। ग्रामीणों का कहना था दबंगों ने लाठी डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया जिससे जरनेल सिंह निवासी कुईखेड़ी गंभीर रूप से घायल हो गया था। बुधवार को थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान ने बताया कि ग्राम कुई खेड़ी निवासी गुरमीत कौर पत्नी जनरेल सिंह की तहरीर पर गांव के ही राजेंद्र सिंह, जसवंत सिंह, अमित सिंह, कुलदीप सिंह, मनदीप सिंह, नरेंद्र सिंह, कुलविंदर सिंह, पुत्र कुलवंत सिंह पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।


गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को फल वितरित करते डॉ. सोनू विश्वास।

### गदरपुर में मरीजों को बांटे गए फल

**गदरपुर :** विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रेड क्रॉस सोसाइटी ने राजकीय इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित किया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. सोनू विश्वास ने छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। कार्यक्रम के उपरांत कार्यकर्ता सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां उन्होंने भर्ती मरीजों को फल वितरण किया। इस मौके पर पर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य परशुराम दिवाकर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्साधीक्षक डॉ. संजीव सरना, रेड क्रॉस जिला प्रतिनिधि सुधाकर दुबे, दीपंकर मंडल, मनोज राय, रिजवान अली आदि मौजूद थे।

## मां पूर्णागिरि के दर्शन को जा रहे तीन श्रद्धालु घायल

**खटीमा:** टेढ़ाघाट पुल पर दो कारों में आमने-सामने की हुई भिड़ंत में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। बुधवार देर शाम पीलीभीत रोड पर टेढ़ाघाट पुल के पास दो कारों में आमने-सामने से टक्कर हो गई। हादसे में छपरा कन्नौज निवासी भुवेश, उजाला मिश्रा और चतुर्भुज मिश्रा घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर घायलों को तत्काल 108 वाहन की सहायता से नागरिक अस्पताल लाया गया। बताया जा रहा है कि यह लोग मां पूर्णागिरि के दर्शन करने जा रहे थे। इसी दौरान खटीमा की ओर से जा रही एक कार ने टक्कर मार दी। चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।


शिमला में लायंस क्लब के चुने गए मंडलाधीश मुकेश जैन व अन्य।

### मुकेश जैन बने लायंस क्लब के मंडलाधीश

**खटीमा :** लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 321बी1 की ओर से हिमाचल प्रदेश के शिमला में आयोजित वार्षिक अधिवेशन में मुकेश जैन को मंडलाधीश चुना गया। यह जानकारी अधिवेशन से लौटे लायंस क्लब खटीमा सेवा के अध्यक्ष जितेंद्र पारुथी और मनोज कन्याल ने दी। उन्होंने बताया कि इस अधिवेशन में डिस्ट्रिक्ट के अलग-अलग हिस्सों से पहुंचे 104 डेलिगेट्स ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। अधिवेशन में मतदान की प्रक्रिया इलेक्शन चेयरपर्सन पीडीजी अनुपम बंसल तथा अधिवेशन चेयरपर्सन पीडीजी भूपेश बंसल की देखरेख में संपन्न हुई। मतगणना के बाद डिस्ट्रिक्ट गवर्नर तजिंदर पाल सिंह ने चुनाव परिणाम की घोषणा करते हुए मुकेश जैन को मंडलाधीश, रामचंद्र मिश्रा को फर्स्ट वीडीजी और परमजीत सिंह को सेकेंड वीडीजी घोषित किया।

## वर्ग पहेली-64

**बाएं से दाएं**

2.1.जो भारी न हो, हलका 2.जिसने गुरु से उपदेश या शिक्षा न पाई हो 3.(छंदशास्त्र) मात्रा या वर्ण जो लघु हो।

4.1.भेद-प्रभेद 2.पार्थक्य, अलगाव, फूट 3.अंतर, प्रकार 4.खंड, विभाग 5.एक से विकसित होकर अनेक रूप बनना 6.विशेष रूप से किया गया भेद या अलगाव, (डिस्क्रिमिनेशन)।

6.1.अविचल होने की अवस्था या भाव 2.दृढ़ता, अटलता, अडिगपन 2.स्थिरचित्तता, निश्चिंतता 3.स्थिरता।

8.1.हाथ से बजाई जाने वाली ताली, थपोड़ी 2.कर-ताल।

**ऊपर से नीचे**


1.1.प्रकट या प्रत्यक्ष होने की क्रिया अवस्था या भाव 2.आविर्भाव, अवतार 3.ज़ाहिर होना 4.उत्पत्ति, पैदाइश।

2.1.अभेद या एकता स्थापित करने वाला 2.समान भाव से रहने वाला। 3.दे.गुदा।

5.1.याद आना,याद करना, हाल-चाल जानना 2.स्मरण होना।

6.1.एक प्रकार का धारीदार चिकना कागज़ 2.एक प्रकार का पीला पत्थर 3.एक प्रकार की लाख की रंगाई।

7.1.धातु से तैयार की गई पतली डोरी, तंतु 2.समाचार को तीव्र गति से प्रेषित करने का माध्यम, (टेलिग्राफ़) 3.तार द्वारा भेजी गई सूचना, (टेलिग्राम) 4.सूत, तागा।(मु.)-तार कर देना : टुकड़े-टुकड़े कर देना, छिन्न-भिन्न कर देना।




### वर्ग पहेली -63 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | | | 2 प | | | |
| टी | | 3 प | र | लो | क | |
| न | | 4 से | व | | | 5 सा |
| | 6 ओ | व | र | हॉ | लिं | ग |
| 7 धु | री | | दि | | | वा |
| | | | गा | | | न |
| 8 बा | र | ब | र | दा | र | |

### सुडोकू-143

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 2 | | | | |
| 2 | | | 5 | 6 | | | | |
| | 8 | | 9 | | 7 | | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| | | 4 | | 9 | 3 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |

### सुडोकू -142 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मई गुरुवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 06 .21 तक तत्पश्चात द्वितीया 10 मई 04 .17 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृतिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-कृत्तिका 11 .55 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** — आज आपकी वाणी से लोग आकर्षित रहेंगे। विरोधी भी आपके साथ अच्छा व्यवहार रखेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। निजी रिश्तों में शंका को लाने से बचें। जोखिम भरे निवेश के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष** — आज आपके द्वारा किए गए कार्यों और योगदान की लोग प्रशंसा करेंगे। आप जीवनसाथी के साथ खुशियों के पलों का आनंद लेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और आभूषणों के आप शौकीन रहेंगे।

**मिथुन** — आज व्यापार में आप कुछ त्वरित निर्णय ले सकते हैं। नए कार्यों में आपको नुकसान होगा। भोग में आप धन खर्च करेंगे। आपके शत्रु इस समय सक्रिय हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** — आज व्यापार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। प्रेमी जोड़े काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। आपके घर में मित्रों का आगमन हो सकता है। दांपत्य संबंधों में सुख का अनुभव करेंगे।

**सिंह** — आज महिलाएं अपनी गृहस्थी के कार्यों में लगी रहेंगी। संतान की सफलता से हर्षित होंगे। जल्दबाजी के किए गए कार्यों में गड़बड़ियां हो सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। परिवार और कारोबार में आपको संतुलन बनाकर रखना होगा।

**कन्या** — आज मन में किसी गंभीर विषय को जानने की लालसा रहेगी। लोग स्वार्थ वर्ष आपकी चापलूसी करने में लगे रहेंगे। व्यवसाय को लेकर यात्रा हो सकती है। रुके हुए कार्यों में तरक्की होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**तुला** — आज अचानक बड़े खर्चे सामने आ सकते हैं। महत्वपूर्ण पेपरवर्क्स को बेहद सावधानी पूर्वक करें। आपकी छोटी सी लापरवाही के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर थोड़े असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज विद्यार्थियों को शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। व्यापार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

**धनु** — आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित रहेंगे। विदेश से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। नए काम की प्लानिंग कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की आप मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**मकर** — आज आपको पुराने अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। प्रेमीजन से अपने दिल की बात कह सकते हैं। किसी पर्यटन यात्रा के लिए जा सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कारोबार में अच्छी ब्रान्डिंग करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ** — आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। आप दूसरों की मदद करने के लिए धन खर्च कर सकते हैं। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं। आप जिस काम के लिए पूरी तरह निश्चित न हों तो तब तक उससे दूरी बनाकर रखें।

**मीन** — आज आप अपनी योग्यता के प्रदर्शन से आलोचकों को चौंका सकते हैं जिसके कारण आप उतनी ही शीघ्रता से काम पूरा भी कर लेंगे। आप अपने गृहकार्यों को काफी महत्व देंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। अपने मन की बातें दूसरों से तुरंत शेयर न करें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
सिक्का — सुबह :10 .06
तकदीर का तमाशा — रात : 07 .00

&pictures
सैंडविच — सुबह : 10 .43
होटल मुबंई — रात : 08 .00

SONY PIX
स्टुअर्ट लिटिल — सुबह : 10 .21
300 — रात : 09 .12

ZEE CINEMA
डोर — सुबह : 11 .30
प्रेम कहानी — रात : 07 .20

colors CINEPLEX
यू मी और हम — सुबह : 11 .01
चलते चलते — रात : 09 .17

### आज की सुपरहिट फिल्म



एंड पिक्चर्स पर रात : 08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोनों मिले
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता-मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू-बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हया: पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं। वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की दुश्मन बन जाती हैं।

## संपादकीय

# गंभीर समस्या

उत्तराखंड के जंगलों में आग प्रमुख आपदाओं में से एक है। जंगलों में आग लगने का संकट इस बार ज्यादा गंभीर नजर आ रहा है। राज्य का 40 प्रतिशत हिस्सा जल रहा है। हर वर्ष उत्तराखंड में जंगल की आग से वन पारिस्थितिकी तंत्र, वनस्पतियों, जीवों की विविधता और आर्थिक संपदा को भारी नुकसान होता है। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान बुधवार को पीठ ने कहा कि 'क्लाउड सीडिंग' (कृत्रिम बारिश) या 'इंद्र देवता पर निर्भर रहना' इस मुद्दे का समाधान नहीं है। राज्य को निवारक उपाय करने होंगे। न्यायमूर्ति बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ को राज्य सरकार ने बताया कि पिछले साल नवंबर से उत्तराखंड में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुईं और ऐसी घटनाओं में पांच लोग मारे गए। राज्य के उप महाधिवक्ता ने बताया कि सभी आग मानव निर्मित थीं। एक अधिवक्ता ने पीठ को बताया कि राज्य एक 'गुलाबी तस्वीर' पेश कर रहा है, लेकिन मीडिया रिपोर्टों का दावा है कि जंगल की आग से निपटने में शामिल पूरी मशीनरी चुनाव-संबंधी काम में व्यस्त है। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार पहाड़ों में लग रही आग को आपदा मानते हुए इस पर काबू पाने को जमीनी प्रयास कर रही है। प्रशासन जनसहभागिता से आग बुझाने के काम में लगा है। कुछ मामलों में वन विभाग की लापरवाही भी सामने आई है जिसके बाद 17 वन कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरुल (चीड़ के पत्तों) को एकत्र करने के लिए पिरुल लाओ-पैसे पाओ मिशन की शुरूआत की गई है।

इस काम के लिए 50 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। वास्तव में जंगल की आग एक गंभीर समस्या है। पिछले कुछ वर्षों में आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है और इन घटनाओं से पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान होता है। जंगल पहाड़ी इलाकों में लोगों के साथ सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र के आर्थिक कल्याण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही वन और वन्यजीव महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन हैं और मानव जीवन व पर्यावरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थिति दयनीय है। जो लोग आग बुझाने जाते हैं उनके पास उचित उपकरण तक नहीं हैं। दरअसल सरकारों की प्राथमिकता में पर्यावरण व वन संरक्षण शामिल ही नहीं हो पाया है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते वातावरण में तापमान बढ़ने से भी आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। हमें बढ़ते तापमान के साथ प्रकृति संरक्षण के उपायों को बढ़ावा देना होगा। निस्संदेह जंगलों की आग पर ग्रामीणों के सहयोग के बिना काबू नहीं पाया सकता।

# धर्म और कम्युनिकेशन के अंतस्संबंध की समस्याएं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है।

अनेक विचारक सलाह दे रहे हैं कि अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा होनी चाहिए। वरना अराजकता फैल जाएगी। इस तरह के लोगों के विचारों को सुनकर एक पल के लिए यही लगता है, अभिव्यक्ति की आजादी का दायरा खींचने की जरूरत है। सच यह है अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं तय करना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का लक्ष्य मात्र अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि उसका परम लक्ष्य तो अभिव्यक्ति की सीमाओं का विस्तार करना और तोड़ना है। हर दौर में लेखकों-कलाकारों ने यह काम किया है, वे यह काम आज भी कर रहे हैं।

सामान्य कम्युनिकेशन भी सीमाएं नहीं मानता। एक जमाना था औरतें पर्दे की आड़ लेकर, घूंघट में से बोलती थीं, लेकिन बोलते-बोलते वे आज जहां तक चली आई हैं उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। बोलना या अभिव्यक्ति तो परिवर्तन की प्रक्रिया में, सीमा तोड़ने की प्रक्रिया में शामिल होना है। इसीलिए हिंदी में कहावत भी है "बोला और मरा"। अभिव्यक्ति की प्रक्रिया में मनुष्य जब भी दाखिल होगा वह देर-सबेर अभिव्यक्ति की सीमाएं तोड़ेगा। एक जमाना था कोई लड़की किसी लड़के से बात करती हुई देख ली जाती थी तो हंगामा हो जाता था, लेकिन आज स्थिति यह है कि सामान्य तौर पर शिक्षित लड़कियों के पास अपने मित्र लड़कों के मोबाइल में नंबर रहते हैं और वे घर में ही आराम से बातें करती रहती हैं। अभिव्यक्ति की विशेषता है कि वह सीमा नहीं मानती। चाहे जितने कानून बनाओ, चाहे जितने आदेश लागू करो।

अभिव्यक्ति और धर्म के अंतस्संबंध में एक बात साझा है वह है, धर्म भी नियम सीमा नहीं मानता और अभिव्यक्ति भी नियम सीमा नहीं मानती। धर्म को यदि प्राचीन नियमों के अनुसार ही चलाया जाए तो धर्म अनाकर्षक होगा। उसकी कोई अपील नहीं होगी। दूसरी बात यह कि प्राचीन काल में तो धर्म ही कम्युनिकेशन था। कालांतर में अन्य कम्युनिकेशन के रूप आए हैं। धर्म की भूमिका मूलतः कम्युनिकेशन की ही रही है। कम्युनिकेशन में ज्योंही एक-दूसरे के बीच संवाद आरंभ होगा, कम्युनिकेटर और समाज के बीच में संवाद आरंभ होगा, अभिव्यक्ति की सीमाएं क्रमशः टूटने लगेंगी। यह अभिव्यक्ति का अंतर्निहित नियम है। हिंदू धर्म में भगवान से बड़ा भक्त है, जबकि इस्लाम में अल्लाह बड़ा है, बाकी उसके मातहत हैं। हिंदू धर्म में भगवान नियंता नहीं है, भक्त नियंता है। हिंदू धर्म में नियम महत्वपूर्ण नहीं है, आदत या संस्कार महत्वपूर्ण हैं। आदतें महत्वपूर्ण होने से हिंदू धर्म में किसी भी किस्म के शारीरिक नियंत्रण की संभावनाएं नहीं हैं। धर्म का लंबे समय से अंदर से रुपांतरण होता रहा है। हमारे यहां कोई एक नियंता नहीं है। हर नागरिक का अपना-अपना हिंदू धर्म है। हिंदू धर्म में यह उदारता या खुलापन बड़े वैचारिक संघर्षों के कारण पैदा हुआ है और यह प्रक्रिया बड़ी श्रमसाध्य और त्यागपूर्ण रही है। इसके विपरीत इस्लाम में नियंता रहे हैं और नियंता के प्रति हर मुसलमान को समर्पण करना और उसके बनाए नियमों का आचरण करना जरूरी है। वरना उसके प्रति संदेह या अविश्वास पैदा होगा। इसलिए जिन देशों में इस्लाम नियंता और नियामक है, वहां पर अभिव्यक्ति की आजादी का सवाल ही पैदा नहीं होता। अभिव्यक्ति की आजादी के लिए धार्मिक नियंता की अनुपस्थिति जरूरी है। इस्लामिक देशों में चूंकि नियंता अल्लाह है। अतः वहां अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रूप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की।

इसके विपरीत भारत में भगवान तो है, लेकिन वह नियंता नहीं है। यहां पर भगवान भक्त का संबंध स्वैच्छिक है। इसमें भक्त बड़ा है, भगवान से। आराधना के सारे नियम भक्त बनाता है, भगवान या उसके नुमाइंदे तय नहीं करते। यही वजह है हिंदू धर्म में सबसे ज्यादा मत-भिन्नता है, इस्लाम में एक अल्ला है, हमारे यहां तैंतीस करोड़ देवी-देवता हैं, अनेक ईश्वरों के सहस्रनाम हैं। हमने एक भगवान की धारणा को कभी नहीं माना। भगवान एक नहीं है तो नियंता भी एक नहीं है। अमूमन एक ही मंदिर में अनेक देवी-देवता मिलेंगे। बड़ी तादाद में ऐसे भी मंदिर मिलेंगे जिनमें आराधक-प्रचारक की भगवान के साथ प्रतिमा लगी हुई है। यानी हमारे यहां भक्त को भगवान के बराबर का दर्जा दिया गया है। इसलिए हिंदू धर्म की परिस्थितियों के साथ इस्लाम की तुलना करना सही नहीं होगा, इस्लाम के आईने में हिंदू धर्म को नए सिरे से संगठित करना भी सही नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रुप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की। हिंदू धर्म के बहुत सारे कोड या संहिताएं सभ्यता के विकास में बहुत बाद में आए, इनके आने के बाद भी समाज में संहिताओं को न मानने की परंपरा बनी रही है। हिंदू धर्म में ईश प्रशंसा भी कर सकते हैं, ईश-समालोचना भी कर सकते हैं, चाहें तो अपने लिए नया भगवान बना सकते हैं और उसका समूचा ताम-झाम भी खड़ा कर सकते हैं। हिंदू धर्म में कोई धार्मिक कानूनी किताब नहीं है जिसके आधार पर सामाजिक दंड दिए गए हों। यदि किसी ने मनुस्मृति बना दी है तो वह भी रहेगी, लेकिन जरूरी नहीं है लोग उसे मानें। भारत में कोई भी ऐसा कालखंड नहीं रहा जिसमें मनुस्मृति के हिसाब से समाज को संचालित किया गया हो। समाज संचालन के नियम धार्मिक किताबों के बाहर थे, हो सकता है उनकी किसी लाक्षणिकता का मनुस्मृति से साम्य मिल जाए, लेकिन भारत कभी भी मनुस्मृति या धर्मशास्त्र संचालित देश नहीं रहा। भारत में ईश निंदा के लिए किसी की हत्या नहीं की गई, जबकि उनके खिलाफ क्या-क्या किया जाए उसके प्रावधान जरूर हैं, लेकिन ईशनिंदा के कारण या नास्तिक होने के कारण किसी को जान से नहीं मारा गया, जबकि इस्लाम में ऐसा नहीं है। ईश निंदा हमारी परंपरा में नास्तिकों के संघर्ष के द्वारा अर्जित संस्कार और हक है।

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है। हमारे यहां ईश्वर है, लेकिन वह वैसे ही है जैसे टीवी है, रेडियो, इंटरनेट है। ईश्वर हमेशा से संस्कारों के कम्युनिकेशन का चैनल रहा है और आज भी है। कुछ संगठनों की भूमिका इसी प्रसंग में सबसे खतरनाक तौर पर उभरकर सामने आई है, वे इस्लाम से प्रेरणा लेकर काम कर रहे हैं। इस तरह वे सुचिंतित ढंग से हिंदू धर्म की परंपराओं और मान्यताओं को फंडामेंटलिस्टों की तरह परिभाषित कर रहे हैं और यदा-कदा लागू करने की कोशिशें भी करते रहे हैं। सच्चाई यह है कि कौन किस धर्म में जाएगा, किससे शादी करेगा यह हिंदू धर्म में कभी भी सामाजिक चर्चा के केंद्र में नहीं रहा। आदि शंकराचार्य के जमाने से लेकर तुलसीदास के जमाने तक यह चीज साफ तौर पर देख सकते हैं कि किससे शादी करोगे और कौन सा धर्म मानोगे यह नागरिक के विवेक पर छोड़ दिया गया था।


मूल बात यह कि धर्म तो कम्युनिकेशन है और कम्युनिकेशन को आप नियमों में बांध नहीं सकते। कम्युनिकेशन का नियम है तोड़ना, वह समाज को तोड़कर बनाने का काम करता है। वह पुराने को नष्ट नहीं करेगा तो नया आएगा कैसे? हर किस्म का कम्युनिकेशन अपने लिए तोड़ने-बनाने की यह जंग लड़ता है और इसे नियमों में बांधना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का दायरा वहां तक फैला है, जहां तक अर्थ का दायरा फैला हुआ है। हम सोचें क्या अभिव्यक्ति के अर्थ की कक्षा तय की जा सकती है?

## प्रसंगवश

# गणराज्य और निरंकुश राजा

श्रीकृष्ण जन्मजात विद्रोही थे। उनके जन्म के समय मथुरा में गणराज्य था-अंधक, वृष्णि, भोजक, यदगण थे। गणपति उग्रसेन था। सचिव यादव वसुदेव था। दूसरी ओर उस समय मगध में राजा जरासंध निरंकुश था। उसने अनेक राजाओं को बंदी बनाकर राज्यविस्तार किया और हजारों कन्याओं का अपहरण किया था।

मथुरा की इस गण-शक्ति से जरासंध डरता भी था, लेकिन वह अपने सैन्य-दल के साथ टोह लेने को मथुरा के पास यमुना की ओर छावनी बनाकर ठहरा हुआ था। वहां एक घटना यह घटी कि उसका एक हाथी सांकल तोड़कर भाग गया, सैनिकों की पकड़ में नहीं आया। यह दृश्य अपने अखाड़े पर खड़ा युवराज कंस देख रहा था। वह अखाड़े से कूदा और उसने हाथी को सूंड से पकड़कर बैठा लिया। बस, मथुरा को जरासंध की नजर लग गई। उसने आगे की सोची और अपनी दोनों बेटी अस्ति-प्राप्ति का विवाह कंस से कर दिया। मगध जरासंध ने अस्ति-प्राप्ति देकर मथुरा का शासन-सूत्र अप्रत्यक्ष-रूप से संभाल लिया था। जरासंध के आदेश से पहले तो उग्रसेन को हटाया गया, फिर वसुदेव को हटाने की चाल चली। वसुदेव को कैद करवाया। मथुरा के चारों ओर या तो गोपों के कबीले घूमते थे या मांसाहारी वन्य जातियां थीं, जो गोपों से शत्रुता का भाव पाले हुए थीं। गोप सम्पन्न थे और सभ्यता की अग्रिम सीढ़ी पर आ चुके थे। इसलिए वसुदेव गोपों के स्वाभाविक मित्र थे, जबकि मांसाहारी असुर जातियां जरासंध के साथ थीं। कंस निरंकुश साम्राज्यवाद की कठपुतली की तरह था। आतंक-अत्याचार बढ़ता गया। आतंक-अत्याचार के खिलाफ आग भी सुलग रही थी।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गोपों की शक्ति संगठित थी। वसुदेव का बालक उन्हीं की छाया में बडा हो रहा था। षड्यंत्र हुए किंतु हर बार कंस का दाव खाली जाता। अंत में अक्रूर को भेजा, वे चाचा थे। कृष्ण-बलराम आए और सुलगती आग में घी डालकर कंस को अकेला कर के मार दिया। कंस के शासन के विरुद्ध मथुरा ही नहीं उबल रहा था, यह पूरे मध्यदेश में गूंजने वाला विद्रोह और धधकने वाली ज्वाला थी और इसका कारण कंस का श्वसुर जरासंध था। ये ही कृष्ण विद्रोह के नायक बने और पांडवों से मित्रता कर के जरासंध को मारा था। यही कृष्ण महाभारत के महानायक थे।

# चुनाव में युवा और रोजगार के मुद्दे गायब



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है।

लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरण का मतदान हो चुका है। 1 जून को अंतिम चरण का मतदान हो जाएगा और 4 जून को नई आने वाली सरकार की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने तरीके से एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। हर कोई सत्ता में काबिज होना चाहता है। आम जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किन मुद्दों को लेकर ये अपनी उम्मीदवारी रख रही हैं।

देश में बहुत सारी समस्याएं हैं जिनका समाधान इतने वर्षों से नहीं हुआ है। जनता त्रस्त है। सबसे बड़ी समस्या आज महंगाई की है। रोटी, कपड़ा और मकान जो एक आम इंसान की बेसिक जरूरत है, एक बड़े तबके के लिए उसे पूरा करना बहुत मुश्किल हो रहा है। खाद्य पदार्थ, सब्जियों के दाम इतने अधिक बढ़ चुके हैं कि एक सामान्य मध्यवर्गीय परिवार के लिए भी पेट पालना मुश्किल हो रहा है। निर्धन वर्ग की तो बात ही क्या करें?

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है। अंतरिम बजट पेश करने से पहले सरकार ने द इंडियन इकोनामी ए रिव्यू शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें वर्ष 2027 तक जीडीपी के वर्तमान मूल्य पर अर्थव्यवस्था के 50 खरब डॉलर के स्तर को पार कर लेने की बात कही गई थी। इस तरह भारत के दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह आसान दिखती है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्य पर भारत की जीडीपी अभी लगभग 37.3 खरब डॉलर है। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे मात्र चार देश जीडीपी के मामले में भारत से आगे हैं। दो देशों के बीच उत्पादकता और लोगों के रहन-सहन की गुणवत्ता लिविंग स्टैंडर्ड की तुलना करने के लिए इन देशों की सेवाओं और उत्पादों के साथ वहां की मुद्राओं की क्रय क्षमता के बीच तुलना की जाती है जिससे व्यक्ति के खरीदने की क्षमता का पता चलता है। इसे पर्चेजिंग पावर पैरिटी कहते हैं, लेकिन बहुत ज्यादा विश्वसनीय यह पैमाना नहीं कहा जा सकता। 2027 में विश्व की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में कोई संदेह नहीं है, लेकिन युवाओं में फैली बेरोजगारी से हम आंखें नहीं मोड़ सकते।

सरकारी नौकरियों में पदों की संख्या बहुत कम है। रिटायर होने वाले कर्मचारियों के स्थान पर नई भर्तियां बंद हैं। लाखों पद खाली हैं, पर उनकी जगह संविदा या आउटसोर्स से ही काम चलाया जा रहा है जिससे विभागों की कार्य प्रणाली पर भी बहुत असर पड़ा है। इसके साथ ही साथ प्राइवेट सेक्टर में तो हाल बहुत ही बुरा है। विभिन्न संस्थाओं में इंजीनियरिंग छात्रों की परीक्षाएं लगभग हो चुकी हैं। 15 लाख के लगभग छात्र पास आउट होंगे पर नौकरी 1-1.5 फीसदी छात्रों को ही मिलेगी। आईआईएम के छात्रों तक को नौकरी नसीब नहीं है। अर्थव्यवस्था का असली चेहरा यही है। अर्थव्यवस्था बढ़ती तो रोजगार के द्वार भी अवश्य खुलते। इकोनॉमी टाइम्स के अनुसार 25 साल में नौकरियां में सबसे ज्यादा कटौती हुई। रेलवे, पुलिस, पोस्ट ऑफिस में ढेरों पद खाली है। पेटीएम, स्वीगी, फ्लिपकार्ट, बाइजू जैसी कंपनियां लगातार छंटनी कर रही हैं। ईपीएफ में जुड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। लिंकडिन के अनुसार कर्मचारियों पर काम का बोझ बहुत है और वे दूसरी नौकरी की तलाश में हैं। काम के घंटे बढ़ रहे हैं, जबकि मनोवैज्ञानिक काम के घंटों के बीच आराम की वकालत करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय संगठन और मानव विकास संस्थान की नई रिपोर्ट इंडिया अपॉइंटमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार देश में नियमित वेतन पाने वाले और स्वरोजगार में लगे लोगों की वास्तविक कमाई में पिछले एक दशक के दौरान गिरावट आई है। यह आकलन मुद्रा स्फीति की दर के आधार पर किया गया है। इसी तरह खेती-बाड़ी से जुड़े 42.8 प्रतिशत नियमित श्रमिकों को और 51.9 प्रतिशत आकस्मिक श्रमिकों को निर्धारित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। युवाओं का वोट बैंक राजनीतिक पार्टियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन फिर भी प्रमुख राजनीतिक दलों के चुनाव पत्रों से रोजगार जैसे मुद्दे गायब दिखाई देते हैं। बेरोजगारी के कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दुष्प्रभाव हैं, जैसे मानसिक तनाव, विवाह की उम्र में देरी होना, पारिवारिक कलह, जीवन से विरक्ति आदि। जरूरत है कि राजनीतिक पार्टियां थोड़ा संवेदनशीलता दिखाकर रोजगार जैसे गंभीर मुद्दों पर सोचें और विचारें।

## सोशल फोरम

# परेशानी की वजह

धर्म-कर्म में रत और पति से विरत स्त्रियां मुझे पसंद नहीं। पति धर्म भी एक धर्म है जिसका पालन जरूरी है, लेकिन शायद भारत में स्त्रियां शारीरिक रूप से पहले मानसिक रूप से बूढ़ी हो जाती हैं। इस पर अगर पुरुष खुद से 10-12 साल छोटी स्त्री से विवाह करना चाहे तो उसे गलत नहीं कह सकते। क्योंकि यहां स्त्रियां जितनी तेजी से जवान होती हैं उससे दुगनी तेजी से बूढ़ी हो जाती हैं और उसके बाद उन्हें एक ही "काम" सूझता है। पूजा पाठ और केवल पूजा पाठ।



तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे एक मित्र हैं, जो अपनी बेगम के इस व्यवहार से बड़े दुखी हैं। उन्होंने उसे प्यार से समझाया, मनाने की कोशिश की। फिर धर्म में एक बेगम का फर्ज याद दिलाया और इस संबंध में धर्म गुरुओं की तकरीरें भी सुनाईं। मित्र ने फिर एक और प्रयास किया। खोज-खाज कर कुछ आयतें भी सुनाईं। उस धर्म गुरू की तकरीर खास रूप से सुनाई जिसमें वे कहते हैं कि पति के काम से लौटने पर बेगम मुश्क वगैरह लगा, सज-धजकर अपने खाविंद का स्वागत मुस्कुराकर करे, लेकिन इतना सब करने के बावजूद कोई असर नहीं हुआ।


अब मित्र इतने दुखी हैं कि कहते हैं, अगर मेरे पास थोड़ी दौलत होती तो मैं एक निकाह और कर लेता। वैसे भी हमारे लिए चार निकाह तक जायज है और यहां दूसरे निकाह के लिए तो मेरे पास जायज वजह भी है।

मित्र डिप्रेशन से भी पीड़ित हैं। अब वजह क्या है मुझे नहीं पता? एक मनोचिकित्सक के पास जाने पर डॉक्टर ने बेगम को भी साथ लाने के लिए कहा, लेकिन बेगम साथ जाने को तैयार नहीं। उसका एक ही कहना है कि ये तुम मर्दों की दुनिया है। वहां अपना दुखड़ा रो-रो कर तुम मेरी बेज्जती करवाओगे। तुम सब मर्द एक जैसे ही हो।

आप शायद मेरे मित्र की बेबसी पर हंस रहे हैं, लेकिन ये एक बड़ी गंभीर समस्या है और एक बड़ी आबादी इससे पीड़ित है। मानसिक परेशानी और घरेलू झगड़ों की ये एक बड़ी वजह है।

-फेसबुक वॉल से

# हर चुनाव के समय याद किए जाते रहेंगे टीएन शेषन



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई।

त्रिची की ओर जाती बस को ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर ने हाथ दिया। बस रुकी। ड्राइवर की सीट के पीछे पहुंचे डायरेक्टर ने खुद बस चलाने के लिए उसे सीट से हटने का इशारा किया। ड्राइवर उन्हें पहचान चुका था। सम्मान व्यक्त किया, लेकिन ड्राइविंग जारी रखी। दो-तीन बार उन्हें अनसुना करने पर वे ड्राइवर पर बिफर पड़े। बस के पैसेंजर दोनों की बात सुन रहे थे। उन्होंने डायरेक्टर से पूछा क्या आपका बस को कहीं भिड़ा देने का इरादा है? जवाब मिला कि मैं प्रशिक्षित ड्राइवर हूं। सबूत में अपना बैज नंबर 2956 भी दिखाया। फिर विलुपुरम्म से पेरांबलुर तक वे ही बस की ड्राइविंग सीट पर थे।

बात यहीं पूरी नहीं हुई। शासन से इजाजत लेकर बस मैकेनिक की भी ट्रेनिंग ली। फिर बस की धुलाई, ग्रीसिंग, टायर बदलने से लेकर गेयर बॉक्स खोलने तक के काम अंजाम दिए। मद्रास (तामिलनाडु) में ब्रेक डाउन के नाम पर जगह-जगह खड़ी हो जाने वाली बसों और इसके लिए ड्राइवर-मैकेनिकों द्वारा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने के आरोपों की असलियत जानने के लिए एक आईएएस ऑफिसर सीधे ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। ड्राइवर, कंडक्टर और मैकेनिक सभी की भूमिकाएं निभाईं। ये टीएन शेषन थे जिनकी मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर यादगार पारी के लिए हर चुनाव के मौके पर उन्हें जरूर याद किया जाता है। इसके अलावा भी उन्होंने कुछ किया। उनकी आत्मकथा के हवाले से यह रोचक प्रसंगः तामिलनाडु की मौजूदा मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन उन दिनों मद्रास का ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट था। सिटी बसें भी उसके अधीन थीं। मद्रास-बंगलौर, मद्रास-त्रिची और कन्याकुमारी के लिए भी सरकारी बसें उपलब्ध थीं। शेष रूट्स पर प्राइवेट बसें थीं। सरकारी बसों की उम्दा सेवाओं का आलम यह था कि उनकी टाइमिंग से घड़ी मिलाई जा सकती थी। किसी भी हालत में बस में 35 से अधिक पैसेंजर बिठाने की अनुमति नहीं थी। समस्या सिर्फ एक थी कि पीक आवर्स में ब्रेक डाउन हो जाता। ड्राइवर तकनीकी खामियों के नाम पर बस सड़क किनारे खड़ी कर देते। वर्कशॉप से मैकेनिक पहुंचते। वे बस को दुरुस्त और चलने लायक बताते। ड्राइवर पर ड्यूटी से बचने के लिए झूठी कंप्लेंट का आरोप जड़ते। इस खींचातानी में सरकार को नुकसान और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती। डायरेक्टर के तौर पर तैनात मर्ज की असलियत जानना चाहते थे।

शेषन की तैनाती के समय उनके बड़े भाई लक्ष्मी नारायण आईएएस डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी इंचार्ज थे, लेकिन ट्रांसपोर्ट से जुड़ी फाइलें एडिशनल सेक्रेटरी आर.थिरुमलाई के पास जाती थीं। एक दिन थिरुमलाई के पास बस ड्राइविंग सीखने की इजाजत के लिए शेषन का पत्र पहुंचा। वे चौंके। इसकी क्या जरूरत है? फिर शेषन उन्हें राजी करने में कामयाब रहे। बाकायदा ट्रेनिंग हासिल की। सफल होने पर बैज नंबर 2956 मिला। सिर्फ लाइसेंस काफी नहीं था। भीड़ भरी सड़कों पर ड्राइविंग के दौरान ड्राइवर को होने वाली दिक्कतें जानने के लिए वे एक सुबह साढ़े पांच बजे वर्कशॉप पहुंचे। माइलापोर और पैरी कॉर्नर के बीच चलने वाली बस की स्टीयरिंग संभाली और फिर डेढ़ बजे दोपहर तक की शिफ्ट पूरी की। लंबे रूट की बसों की चेकिंग के लिए वे स्टेशन बैगन से निकलते थे।

एक दिन शेषन ने कंधे पर कंडक्टर का बैग टांगा। फुटकर रुपए-रेजगारी ली। सुबह साढ़े पांच बजे से डेढ़ बजे तक की पहली शिफ्ट की। हालांकि उन्होंने यूनिफॉर्म नहीं पहनी थी। कंडक्टर की उनकी भूमिका पर सवाल उठे। सहयोगियों ने कहा कि फिर आईएएस बनने की क्या जरूरत थी? अनेक ने उन्हें पागल भी कहा, लेकिन शेषन पर इन सबका कोई असर नहीं था। वे ड्राइवर, कंडक्टर, वर्कशॉप और सवारियों सभी की वास्तविक कठिनाइयां जान उसका निदान चाहते थे। एक काम उन्हें सीखना और जरूरी लगता था। वह बस के तकनीकी पक्ष से जुड़ा था। शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई। शेषन ने याद किया कुछ समय के भीतर मैंने बस को रैंप पर ले जाना, धुलाई, ग्रीसिंग, टायर्स और बैट्री बदलना, गियर बॉक्स खोलकर उसकी सफाई सहित सभी कुछ सीखा। 1962 में शेषन जब विभाग में पहुंचे थे तो सिटी बसों की वहां तादाद 1400 थी। डेढ़ साल बाद यह तादाद 1800 थी।

# अपरिपक्व उत्तराधिकारी

अपरिपक्व व्यक्ति को उत्तराधिकारी बनाने के बाद उसे उसकी जिम्मेदारियों से हटा दिया गया। उम्र के एक दौर के बाद मायावती ने अपना उत्तराधिकारी अपने परिवार के ही व्यक्ति को बनाया, लेकिन बकौल मायावती वह अपरिपक्व है इसलिए उसे हटा दिया गया। बिना किसी मेहनत के बिना किसी परीक्षा के सिर्फ वह उत्तराधिकारी इसलिए है कि उसकी योग्यता इतनी सी है कि वह परिवार का सदस्य है, इसके कारण कई बड़े लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है।




धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

रतन टाटा ने भी अपने उत्तराधिकारी को चुना था। उस चुने हुए व्यक्ति ने अपरिपक्वता दिखाई और टाटा ब्रांड को नुकसान पहुंचाया। टाटा के कई व्यापारों को बेच दिया। बाद में टाटा ने इसे उत्तराधिकार से हटा दिया और इसके बाद टाटा ने अपनी कंपनी को दुबारा से मजबूत किया। शायद किसी शायर ने सही लिखा है -मुझ को थकने नहीं देता ये जरूरत का पहाड़/मेरे बच्चे मुझे बूढ़ा नहीं होने देते, अयोग्य और अपरिपक्व को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद मायावती को अपनी गलती जल्द समझ आ गई। हरिवंश राय बच्चन ने लिखा है-मेरे बेटे, सिर्फ मेरे बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे, बल्कि जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे वो मेरे बेटे होंगे।

# डिजिटल फ्रॉड

फ्रॉड करने वाले दिन-प्रतिदिन धोखा देने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं जिसके प्रति भारतीय रिजर्व बैंक बराबर सतर्क करता रहता है। अभी कुछ दिन पहले मेरे एक रिश्तेदार ने ओलेक्स पर कुछ सामान बेचने के लिए फोटो शेयर किए थे। जवाब में तुरंत किसी ने सामान खरीदने की इच्छा व्यक्त की और क्यूआर कोड स्कैन करने को कहा यह भी फ्रॉड करने का एक नया तरीका है, अगर ऐसा हो जाता तो शायद पूरा खाता ही खाली कर दिया जाता। सजग होने से वे फ्रॉड से बच गए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आज के डिजिटल युग में कॉल करके, मैसेज भेजकर ओटीपी शेयर कराकर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ रही है। भेजे गए मैसेज में किसी भी प्रकार का नंबर या लिंक प्रेस करने से बचने चाहिए। किसी भी स्थिति में किसी अनजान के कहने पर कोई एप डाउनलोड नहीं करना चाहिए। अनजान लोगों के द्वारा बैंक, कोरियर, आरबीआई या पुलिस का नाम लेकर कॉल करने वालों के किसी दबाव या धमकी से कोई जानकारी साझा न करें। ये केवल धोखा है जिससे आप सतर्क रहकर ही बच सकते हैं। किसी सर्विस सेंटर के नंबर के लिए कभी भी गूगल से नंबर नहीं खोजना चाहिए, बल्कि उस कंपनी की वेबसाइट पर जाकर कस्टमर केयर नंबर निकालकर सर्विस संबंधी शिकायत दर्ज कराना चाहिए। हमारी जागरूकता ही हमको इस तरह की धोखाधड़ी से बचा सकती है।

## एक नजर

### जंगल में आग लगाने के आरोपी को भेजा जेल

**अल्मोड़ा :** मंगलवार की शाम जिले के सोमेश्वर क्षेत्र में एक युवक को जंगल में आग लगाने के आरोप में पकड़ा है। डीएफओ दीपक सिंह ने बताया कि 21 वर्षीय स्थानीय युवक वीरजीत को जंगल में आग लगाते हुए वन विभाग की टीम ने पकड़ा। अभियुक्त को पुलिस के हवाले किया गया है। साथ ही उसके खिलाफ वन अधिनियम के तहत मुकदमा भी दर्ज कराया गया है। आरोपी को जेल भेज दिया है। इस फायर सीजन जिले में जंगल में आग लगाने पर गिरफ्तारी का यह पहला मामला है।

### बच्चों ने बनाईं अपनी अपनी हस्तलिखित पुस्तकें

**रानीखेत :** अल्मोड़ा से प्रकाशित बच्चों की पत्रिका बालप्रहरी तथा रानीखेत किताब कौतिक आयोजन समिति के सयुक्त तत्वावधान में कैंट इंटर कालेज रानीखेत में आयोजित बाल लेखन कार्यशाला के चौथे दिन बच्चों ने बालप्रहरी, बाल मन, बाल विचार, ज्योति, नई ज्योति, किरण नई किरण, बालिका स्वर आदि नामों से अपनी-अपनी हस्तलिखित पुस्तक तैयार कीं। बच्चों ने अपनी पुस्तक का रंगीन मुखपृष्ठ तैयार किया। अपनी पुस्तक की भूमिका भी लिखी। बच्चों ने पत्र विधा के माध्यम से कार्यशाला की रिपोर्ट भी पारिवारिक जनों के नाम लिखी। बालप्रहरी संपादक उदय किरौला ने औरैगैमी के तहत अखबार के मोड़ से सरल भाषा में रेखागणित को समझाया। उन्होंने बताया कि 'औरैगैमी' जापानी भाषा का शब्द है। इसका आशय अखबार के मोड़ से बच्चों को ज्यामितीय का ज्ञान देना है। किताब कौतिक आयोजन आयोजन समिति के हेम पंत व विमल सती ने बताया कि किताब कौतिक के पहले चरण का समापन कल छावनी इंटर कालेज में प्रात: 10 बजे समारोह पूर्वक होगा।

### सीओ ने की ऑपरेशन स्माइल की समीक्षा

**अल्मोड़ा :** एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर सीओ सिटी विमल प्रसाद ने ऑपरेशन स्माइल के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन की ओर से एक मई से यह अभियान शुरू किया गया है। अभियान के तहत अब तक चार गुमशुदा लोगों को सकुशल बरामद किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन स्माइल की टीम को गुमशुदा बच्चों, महिलाओं और पुरुषों की तलाश के लिए पुरजोर प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं। टीम में अनिल कुमार, सुरेश गिरी, बालम सिंह, मोनिका जोशी को शामिल किया गया है।

### लोक अदालत 11 को

**टनकपुर :** चम्पावत में राष्ट्रीय लोग अदालत 11 मई को आयोजित किया जा रहा है। लोक अदालत मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, भरण पोषण वाद, बैंक वसूली, एनआई एक्ट, धारा-138 के मामलों के निस्तारण के लिए लोक अदालत का आयोजन होगा। प्रभारी अधिकारी जिलाधिकारी कार्यालय भगवत प्रसाद पांडे ने बताया कि 11 मई को सुबह 10 बजे से सायं 5 बजे तक जनपद चम्पावत में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में विशेष रूप से फौजदारी के सामने मामले, धारा 138 एन आई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा मामले, वैवाहिक कुटुंब न्यायालय के मामले, श्रम संबंधित मामले, भूमि अर्जन के मामले, दीवानी वाद राजस्व और अन्य सहायक मामले आदि के तहत सामान्य यातायात चालान सहित अन्य ऐसे मामले जो सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित हो सके का निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने किसी भी प्रकार के वादों के निस्तारण के लिए राष्ट्रीय लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की है।

# मातृ और शिशु मृत्यु दर कम करने को उठाएं ठोस उपाय

## जिलाधिकारी ने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों की बैठक ली, मुख्य चिकित्सा अधिकारी से जानी विगत महीनों की मृत्यु दर की रिपोर्ट

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी विनीत तोमर ने बुधवार को नवीन कलक्ट्रेट में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जिले में मातृ और शिशु मृत्यु दर कम करने के लिए ठोस उपाय करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान डीएम ने विगत महीनों में हुई मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु दर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी से विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की।

चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में जिन गर्भवती महिलाओं की प्रसव की तिथि नजदीक हो उन्हें एएनएम के माध्यम से सभी प्रकार की सुविधा वाले चिकित्सालय में भर्ती कराया जाए। जिससे जानमाल के खतरे को कम किया जा सके। उन्होंने निर्देश दिए कि समय-समय पर एएनएम व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के माध्यम से



नवीन कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी। ● अमृत विचार

गर्भवती महिलाओं को खान-पान व स्वास्थ्य परीक्षण आदि की जानकारी दी जाए। ताकि वह एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दे सकें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में गर्भवती महिलाओं की समस्त जांच नियमित रूप से करते हुए आशा एवं एएनएम से उनकी हालत पर नजर रखी जाए। साथ ही प्रत्येक माह की 9 तारीख को आयोजित प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृ अभियान दिवस को गर्भवती महिलाओं की महिला चिकित्सा से जांच एवं उनकी काउंसलिंग कराई जाए। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को निर्देश दिए कि यह सुनिश्चित किया जाए कि गर्भवती महिला का प्रसव चिकित्सालय में ही कराया जाए। इसके लिए लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि कई मातृ एवं शिशु के जांच कारणों में घर पर ही प्रसव कराया जाना पाया जाता है। जिस कारण माता व बच्चे को स्वास्थ्य सुविधा समय से उपलब्ध नही हो पाती है। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आरसी पंत, डा. योगेश पुरोहित, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास दीपक भट्ट सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आय संवर्धन के अवसर पैदा करें अधिकारी : कोंडे

संवाददाता, अल्मोड़ा

**अमृत विचार :** मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोंडे ने अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रस्तावित सभी योजनाओं का निर्माण निर्धारित समय पर पूरा करने और विकास योजनाओं के जरिये ग्रामीणों की आजीविका और आय संवर्धन के अवसर पैदा करने के निर्देश दिए हैं।

बुधवार को विकास भवन में बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जिले की प्रस्तावित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंच सके, इसके लिए अधिकारियों को गंभीरता से प्रयास करने होंगे। इस दौरान जिला विकास अधिकारी एसके पंत ने बताया कि महात्मा गांधी मनरेगा योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में जनपद को कम से कम 14 लाख मानव दिवस सृजित करने का लक्ष्य राज्य सरकार ने दिया है। उन्होंने बताया कि अप्रैल माह के लक्ष्य के सापेक्ष जनपद ने शत-प्रतिशत पूर्ति कर ली गई है। योजना के अंतर्गत सभी जॉब कार्ड धारकों को आधार आधारित भुगतान किया जा रहा है। डीडीओ ने बताया कि ग्रामीणों की आजीविका सुचारू रूप से चल सके, इसके लिए जल संरक्षण के कार्यों हेतु विशेष रूप से कार्ययोजना तैयार की गई है। जिन्हें वर्षा ऋतु से पूर्व ही पूर्ण किए जाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान वित्तीय वर्षों के कार्यों हेतु 2122.95 लाख रुपये प्रस्तावित किए गए हैं। जिसमें कृषि, मत्स्य, रेशम, चाय विकास बोर्ड, जड़ी-बूटी, पशुपालन, पंचायती राज विभाग आदि ने कार्य की मांग के आधार पर योजनाएं प्रस्तावित की हैं।

# युवक पर पॉक्सो एक्ट में मुकदमा

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** पुलिस ने एक नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने वाले आरोपी को गाजियाबाद से गिरफ्तार कर किशोरी को उसके पास से बरामद कर लिया है। पीड़िता के बयान के बाद आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

जिले के द्वाराहाट थाना क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने 15 अप्रैल को नाबालिग बेटी के लापता होने की सूचना राजस्व पुलिस को दी थी। शिकायत पर राजस्व पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। काफी खोज के बाद किशोरी का कहीं पता नहीं चल पाया। जिसके बाद मामले की जांच रेगुलर पुलिस को सौंपी गई। सीओ विमल प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने तमाम जगह दबिश भी दी, लेकिन नाबालिग नहीं मिली। इसी बीच साइबर सेल को नाबालिग की लोकेशन गाजियाबाद में मिली। पुलिस ने बिना देरी किए लोनी गाजियाबाद पहुंचकर आरोपी सोहन लाल उर्फ सोनू निवासी ग्राम गणाई गंगोली बेरीनाग पिथौरागढ़ के पास से नाबालिग को बरामद कर लिया और दोनों को द्वाराहाट ले आई।

# न्यायालय परिसर में किया रक्तदान

**चम्पावत, अमृत विचार :** विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चम्पावत तथा चम्पावत पुलिस की ओर से बुधवार को जिला न्यायालय परिसर चम्पावत में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

रक्तदान शिविर में जिला जज कहकशा खान, जिला मजिस्ट्रेट नवनीत पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति न्यायिक अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी की उपस्थिति में रक्तदान शिविर लगाया गया। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. केके अग्रवाल की ओर से रक्तदान के सम्बन्ध में जागरूक कर रक्तदान के फायदों के सम्बन्ध जानकारी दी। नियमित रूप से रक्तदान करने से आयरन की अतिरिक्त मात्रा नियंत्रित हो जाती है। जो दिल की सेहत के लिए अच्छी बात है। शिविर में कई अधिकारियों और कर्मचारियों ने रक्तदान भी किया।

# अराजक तत्वों ने युवती की बेरहमी से पिटाई की

संवाददाता, अल्मोड़ा

**शर्मनाक**

- लोगों के बीच बचाव के बाद युवती ने अपनी जान बचाई
- तीन के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज, कार्रवाई की मांग

**अमृत विचार :** नगर में अराजक तत्वों का आतंक कम होने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार की रात अपने घर जा रही एक युवती को अकेले पाकर कुछ युवकों ने उसके साथ अभद्रता की और विरोध करने पर उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। स्थानीय लोगों के बीच बचाव में आने के बाद बड़ी मुश्किल से युवती ने अपनी जान बचाई। युवती की तहरीर पर पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

धारानौला निवासी युवती ने कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि मंगलवार की रात करीब दस बजे वह अपर्णा होटल से एक विवाह समारोह में भाग लेने के बाद अपने घर जा रही थी। इस बीच खड़ी बाजार में दुर्गा होटल के पास तीन युवकों ने उसे घेर लिया और उसके साथ अभद्रता करने लगे। विरोध करने पर तीनों ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए लात घूंसों से मारपीट करना शुरू कर दिया। साथ ही अभद्र भाषा का प्रयोग कर जान से मारने की भी धमकी दी। इसी बीच आसपास के लोग और युवती के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। जिसके बाद तीनों आरोपी वहां से फरार हो गए। मामले में युवती ने पुलिस को सिराड़ चितई निवासी भगत कुमार, धौलादेवी निवासी रोशन लाल और बालम निवासी अज्ञात के खिलाफ नामजद तहरीर दी है।

# गोकशी की जांच नहीं होने पर करेंगे प्रदर्शन

**रानीखेत, अमृत विचार :** कांग्रेस जिलाध्यक्ष दीपक किरौला ने कहा कि भाजपा की ओर से कांग्रेस संगठन को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। साथ ही कहा कि आरोपी कांग्रेस पार्टी में न तो कोई पदाधिकारी है और ही उसकी कोई सदस्यता है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि केन्द्र और राज्य में भाजपा की सरकार के साथ ही विधायक अपने ही गृह क्षेत्र में वर्षों से हो रही गोकशी से कैसे अन्जान थे।

अगर उक्त कांड की जांच नहीं की गई तो 4 जून आचार संहिता समाप्ति के बाद सरकार व प्रशासन के खिलाफ आन्दोलनरत रहेंगे। ब्लॉक अध्यक्ष भिक्यासैंण नन्दन सिंह रावत ने भी गो तस्करी की निंदा की। वार्ता में कोऑर्डिनेटर कुलदीप कुमार, जिलाध्यक्ष रानीखेत दीपक किरौला, ब्लॉक अध्यक्ष भिक्यासैंण नंदन सिंह रावत, ब्लॉक अध्यक्ष ताड़ीखेत गोपाल सिंह देव, चिलियानौला नगर अध्यक्ष कमलेश बोरा , महिला नगर अध्यक्ष नेहा माहरा आदि रहे।

# मृतक आश्रितों को मिले नौकरी

संवाददाता, टनकपुर

**अमृत विचार :** उत्तराखंड परिवहन निगम के कई मृतक आश्रितों को अभी तक नौकरी नहीं मिल पाई है। जिससे उनमें रोडवेज प्रबंधन और शासन के प्रति आक्रोश बढ़ता जा रहा है। रोडवेज मृतक आश्रित संगठन के अध्यक्ष गंगा गिरि गोस्वामी के नेतृत्व में मृतक आश्रितों ने रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक पवन मेहरा से मुलाकात कर मृतक आश्रितों को शीघ्र नौकरी देने की मांग की।

उन्होंने क्षेत्रीय प्रबंधक को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि परिवहन निगम के अधिकांश मृतक आश्रितों को नौकरी दे दी गई है। जबकि कुछ मृतक आश्रितों को नौकरी नहीं मिल पाई है। जिससे उनके सामने आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने मृतक आश्रितों को शीघ्र रोडवेज में नौकरी दिए जाने की मांग उठाई। क्षेत्रीय प्रबंधक पवन मेहरा ने कहा कि रोडवेज के मृतक आश्रितों को नौकरी देने के लिए कार्यवाही चल रही है। इस दौरान सोनी सिंह, शांति देवी, कोमल, पार्वती देवी, मोहित गुप्ता, कुलदीप कुमार, देवकी देवी, तारा देवी आदि मौजूद रहे।



टनकपुर में रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक पवन मेहरा से मिलते रोडवेज के मृतक आश्रित।

## शिक्षकों की नियुक्ति को बीईओ को सौंपा ज्ञापन

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** सीमांत जिले पिथौरागढ़ के राजकीय जूनियर हाईस्कूल व प्राथमिक विद्यालय जजौली में शिक्षकों की नियुक्ति को लेकर अभिभावकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। अभिभावकों ने कहा कि राजकीय जूनियर हाईस्कूल में 23 व राजकीय प्राथमिक विद्यालय जजौली में 15 बच्चे अध्ययनरत हैं। यह सभी बच्चे बीपीएल परिवार से हैं, लेकिन पिछले छह माह से दोनों विद्यालयों में केवल एक ही शिक्षक पठन-पाठन का कार्य कर रहे हैं। इसके साथ ही अन्य कार्यों का जिम्मा भी उन्हीं के कंधों पर है। जिससे बच्चों का पठन-पाठन बाधित हो रहा है। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी से इन दोनों विद्यालयों में शीघ्र शिक्षकों की तैनाती करने की मांग की है। कार्रवाई न होने पर अभिभावकों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# कुमाऊं के जंगलों में 25 जगह लगी आग

संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार बुधवार से पारा नीचे जाने के बावजूद जंगलों में आग की घटनाओं में कमी नहीं हुई है। बुधवार को कुमाऊं के अलग-अलग वन प्रभागों के जंगलों में 25 आग की घटनाएं हुईं। इन घटनाओं में 33.23 हेक्टेयर जंगल जल गया। पश्चिमी वृत्त के वन संरक्षक डॉ. विनय भार्गव ने बताया कि आग की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं।

**छड़ा व पठानी के जंगलों की आग भी हुई विकराल : गरमपानी :** अल्मोड़ा हल्द्वानी हाइवे पर स्थित छड़ा व पठानी क्षेत्र से सटे जंगल में आग धधकने से गांव के बाशिंदे दहशत में आ गए।



धारी में जंगल में लगी आग को बुझातीं महिलाएं। ● अमृत विचार

जंगल से उठी आग की विकराल लपटों ने देखते ही देखते जंगल के बड़े हिस्से को जलाकर राख कर डाला।

बीते एक महीने से भी अधिक समय से एक के बाद एक जंगल आग की चपेट में आकर राख होते जा रहे है। बावजूद वनों को आग से बचाने के बड़े बड़े दावे करने वाला वन विभाग धरातल पर नाकाम साबित होता जा रहा है। जंगलों के आग की चपेट में आने से बेशकिमती वन संपदा को नुकसान होने के साथ ही गांवों के बाशिंदे को भी तमाम चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है। हाइवे से सटी के आग की चपेट में आने से जोखिम भी बढ़ गया है। छड़ा व पठानी गांव से सटा जंगल भी भीषण आग की चपेट में आकर खाक हो गया। जंगल से भीषण आग की लपटें उठने से गांव के लोग भी दहशत में आ गए। देर रात तक जंगल धू-धू कर जलता रहा।

## स्वयंसहायता समूह की महिलाएं आईं आगे

**भीमताल :** जंगलों को आग से बचाने के लिए अब स्वयंसहायता समूह की महिलाएं भी आगे आई हैं। समूह से जुड़ी महिलाएं अब जंगलों को आग से बचाने के लिए सड़क और रास्तों में पिरुल एकत्रीकरण का कार्य कर रही हैं। परियोजना उप निदेशक चंदा फर्त्याल ने बताया कि विकासखंड बेतालघाट में स्वयं सहायता समूह की महिलाएं यह कार्य कर रही हैं तो वहीं विकासखंड भीमताल के अन्तर्गत ग्राम सभा पिनरौ में ग्राम पंचायतलक्ष्मी एचएसजी ने जंगल की सफाई की, वहीं विकासखंड धारी में एनआरएलएम की महिलाओं ने जंगल की आग बुझाई।

# गांव के पास पहुंची आग घास के लुट्टे, जंगल राख

संवाददाता, गरमपानी

**अमृत विचार :** बेतालघाट ब्लॉक के गांवों से सटे जंगलों में आग का तांडव थमने का नाम नहीं ले रहा। छोटी जजूली गांव के नजदीक तक पहुंची आग की लपटों से अफरा तफरी मच गई। स्थानीय पशुपालक के दो घास के लुट्टे जलकर राख हो गए। ग्रामीण देर शाम तक आग पर काबू पाने में जुटे रहे। आग की भीषण लपटों ने कई बार ग्रामीणों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया।

सुदूर छोटी जजूली गांव से सटे बांज, काफल व चीड़ के जंगल में आग धधक उठी। धीरे-धीरे आग ने जंगल के बड़े हिस्से को चपेट में ले लिया। आग की विकराल होती लपटों से गांव के लोग दहशत में आ गए। देखते ही देखते लपटें स्थानीय राजेंद्र सिंह के आवासीय मकान के नजदीक तक पहुंच गई। आग से मकान को बचाने को गांव के लोगों ने जद्दोजहद शुरू की। दूर दराज से पानी लाकर आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया, पर एकाएक विकराल हुई आग की लपटों ने ग्रामीणों को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। आग की लपटों ने स्थानीय पशुपालक के दो घास के लुट्टे भी जला डाले। खतरा बढ़ते देख ग्रामीणों ने वन विभाग को भी सूचना दी तथा अहतियातन घर को भी खाली करा दिया गया। देर शाम तक गांव के बाशिंदे आग पर काबू पाने में जुटे रहे। स्थानीय सोबन सिंह करायत के अनुसार आग ने जंगल क्षेत्र में बेसकीमती वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाया है।

**पुण्यतिथि पर विशेष**

**कवि और दुदबोलि के पहरू 'मनख' के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता, 29 जून 1941 को अल्मोड़ा जिले के भिक्यासैंण ब्लॉक के नौला गांव में हुआ था प्रसिद्ध कवि का जन्म**

# कुमाउनी भाषा की अलख जगाने में मठपाल का अभूतपूर्व योगदान

संवाददाता, रामनगर

**अमृत विचार :** यूं तो कुमाउनी भाषा को बढ़ावा दिए जाने के लिए कई विद्वान मनीषियों ने समय-समय पर वकालत की है। मगर कुमाउनी भाषा की अलख जागने में कुमाउनी भाषा के कवि और दुदबोलि के पहरू (रक्षक) मथुरादत्त मठपाल 'मनख' के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता।

स्व. मठपाल ( नौ मई को पुण्य पर )अपनी भाषा और अपनी माटी के प्रति उनके कार्यों को आज याद किये जाने का दिन है, 29 जून 1941 को अल्मोड़ा जिला के भिक्यासैंण ब्लॉक का नौला गांव में स्वत्रंत्रता सैनानी स्व. हरिदत्त मठपाल के घर में जन्मे मथुरा दत्त मठपाल की पढ़ाई गांव के प्राइमरी स्कूल से शुरू हुई। सन 1951 में प्राथमिक विद्यालय विनायक से दर्जा 5 पास किया, मानिला मिडिल स्कूल से 8 वीं कक्षा पास की। रानीखेत नेशनल हाईस्कूल से 1956 में दसवीं और रानीखेत मिशन इण्टर कॉलेज से इण्टरमीडिएट पास किया। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीएससी प्रथम वर्ष में प्रवेश लिया किन्तु लखनऊ की गर्मी से स्वास्थ्य खराब होने के कारण मात्र 3 माह में लौटकर वे पहाड़ आ गये। सन 1963 में प्राइवेट बीए करके अल्मोड़ा डिग्री कॉलेज में बीटी प्रशिक्षण के लिए प्रवेश लिया। बीटी करने के बाद राजकीय इण्टर कॉलेज विनायक में उनकी नियुक्ति प्रवक्ता इतिहास के रूप में हुई। वहां 33 वर्षों तक अध्यापन किया। अध्यापन के साथ-साथ अल्मोड़ा महाविद्यालय/ कुमाऊं विश्वविद्यालय से उन्होंने इतिहास, भारतीय प्राचीन इतिहास एवं संस्कृति तथा राजनीतिक विज्ञान इन तीन विषयों से एमए किया। विनायक इण्टर कॉलेज में अध्यापन के दौरान उनका गहन स्वाध्याय जारी रहा।



मथुरादत्त मठपाल की फाइल फोटो।

## कई सम्मान से नवाजे गए

2014 में साहित्य भाषा अकादमी पुरुस्कार, 1988 में उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ द्वारा सुमित्रानन्दन पन्त नामित पुरस्कार से सम्मानित किया। वर्ष 2010-11 में उत्तराखंड भाषा संस्थान देहरादून द्वारा डॉ. गोविंद चातक पुरस्कार दिया गया। 2012 में शैलवाणी सम्मान, साहित्य अकादमी नेशनल एकेडमी ऑफ लैटर्स द्वारा वर्ष 2014 में साहित्य अकादमी भाषा सम्मान से श्री चारू चन्द्र पाण्डे के साथ संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। कुमाउनी भाषा साहित्य एवं संस्कृति प्रचार समिति कसार देवी अल्मोड़ा द्वारा 2015 में शेर सिंह बिष्ट अनपढ़ कुमाउनी कविता पुरस्कार दिया गया। चंद्र कुंवर बर्तवाल सम्मान से उनको अगस्तमुनि में अगस्त 2021 मरणोपरांत को सम्मानित किया गया।

## 1997 से कुमाउनी साहित्य की सेवा में जुट गए

मथुरा दत्त मठपाल ने पहले हिन्दी में साहित्य रचना शुरू की। उन्होंने हिन्दी में बहुत सी रचनाएं रचीं। सन 1985 से कुमाउनी साहित्य रचना शुरू की। उनकी पहचान कुमाउनी के बड़ी कवियों से होने लगी तो उनको लगा कि मातृबोली (कुमाउनी) ही अपने हृदय के भावों को वाणी प्रदान करने के लिए सबसे अच्छा माध्यम है। कवि सम्मेलनों से उनकी पहचान कुमाउनी साहित्यकारों से बढी। वर्ष 1997 में नौकरी से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर वे पूर्णत : कुमाउनी साहित्य सेवा में जुट गए। उन्होंने सबसे पहले कुमाउनी के तीन बड़े कवियों शेर सिंह बिष्ट (शेरदा अनपढ़) की 'अनपढ़ी' 1986 ई. और गोपाल दत्त भट्ट की 'गोमती गगास' 1987 ई. और हीरा सिंह राणा कि 'हम पीर लुकाते रहे' 1989 ई. नाम से तीन किताबों को हिन्दी अनुवाद के सहित प्रकाशित किया। उन्होंने स्वयं के काव्य संकलन प्रकाशित किये। 'आङ-आङ चिचैल है गो'. 'पै मैं क्यापक क्याप के भैटुन', 'फिर प्योलि हँसैं', छन्द आधारित कविताएं। द्वो लघुकाव्य- 'चली रहो गंग हो' और 'फिर प्योलि हंसैं'लोगो को खूब पसंद आए।

## बचपन से साहित्य के प्रति रहा रुझान

बचपन से ही मठपाल जी का रुझान साहित्य की तरफ था। सुमित्रानन्दन पन्त, रामधारी सिंह 'दिनकर', सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला', मैथिलीशरण गुप्त की कविताएं उन्हें प्रिय थीं। उन्होंने बचपन में ही कविता रचना शुरू कर दिया। बालमन की पहली कविता के आंखर इस प्रकार हैं- "लव कुश थे दो भाई, बाल्मीकि से शिक्षा पाई॥" अपने साथियों को वे अपनी कविताएं सुनाया करते थे। वीर रस की कविताएं उन्हें प्रिय थीं। उनकी रचनाएं पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होने लगीं। पहली कहानी 'बिगड़े हुए देवता' लैन्सडाउन से निकलने वाली 'अलकनन्दा' पत्रिका में प्रकाशित हुई। दूसरी 'ममतामई'नैनीताल से प्रकाशित 'उत्तरा' पत्रिका में छपी। इन्होंने अपनी पहली हिन्दी कविता 'ग्वेल देवता' पर रची।

# मल्ला महल में जारी है रामलीला मंचन

**अल्मोड़ा, अमृत विचार :** श्री राम सांस्कृतिक व सामाजिक सेवा समिति की ओर से मल्ला महल में महिला रामलीला का मंचन जारी है। मंगलवार देर रात रामलीला में कलाकरों ने त्रिसरा वध, खर-दूषण वध, रावण-मारीच प्रसंग, सीता हरण, शबरी प्रसंग, हनुमान मैत्री, सुग्रीव मित्रता, बाली सुग्रीव प्रसंग और बाली वध तक की रामलीला का जीवंत मंचन किया।

इस दौरान रामलीला देखने पहुंचे दर्शकों ने महिलाओं के अभियन को खूब सराहा। दर्शक देर रात तक दर्शक दीर्घा में जमे रहे और उन्होंने तालियां बजाकर कलाकारों को प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर मनोज सनवाल, मनोज वर्मा, वैभव पांडे, गणेश दत्त तिवारी, राजेंद्र आदि रहे।

# 97 मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों ने कराया पंजीकरण

## सख्ती का दिखा असर, शिविरों में शामिल रहेंगे मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ, हल्द्वानी में जल्द खुलेगा नशा मुक्ति केंद्र

ब्यूरो, देहरादून


बैठक में मौजूद राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष व चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के सचिव डॉ. आर राजेश कुमार।

**अमृत विचार :** राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण की महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के अध्यक्ष व चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के सचिव डॉ. आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुई। राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण की इस समीक्षा बैठक में पिछले कार्यों की प्रगति व भावी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अध्यक्ष डॉ. आर राजेश कुमार ने अधिकारियों व कर्मचारियों को मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण पर पूरी गंभीरता के साथ कार्य करने के निर्देश दिये।

सचिव डॉ. आर राजेश कुमार ने बच्चों एवं किशोरों के लिये निम्हांस बेंगलुरू द्वारा कराये जा रहे महामारी विज्ञान सर्वेक्षण डेटा को समाज कल्याण विभाग के साथ साझा करने के निर्देश दिये। साथ मानसिक स्वास्थ्य पर वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार करने को कहा। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अवगत कराया गया कि प्रदेश में कुल 97 मानसिक स्वास्थ्य संस्थानों एवं नशा मुक्ति केंद्रों को राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण में पंजीकृत कर दिया गया है। सचिव ने हल्द्वानी में खोले जाने वाले नशा मुक्ति केन्द्र की अध्यतन स्थिति से अवगत होते हुए समाज कल्याण विभाग को प्रक्रिया में शीघ्रता लाने के निर्देश दिये।

इस दौरान बैठक में महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण उत्तराखंड डॉ. विनीता शाह, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. भागीरथी जंगपांगी, राज्य मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के सदस्य डॉ. प्रो. रवि गुप्ता (वर्चुवल माध्यम से) एवं डॉ. प्रो. प्रियरंजन अविनाश, अतुल गुडविन सिंह, लक्ष्मण बालन, पवन रेखा, डॉ. सुरेन्द्र कुमार ढलवाल, शासन स्तर से प्राधिकरण के सदस्य महावीर सिंह परमार, महावीर सिंह कंडारी, जसविन्दर कौर, डॉ. केएस नेगी, डॉ. कुलदीप मर्तोलिया, डॉ. विनय शर्मा, डॉ. फरीद एवं विनय कुमार रणस्वाल मौजूद रहे।

### आईईसी करेगा प्रचार-प्रसार

डॉ. आर राजेश कुमार ने कहा आईईसी के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य का वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाये व सभी जनपदों में जागरूकता अभियान चलाया जाये। उन्होंने अधिकारियों को सुदूरवर्ती क्षेत्रों में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों में मानसिक स्वास्थ्य के विशेषज्ञों को आवश्यक रूप से प्रतिभाग करने के निर्देश दिये। ताकि जरूरतमंद लोगों को वह मानसिक स्वास्थ्य परामर्श प्रदान कर सकें।

### स्वास्थ्य विभाग उपलब्ध करायेगा दवाइयां

सचिव डॉ. आर राजेश ने मानसिक रोग में इस्तेमाल होने वाली सभी आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता स्वास्थ्य विभाग को सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मानसिक स्वास्थ्य प्राधिकरण के रिक्त गैर-सरकारी पदों पर अनुभव अवधि पर स्थिलता प्रदान करने हेतु शासन को प्रस्ताव प्रेषित किया जाये। कहा कि आउटीच स्वास्थ्य शिविर में मानसिक स्वास्थ्य पर जागरूकता एवं परामर्श को बढ़ावा दिया जाये। इस विषय पर कार्य करने के लिये सभी जनपदों को निर्देशित करने के आदेश दिये। मानसिक रोग के रोगियों के लिये राज्य मानसिक स्वास्थ्य संस्थान सेलाकुई के अलावा दून चिकित्सालय, कोरोनेशन चिकित्सालय एवं जनपद के सभी प्रमुख चिकित्सालयों में दवाइयों की उपलब्धता एवं वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जापान में जॉब रोल के लिए चयनितों से मिले मुख्यमंत्री


जापान में जॉब रोल के लिए चयनित युवाओं के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

ब्यूरो, देहरादून

- दो युवाओं ने जापान में कार्य करना आरंभ कर दिया है
- 17 युवाओं की जापान में कार्य करने के लिए प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बुधवार को सचिवालय में जापान में केयर गिवर जॉब रोल के लिए चयनित युवाओं से भेंट की।

कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अंतर्गत विदेश रोजगार प्रकोष्ठ, सहसपुर से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 23 युवाओं को जापान में नौकरी के लिए भेजा जा रहा है। इनमें से 2 युवाओं ने जापान में कार्य करना आरंभ कर दिया है। 17 युवाओं की जापान में कार्य करने के लिए की जा रही प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। शीघ्र वे भी जापान जाकर अपनी सेवाएं देंगे। ये युवा योग, नर्सिंग और जनरल ड्यूटी असिस्टेंट और होम हेल्थ एड जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित हैं। इन सभी को जापानी भाषा का प्रशिक्षण भी दिया गया है। मुख्यमंत्री ने सभी युवाओं को शुभकामना देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव सेवायोजन एवं कौशल विकास विजय यादव, अपर सचिव सी. रविशंकर, उपनिदेशक सेवायोजन चन्द्रकान्ता, प्रभारी अधिकारी विदेश रोजगार प्रकोष्ठ प्रवीण गोस्वामी निखिल जैन एवं अजय खंडूड़ी उपस्थित थे।

# आमदनी बढ़ाने को सब्जी का उत्पादन करेंगी महिलाएं

**भीमताल, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत जंगलिया गांव के पंचायत घर में ग्राम संगठन की बैठक में मंगलकारी ग्राम संगठन तथा सपना आजीविका ग्राम संगठन के प्रतिनिधियों ने महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए आगामी वर्षा के मौसम में सब्जी उत्पादन का निर्णय लिया।

महिलाओं ने उत्तराखंड में लगी आग से जंगलों में हो रहे नुकसान पर कड़ी चिंता जताई। महिलाओं ने बताया कि जंगलिया गांव चारों ओर से जंगल से घिरा हुआ है जिससे गांव को सबसे ज्यादा खतरा बना रहता है। ग्राम प्रधान राधा कुल्याल ने बताया कि गत कई दिनों से जंगलिया गांव में जगह जगह आग लगी, जिसमें ग्रामीणों ने सहयोग कर गांव को जनहानि से बचाया है। उन्होंने ग्रामीणों को वन विभाग से सम्मानित करने की मांग की तथा महिलाओं ने भी भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर मीना कुल्याल, ममता देवी, मुन्नी देवी, पुष्पा आर्य, पार्वती देवी, कलावती देवी, भावना कुल्याल, प्रेमा पडियार, रीप संस्था से उपासना कनवाल, ममता जोशी समेत अन्य महिलाएं उपस्थित थीं।


देहरादून में आयोजित कराटे प्रतियोगिता में पदक विजेता खिलाड़ी। ● अमृत विचार

### कराटे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने जीते नौ गोल्ड

**बनबसा, अमृत विचार :** युवा कल्याण विभाग के इंडोर हॉल आमवाला देहरादून में 5 से 7 मई तक उत्तराखंड कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में 21वीं राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई। कोच विजय रावत ने बताया कि प्रतियोगिता में मिनी स्टेडियम बनबसा के खिलाड़ी कृष्णकांत कौशल, नेहा जोशी, आकांक्षा मुरारी, अंशिका धामी, महक बिष्ट, साक्षी भंडारी, कनिका इकराल, कमलेश जोशी, कल्पित थ्वाल ने स्वर्ण पदक, शीतल अधिकारी, रोहित सिंह, प्रिंस खोलिया, अभिषेक, निष्ठा नेगी ने सिल्वर पदक और तेजस ज्याल, पूनम भंडारी ने कांस्य पदक जीता है। सभी विजेता खिलाड़ियों को उत्तराखंड कराटे एसोसिएशन के सचिव संजीव कुमार जांगड़ा और संयुक्त निदेशक खेल विभाग उत्तराखंड अजय अग्रवाल ने सम्मानित किया।

# सगंध पादप कृषि के लिए संसाधन उपलब्ध

ब्यूरो, देहरादून


राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) केंद्र में पौध के बारे में जानकारी करते हुए।

**अमृत विचार :** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने बुधवार को सगंध पौधा केंद्र (सेंटर फॉर एरोमैटिक प्लांट्स, कैप) सेलाकुई, देहरादून का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने सगंध पादप केंद्र में स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्षेत्र में स्थापित बीज विकास एवं अंकुरण कक्ष, विभिन्न हाई टेक ग्रीन हाउस और केंद्र में स्थित विभिन्न अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं एवं बगीचों का अवलोकन किया एवं केंद्र द्वारा विकसित किए जा रहे तेजपात व दालचीनी के पौधों के बारे में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने केंद्र के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 'अगरवुड' के पौधे का रोपण भी किया। राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड में सगंध पादप कृषि के लिए प्राकृतिक संसाधन उपलब्ध हैं, साथ ही इन फसलों को जंगली जानवर भी नुकसान नहीं पहुंचाते हैं, ऐसे में राज्य में सगंध पादप खेती को अधिक प्रचारित और प्रसारित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सगंध पादप खेती से यहां के किसानों की आय बढ़ने के साथ-साथ प्रदेश की अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि विश्व में सुगंध का विशेष स्थान है, और उत्तराखंड की जड़ी-बूटियों, फूलों और पादपों से बनने वाले परफ्यूम और इत्र की पूरे विश्व से मांग आएगी।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में उत्पादित होने वाली दालचीनी की गुणवत्ता अच्छी है, और जिस प्रकार कैप द्वारा मिशन दालचीनी के अंतर्गत कार्य किए जा रहे हैं वे सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि कैप द्वारा सगंध पादप कृषि को बढ़ावा देने के लिए 'महक क्रांति' के नाम से जो योजना बनाई है उससे किसानों के साथ-साथ आमजन को भी फायदा मिलेगा। कैप द्वारा विकसित 'तिमरु परफ्यूम' और अन्य सभी उत्पाद वास्तव में आकर्षक हैं। राज्यपाल ने कहा कि हमें अपने उत्पादों की पैकेजिंग और ब्रांडिंग को वैश्विक स्तर का बनाना चाहिए। कैप के निदेशक डॉ. नृपेन्द्र चौहान को अगले दो वर्षों में 108 पेटेंट बनाने और देश-विदेश में स्थित एरोमैटिक संस्थानों के साथ 108 एमओयू हस्ताक्षर करने का लक्ष्य दिया।


खटीमा में एसडीएम को ज्ञापन सौंपते कुर्मांचल कलोनी वासी। ● अमृत विचार

### चोक नालियों का पानी सड़कों पर आने से आक्रोश

**खटीमा :** कुर्मांचल कॉलोनी वासियों ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर नालियां चोक होने के कारण गंदा पानी रास्तों में फैलने की शिकायत की है। उन्होंने तत्काल नालियों की साफ-सफाई कराने की मांग की है। पूर्व सैनिक संगठन अध्यक्ष गंभीर सिंह धामी के नेतृत्व में कुर्मांचल कॉलोनी के लोग एसडीएम कार्यालय पहुंचकर उनसे मिले। उन्होंने बताया कि कॉलोनी की सड़कों पर चोक नालियों का पानी आने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। इस पर एसडीएम बिष्ट ने तुरंत नाली को खुलवाने के लिए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी दीपक शुक्ला को सफाई करवाने के निर्देश दिए। ज्ञापन देने वालों में एमडी अवस्थी, धन सिंह सामंत, पुष्कर सिंह, चंदन अवस्थी, रमेश कार्की, हरीश, रमेश रौतेला, दिलीप सिंह आदि थे।

## उत्तर प्रदेश

### सार-संक्षेप

#### स्नातक में मेरिट से होंगे प्रवेश, कल से शुरू होंगे पंजीकरण

**बरेली :** एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रवेश के लिए विश्वविद्यालय के पोर्टल पर 10 मई से 9 जून तक ऑनलाइन पंजीकरण होंगे। इसके लिए 150 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। महाविद्यालयों को पंजीकृत छात्रों के मेरिट के आधार पर प्रवेश लेने होंगे। बुधवार को कुलसचिव ने परिसर के सभी संकायाध्यक्षों व विभागाध्यक्षों और महाविद्यालयों के प्राचार्यों को प्रवेश संबंधी नियम और दिशा-निर्देश दिए। कुलसचिव के मुताबिक स्नातक पाठ्यक्रमों (प्रवेश परीक्षा के माध्यम से होने वाले प्रवेश को छोड़कर) के लिए प्रवेश प्रक्रिया होगी। विद्यार्थी एक या एक से अधिक महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पंजीकरण के दौरान अधिकतम 10 महाविद्यालयों का चयन कर सकते हैं। महाविद्यालयों को प्रवेश के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन माध्यम से विज्ञप्ति जारी कर आवेदन प्राप्त करने होंगे।

#### कंपार्टमेंट परीक्षा के लिए 31 तक कर सकते हैं आवेदन

**बरेली :** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटर की परीक्षा में असफल रहे छात्र कंपार्टमेंट और इंप्रूवमेंट परीक्षा के लिए 31 मई तक आवेदन कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि अधिकतम दो विषयों में कम अंक आने के कारण जो छात्र उत्तीर्ण नहीं हो पाए हैं, वे इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा इंटर में मानविकी, वैज्ञानिक एवं वाणिज्य वर्ग से सम्मिलित किसी एक विषय में, कृषि व व्यावसायिक परीक्षा के किसी भी ट्रेड में एक विषय में अपना आवेदन पत्र भर सकते हैं। इस परीक्षा के लिए छात्र अपने स्कूल के प्रधानाचार्य से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं।

#### स्वयं से छात्र डाउनलोड कर सकते हैं किताबें

**बरेली :** माध्यमिक शिक्षा के तहत स्वयं एप की शुरूआत हो गई है। नए सत्र में इस एप का अधिक से अधिक छात्र लाभ लें, इसके लिए शिक्षकों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस एप के माध्यम से 12 वीं तक के छात्र अपने पसंदीदा किसी भी विषय की किताबों का ऑनलाइन अध्ययन कर सकते हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी राजकीय माध्यमिक स्कूल के प्रधानाचार्यों को पत्र भेज कर अधिक से अधिक छात्रों को एप की जानकारी देने के साथ पंजीकरण के निर्देश दिए हैं। सत्र में 21 सितंबर तक छात्र एप का लाभ ले सकेंगे। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि नए सत्र की सभी विषयों की किताबें एप पर उपलब्ध हैं।

#### झगड़े के बाद प्रेमी ने युवती को ट्रेन के आगे दिया धक्का, मौत

**बरेली :** फतेहगंज पूर्वी क्षेत्र में रेलवे लाइन के किनारे घूम रहे प्रेमी जोड़े में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। थोड़ी देर बाद प्रेमिका की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। युवती के परिजनों ने युवक पर ट्रेन के आगे धक्का देने का आरोप लगाया है। हादसे के बाद मीरानपुर कटरा और फतेहगंज पूर्वी पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन काफी देर तक दोनों थानों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी रही। बाद में कटरा पुलिस ने अपना क्षेत्र माना। परिजनों ने कटरा थाना में युवक के खिलाफ तहरीर दी है। फतेहगंज पूर्वी के एक मोहल्ला की रहने वाली 19 वर्षीया युवती का नगर के ही दूसरे मोहल्ले के दूसरे समुदाय के युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बुधवार सुबह करीब 11 बजे दोनों घूमने के लिए रेलवे लाइन के किनारे बहगुल नदी के पुल के पास पहुंचे। जहां दोनों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उसी दौरान अपलाइन से गुजर रही भटिंडा एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवती की मौके पर ही मौत हो गई।

#### परिषदीय स्कूलों में बच्चों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य

**बरेली :** परिषदीय स्कूलों में बच्चों की 75 फीसदी उपस्थिति अनिवार्य कर दी गई है। लगातार तीन दिन तक बच्चे के स्कूल नहीं पहुंचने पर प्रधानाध्यापक शिक्षकों के साथ उसके घर पहुंचकर बच्चे को स्कूल भेजने के लिए अभिभावक को प्रेरित करेंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने इस संबंध में बीएसए को पत्र भेज कर जुलाई माह से इसे लागू कराने के निर्देश दिए हैं। प्रत्येक माह छात्र संख्या के साथ अनुपस्थित बच्चों की रिपोर्ट शिक्षकों की ओर विभाग को देनी होगी। साथ ही स्कूल में शत-प्रतिशत उपस्थिति वाले बच्चों को पुरस्कृत किया जाएगा। शिक्षक अभिभावकों को बच्चों को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित करने के साथ स्कूल न आने का कारण भी जानेंगे। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि प्रत्येक बच्चे की उपस्थिति पर अधिक हो, इसके लिए शिक्षकों को ध्यान देना होगा।

# अयोध्या में मस्जिद के लिए चंदे की अवैध वसूली का मामला दर्ज

### सख्ती

- सोशल मीडिया पर बैंक खाते का नंबर जारी कर चंदा वसूलने का प्रयास
- अयोध्या में बननी है मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद

### इसलिये वायरल की गई पोस्ट

अदम तहरीर के मुताबिक, सर्वोच्च न्यायालय ने श्री राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद के विवाद में पारित आदेश में जनपद आयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए 5 एकड़ की जमीन उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को आवंटित की थी। इसी भूमि पर मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद प्रस्तावित है। इसके चलते अज्ञात ने वसूली की मंशा से यह पोस्ट वायरल की।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद की फोटो और बैंक अकाउंट की डिटेल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर अवैध रूप से चंदा वसूलने की कोशिश करने के मामले में गौतमपल्ली थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

गौतमपल्ली थाना अंतर्गत माल एवेन्यू निवासी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष अदम तहरीर ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया कि बुधवार सुबह 10:50 बजे ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने उनके व्हाटसअप नंबर पर एक फोटो भेजी। उसमें ट्रस्ट की तरफ से प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र बना था। इसके अलावा बैंक खाता संख्या-5556317689, आईएफएससी, सीबीआईएन 0282584, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लिखा है। सचिव ने अदम को बताया कि उक्त फोटो अयोध्या के अरशद अफजाल खान ने भेजी है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। अदम के मुताबिक, मस्जिद के चित्र का दुरुपयोग कर चंदा एकत्रित करने की मंशा से बैंक अकाउंट खुलवाया गया है। जबकि उक्त ट्रस्ट का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खाता नहीं है। इंस्पेक्टर गौतम पल्ली वेदप्रकाश राय के मुताबिक इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया है। सर्विलांस व अन्य माध्य से आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# प्रयोगात्मक परीक्षा नहीं कराएंगे शिक्षक

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के शिक्षकों ने रुहेलखंड विश्वविद्यालय के 121 महाविद्यालयों की प्रयोगात्मक और मौखिक परीक्षा कराने से इन्कार कर दिया। सेमिनार हाल में बुधवार को शिक्षकों ने बैठक कर कॉलेज में केंद्र बनाने का विरोध किया। शिक्षकों ने प्राचार्य प्रो. ओपी राय से कहा कि इस संबंध में वह विश्वविद्यालय को अवगत करा दें।

कॉलेज के सभी विभाग प्रभारियों ने बैठक में सर्वसम्मति से यह तय किया कि वे किसी भी दूसरे महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक एवं मौखिकी परीक्षा संपन्न नहीं कराएंगे। शिक्षकों ने कहा कि कॉलेज में पूरे साल महाविद्यालयों की परीक्षाएं चलती रहती हैं। इसकी वजह से पढ़ाई का समय नहीं मिलता है। कॉलेज में दूसरे महाविद्यालयों की परीक्षाएं होती रहती हैं लेकिन कॉलेज की परीक्षा दूसरे कॉलेज में न कराकर स्वकेंद्र बना दिया जाता है।

# प्रदेश अध्यक्ष बदले तो राष्ट्रीय अध्यक्ष क्यों नहीं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि देश में भाजपा और एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनाने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सपा की हालत इतनी खराब है कि पार्टी ने अचानक प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया।

सपा द्वारा बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष अब अपने चुनाव में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें क्षेत्र भेजा गया। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष भी तो चुनाव लड़ रहे हैं। वह पद पर क्यों विद्यमान हैं। कहा कि आम जनमानस में भाजपा के प्रति व्यापक जनसमर्थन है। इसलिए विपक्षी गठबंधन के नेता हताश और निराश हैं और अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। बृजलाल बुधवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे।

बृजलाल ने कहा कि भाजपा को समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है, इससे विपक्षी भी हताश और निराश हैं। उन्हें हर तरफ बुरी तरह अपनी पराजय दिख रही है। हाल यह है कि कोई प्रदेश अध्यक्ष बदल रहा है तो कोई कोआर्डिनेटर बदल रहा है। उन्होंने कहा कि सुना है कि सपा के प्रदेश अध्यक्ष बीच चुनाव केवल इसलिए बदल दिए गए कि वे चुनाव लड़ रहे थे। इस लिहाज से तो राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी बदल दिया जाना चाहिए, क्योंकि वह भी तो चुनाव लड़ रहे हैं। इंडी गठबंधन के नेता चुनाव में ही आपसी हिसाब-किताब निपटा रहे हैं।

# घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहना हास्यास्पद: योगी

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता।

बुधवार को अकबरपुर, फर्रुखाबाद और शाहजहांपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ मंदिर परिसर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता श्रीमती सोनिया गांधी द्वारा भाजपा पर नफरत की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाए जाने के सवाल पर सीएम योगी ने तल्ख अंदाज में कहा कि सफेद झूठ बोलने की बजाय कम से कम सोनिया गांधी को तो सच बोलने की आदत डालनी चाहिए। चुनाव के दौरान अब वे लोग देश की जनता की आंखों में धूल झोंककर सत्ता नहीं हथिया पाएंगे क्योंकि मोदी जी के नेतृत्व में पूरा देश एकजुट होकर एक भारत-श्रेष्ठ भारत के दर्शन के रहा है। सोनिया गांधी जी की तरफ से भाजपा पर लगाया गया झूठा आरोप 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' को चरितार्थ करने जैसा है।

# इंटरसिटी के पहिए के पास लगी आग

**बाराबंकी, अमृत विचार:** गोरखपुर से लखनऊ जा रही इन्टरसिटी एक्सप्रेस में ब्रेक बैंडिंग के चलते नीचे पहिया के पास आग लग गई। आनन-फानन में ट्रेन को चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर रोकना पड़ा। करीब एक घंटे तक चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रही। लोको पायलट और गार्ड के द्वारा आग बुझाकर फिर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया।

इस संबंध में उपलब्ध जानकारी के मुताबिक बुधवार को गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एल्गिन ब्रिज के निकट पहुंची तो गाड़ी में नीचे से धुआं उठने की जानकारी हुई। आनन-फानन में गार्ड और लोको पायलट के द्वारा उच्चा अधिकारियों को सूचित करते हुए चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका गया।

# अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना शपथ पत्र न बनाएं

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शपथपत्रों को अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना निष्पादित करने की परंपरा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि न्यायालय के समक्ष अनुचित और गलत हलफनामे दाखिल करने से न्याय प्रशासन में गतिरोध उत्पन्न होता है और मामलों की कार्यवाही में भी देरी होती है, क्योंकि मामलों को इस आधार पर स्थगित कर दिया जाता है कि हलफनामे का उचित रूप से पालन नहीं किया जा रहा है।

कोर्ट ने माना कि यद्यपि कोर्ट के समक्ष उचित हलफनामा दाखिल करने की प्राथमिक जिम्मेदारी वादी और उसके अधिवक्ता की है, लेकिन शपथ आयुक्त को हलफनामे को उचित ढंग से निष्पादित करने का कर्तव्य दिया जाता है तो उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह शपथ पत्रों की जांच ठीक से करें। अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना शपथपत्रों के निष्पादन को गंभीरता से लेते हुए न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने कहा कि वर्तमान मामला इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि शपथ आयुक्त शपथपत्र के निष्पादन कार्य को किस प्रकार कर रहे हैं। यह सक्षम प्राधिकारी का कर्तव्य है कि वह शपथ आयुक्तों के मानक के उच्चतम स्तर को बनाए रखें और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही देखकर शपथ आयुक्त को तत्काल पदमुक्त कर दें।

# व्यापारी की ईंट से सिर कुचलकर हत्या

**बरेली, अमृत विचार :** बारादरी थाना क्षेत्र के कालीबाड़ी में मंगलवार रात किराना व्यापारी की ईंट से सिर कुचलकर हत्या कर दी गई। व्यापारी का मतदान के दौरान एक प्रत्याशी के बिस्तर पर विवाद हो गया।

रात में आरोपियों ने व्यापारी के घर पर पथराव किया और जब व्यापारी इसकी शिकायत पुलिस से करने जा रहा था तो उसे रास्ते में घेरकर ईंट-पत्थर और धारदार हथियार से हमला कर दिया। पुलिस ने मामले में छह आरोपियों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कालीबाड़ी में विष्णु बाल सदन के पास रहने वाले होरीलाल (62) मंगलवार को मतदान के दिन एक पार्टी के बिस्तर पर बैठे थे। इसी दौरान कालीबाड़ी के ही रहने वाले श्याम, राहुल, संजय, मोहित आदि वोट डालने आए।




**मध्य प्रदेश में चौथे चरण में 13 मई को आठ सीटों पर मतदान के साथ खत्म हो जाएगा लोकसभा चुनाव**

# इंदौर-उज्जैन संभाग में भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा में 13 मई को मतदान होने के साथ समाप्त हो जाएगा। इंदौर और उज्जैन संभाग की इन आठ सीटों पर 74 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से तीन सीटें रतलाम, खरगोन और धार अदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित हैं। बीते दो चुनावों से भाजपा सभी सीटों पर कमल खिला रही है। 2009 में भी कांग्रेस केवल देवास, खंडवा, मंदसौर और उज्जैन लोकसभा सीट पर चुनाव जीत सकी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रतलाम सीट से ही मध्य प्रदेश में चुनावी बिगुल फूंका था। अब उनकी एक बार फिर यहां सभा कराने की तैयारी है। जवाब में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की भी सभाएं अगले दो दिन में होंगी।





## इंदौर में जीत का नया रिकार्ड बनाने का प्रयास

इंदौर लोकसभा सीट पर भाजपा अब तक की और प्रदेश की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश में है। यहां कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेकर भाजपा में जाने के बाद भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी के सामने कोई चुनौती नहीं रह गई है। 2019 के चुनाव में भाजपा के शंकर ललवानी को 10 .68 लाख वोट मिले थे। वह 5 .47 लाख वोटों से जीते थे। इस बार उनके सामने बसपा प्रत्याशी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस ने किसी का भी समर्थन नहीं किया है। इंदौर को भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस को इस सीट पर पिछले 40 साल से जीत का इंतजार है। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां जीती थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी सांसद चुने गए थे।

**कांग्रेस का न तो प्रत्याशी न किसी को समर्थन**

| वोट प्रतिशत -2019 | | 2014 में मिले मत | |
|---|---|---|---|
| 49.70% | 43.23 % | 50.20 % | 41.88 % |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## रतलाम में कांग्रेस लगा रही इस बार जीत की उम्मीद

- इनमें रतलाम–झाबुआ और धार सीट पर सबसे तगड़ा मुकाबला माना जा रहा है। रतलाम में भाजपा की अनीता नागर सिंह चौहान और कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया में सीधा मुकाबला है। अनीता आलीराजपुर क्षेत्र की रहने वाली हैं और उनके पति नागर सिंह चौहान वन मंत्री हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गुमान सिंह डामोर ने कांतिलाल भूरिया को 90 हजार वोटों से हरा दिया था, लेकिन इस बार भूरिया कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें पांच अलीराजपुर, पेटलावद, रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना में भाजपा, जबकि तीन विधानसभा सीटों जोवट, झाबुआ और थांदला में कांग्रेस का कब्जा है। 1952 से 2019 तक यहां हुए 18 लोकसभा चुनावों भाजपा सिर्फ तीन बार जीती है। 2015 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया ने जीते थे।

| 2019 में मत प्रतिशत | | वोट प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 61.60% | 35.02 % | 58.19% | 35.44 % |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

## देवास में कांग्रेस को 2009 दोहराने की तलाश

- 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई देवास लोकसभा सीट पर 2009 में कांग्रेस की जीत के बाद दो बार से भाजपा जीत रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार पूर्व जज महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कांग्रेस उम्मीदवार कबीर भजन गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया को 3 लाख 72 हजार वोटों से हराया था। भाजपा ने एक बार फिर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस से राजेंद्र मालवीय उनके सामने हैं।

## धार में भाजपा का गढ़ भेदने के लिए जूझ रही कांग्रेस

- धार लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर का उतारा है, जिनकी कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल से टक्कर है। मुवेल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं और कांग्रेस नेताओं के पाला बदलने से परेशान हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के छतरसिंह दरबार ने कांग्रेस के दिनेश गिरवाल को 1 .56 लाख वोटों से हराया था। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस और तीन पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा से 2014 में यहां से सावित्री ठाकुर जीती थीं, जबकि 2009 में कांग्रेस ने चुनाव जीता था।

| वोट प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| 53.72 % | 42.12 % |
| भाजपा | कांग्रेस |

| मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|
| 51.84 % | 42.18% |
| भाजपा | कांग्रेस |

## खंडवा में स्थानीय मुद्दों से भाजपा को घेरने की कोशिश

- खंडवा की पहचान कवि माखनलाल चतुर्वेदी, गायक किशोर कुमार और कवि प्रदीप से है। इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव ने 2009 में जीत दर्ज की थी। उप चुनाव मिलाकर यहां पिछले तीन चुनावों 2014, 2019 और 2021 में भाजपा का कमल ही खिलता रहा है। यहां लोगों के सामने बिजली, पानी, सड़क और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याएं हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार उन्हें स्थानीय समस्याओं पर घेर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2021 उपचुनाव | |
|---|---|
| 49.85 % | 43.40% |
| भाजपा | कांग्रेस |

| मत प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| 57.14 % | 38.52% |
| भाजपा | कांग्रेस |

## उज्जैन में दिलचस्प हुआ चुनाव

- महाकाल की नगरी उज्जैन प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का गृह क्षेत्र है। उज्जैन लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। कांग्रेस पिछली बार 2009 में जीती थी। लेकिन अब तक हुए चुनावों में 12 बार भाजपा तो कांग्रेस पांच बार ही जीत सकी है। 2014 में यहां से भाजपा के चिंतामणि मालवीय जीते थे। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनिल फिरोजिया ने कांग्रेस के बाबूलाल मालवीय को 3 .65 लाख वोटों से हराया था। हालांकि वह 2018 में कांग्रेस के महेश परमार से विधानसभा चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने इस बार अनिल फिरोजिया का मुकाबला करने के लिए महेश परमार को मैदान में उतारकर चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

| वोट प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| 63.20 % | 34.01 % |
| भाजपा | कांग्रेस |

| मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|
| 63.07 % | 32.61% |
| भाजपा | कांग्रेस |

## मंदसौर में लगाया जातीय दांव

- मंदसौर को रावण की सुराल और अफीम की खेती के लिए जाना जाता है। मंदसौर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस आखिरी बार 2009 में चुनाव जीती थी, तब कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन ने यह सीट कांग्रेस की झोली में डाली थी। इसके बाद से भाजपा का यहां कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के सुधीर गुप्ता से कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन को 3 .76 लाख वोटों से हार गई थीं। इस सीट पर यह सबसे बड़ी जीत थी। तीन बार यहां जीत का अंतर 10 हजार से भी कम रहा है, जबकि चार चुनावों में एक लाख से कुछ अधिक रहा है। भाजपा सांसद सुधीर गौतम तीसरी बार मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस से दिलीप सिंह गुर्जर उन्हें टक्कर देने की कोशिश कर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2019 | |
|---|---|
| 61.80 % | 34.37 % |
| भाजपा | कांग्रेस |

| मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|
| 60.13 % | 34.0% |
| भाजपा | कांग्रेस |

# महाराष्ट्र में वोटर के मिजाज से बेचैनी में दोनों गठबंधन

चुनाव डेस्क

- एनडीए 400 पार के लिए पिछली बार जीती 41 सीटों से आगे निकलने की कर रहा कवायद
- इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ उद्धव और शरद पवार के लिए साख बचाने का सवाल

**61.20%** वोट पड़े थे 2019 के लोकसभा चुनाव में

**57 %** से कुछ अधिक मतदान हुआ पहले दो चरण में

**55.54%** लोगों ने ही वोट डाले तीसरे चरण में

**06** दलों के दो गठबंधन में होने से असमंजस में वोटर

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा की 48 सीटों वाले महाराष्ट्र का महत्व भाजपा के लिए इस बार सबसे ज्यादा है। पार्टी 400 पार के लक्ष्य को हकीकत में बदलने के लिए यहां से पिछली बार एनडीए गठबंधन को मिली 41 सीटों से आगे की सफलता की उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन राज्य की चुनावी कहानी कुछ अलग ही अंदाज में बदल गई है। छह बड़े दल और दो गठबंधनों के कारण मतदाता लगातार असमंजस और उलझन में है। इससे हर दल के समीकरण गड़बड़ा रहे हैं। तीसरे चरण के मतदान में बारामती में भी कुछ यही हुआ। मतदाता घरों से बाहर ही नहीं आए। 50 फीसदी से भी कम वोट पड़े, जबकि इस सीट पर मराठा छत्रप शरद पवार अपनी पुत्री सुप्रिया सुले तो उप मुख्यमंत्री अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार की जीत के लिए लगातार सभाएं कर रहे थे। राज्य में तीसरे चरण में 55 फीसदी से कुछ ज्यादा ही मतदाताओं ने वोट डाले। इससे पहले दो चरणों में 57.47% मतदान हुआ था। तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत और नीचे गिरने से सभी दलों की धड़कनें और बेचैनी और बढ़ गई है। राज्य में 2019 को लोकसभा चुनाव में 61.20% और 2014 में 60.32% मतदान हुआ था।

महाराष्ट्र में शिसेना और राकांपा में टूट के बाद कौन असली-कौन नकली की जंग के बीच बाकी नारे और बातें जैसे पीछे छूटती नजर आ रही हैं।

यहां सतह पर दो गठबंधनों के बीच सीधा मुकाबला दिखता है, लेकिन जमीनी हालात दूसरे हैं। असल में दोनों गठबंधनों की सभी छह पार्टियों के बीच एक-एक सीट के लिए वर्चस्व की लड़ाई छिड़ी हुई है। महाराष्ट्र में 2019 में भाजपा और शिवसेना साथ चुनाव लड़ी थी, जिसमें भाजपा को 23 और शिवसेना को 18 सीटें मिली थीं। राज्य की कुल 48 सीटों में 41 पर एनडीए गठबंधन की जीत हुई थी। लेकिन 2024 के चुनाव में पिछली बार के मुकाबले राजनीतिक समीकरण बदल गया है। शिवसेना और राकांपा दो भागों में बंट गई है और दोनों दलों का एक-एक भाग एनडीए और इंडिया गठबंधन के साथ है। ऐसे में बड़े-बड़े राजनीतिक धुरंधर भी सही आकलन नहीं कर पा रहे हैं कि इस बार कहां किसका पलड़ा भारी है। बात यहीं तक नहीं है, वंचित बहुजन अघाड़ी भी मैदान में है। पिछली बार उसने 7% वोट लेकर कई सीटों पर प्रत्याशियों की हार-जीत तय की थी। इस बार भी वंचित अघाड़ी कई सीटों पर कमाल दिखा सकती है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा के समर्थन में है। अब इस चुनावी माहौल के बीच मतदाता असमंजस की स्थिति में है, खासकर शिवसेना और राकांपा को वोट देने वाले। कभी वे प्रत्याशी का चेहरा देख रहे हैं, तो कभी नेता और सीट का समीकरण। राकांपा के कुछ कार्यकर्ता कहते हैं कि दिल से हम लोग शरद पवार के साथ हैं, लेकिन अजित पवार ने जो काम किए, उन्हें नजरअंदाज भी नहीं कर सकते हैं। यही स्थिति शिवसेना के कार्यकर्ताओं के साथ है। उद्धव की शिवसेना और शिंदे की शिवसेना में किसी एक को चुनने की परेशानी के बीच मराठा आरक्षण आंदोलन भी है, जिसकी आग अभी शांत नहीं हुई है।



**भारत के लाल** तेलंगाना के वारंगल में चुनावी रैली के लिएजाते समय रास्ते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक छोटे बच्चे को भाजपा के पटका के साथ देखा तो रुककर उसे दुलराए बिना नहीं रहे।

# भाई-बहन और पिता-पुत्री के बीच जंग

**आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव**

**अमृत विचार।** आंध्र प्रदेश में एक ही चरण में 13 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लेकिन मतदान से पहले यहां कई राजनीतिक परिवारों के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। कहीं, बहन के खिलाफ भाई मैदान में है तो कहीं बेटी ने अपने ही पिता के खिलाफ जंग का बिगुल बजा रखा है।

विजयवाड़ा को आंध्र प्रदेश की राजनीतिक राजधानी माना जाता है। यहां होने वाला मुकाबला बताता है कि राजनीति ने परिवारों को कितना बांट दिया है। केसिनेनी श्रीनिवास उर्फ नानी जो 2014 और 2019 में तेलुगु देशम के टिकट पर जीते थे, चंद्रबाबू नायडू से अलग होकर वाईएसआरसीपी में चले गए हैं। दरअसल उन्हें लगा कि नायडू उनके भाई केसिनेनी शिवनाथ उर्फ चिन्ना को बढ़ावा देने के लिए उन्हें दरकिनार कर रहे हैं। चिन्ना को तेलगू देशम से टिकट मिल गया था। उधर वल्लुरी भार्गव अपने चाचा को चुनौती देने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। काकीनाडा जिले में प्रभावशाली कापू नेता पूर्व सांसद मुद्रगदा पद्मनाभम की भी कुछ ऐसी ही कहानी है।

नाराज पूर्व सांसद और उनके बेटे पीथापुरम विधानसभा क्षेत्र में अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण को हराने की कसम खाते हुए वाईएसआरसीपी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि पूर्व सांसद की बेटी क्रांति उनसे सहमत नहीं हैं और उन्होंने पवन के साथ हाथ मिला लिया है। क्रांति ने वाईएस जगनमोहन रेड्डी पर जन सेना प्रमुख को निशाना बनाने के लिए अपने पिता का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उधर पद्मनाभम ने पवन पर उनके परिवार में फूट डालने, उनकी बेटी को राजनीति में खींचने और उनके खिलाफ बोलने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। इस जिले में वरिष्ठ तेलगू देशम नेता और पूर्व वित्त मंत्री यानमाला रामकृष्णुडु ने अपनी बेटी दिव्या को तुनी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

उन्होंने दिव्या को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बताया, इसके बाद उनके भाई यानमाला कृष्णुडु ने गुस्से में पार्टी छोड़ दी और वाईएसआरसीपी में शामिल हो गए। इसी तरह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुथयाला नायडू अनाकापल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सीएम रमेश के सामने हैं। 2014 और 2019 में मदुगुला विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो चुनाव जीतने वाले नायडू को अपनी विधानसभा सीट दूसरी पत्नी की बेटी अनुराधा को सौंपने के लिए कहा गया था। इससे उनकी पहली पत्नी के पुत्र रवि कुमार नाराज हो गए और उन्होंने अनुराधा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने की ताल ठोंक रखी है।

# सोरेन की सहानुभूति ...बनाम मोदी की गारंटी

**गिरिडीह संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड प्रांत की गिरिडीह संसदीय सीट पर इस बार लड़ाई सहानुभूति बनाम मोदी की गारंटी के बीच है। अबकी बार चार सौ पार और मोदी की गारंटी के सहारे मैदान में उतरी भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू के उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही है। वर्तमान सांसद एवं आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी अपनी हर सभा में केंद्र सरकार की लाभार्थी परक योजनाओं को गिना रहे हैं। वे यह बताने से नहीं चूकते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादे किए थे उसे पूरे किए हैं और आगे भी पूरे होते रहेंगे। जबकि झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो उन्हें यह कहकर घेर रहे हैं कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की गारंटी पूरी नहीं हुई। झामुमो मुखिया हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर महतो मतदाताओं की सहानुभूति वोट के रूप में बटोरना चाहते हैं। इसमें उन्हें सफलता कितनी मिलेगी यह तो चार जून को पता चलेगा। इस सीट पर 25 मई को मतदान होगा।



मथुरा महतो।

गिरिडीह संसदीय सीट पर भाजपा ने 1989 में पहली बार जीत दर्ज की थी। राम मंदिर आंदोलन के मुद्दे को उभारकर भाजपा के रामदास सिंह यहां से संसद पहुंचने में कामयाब हो गए थे। तब यहां दो बार से लगातार जीत रही कांग्रेस को हराया था। लेकिन 1991 के चुनाव में भाजपा इस सीट को बरकरार नहीं रख पायी। उसके उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी ने पटक दिया था। हालांकि भाजपा को इस हार का बदला लेने के लिए बहुत ज्यादा इंतजार भी नहीं करना पड़ा। जब 1996 में चुनाव हुआ तो पार्टी ने रवींद्र कुमार पांडेय को मौका दिया। रवींद्र ने न सिर्फ इस चुनाव में जीत दर्ज की बल्कि वे 1998 और 1999 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस सीट पर पहली हैट्रिक उन्हीं के नाम है। इसके बाद किसी दल के उम्मीदवार ने हैट्रिक नहीं लगाई। हालांकि 2004 के चुनाव में इस सीट को पार्टी हार गई।

जब 2009 में चुनाव हुआ तो मतदाताओं ने रवींद्र कुमार पांडेय को फिर से जिताया वे 2014 में भी जीते लेकिन 2019 में यह सीट गठबंधन की सहयोगी आजसू के खाते में गई और राज्य सरकार में तत्कालीन मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी यहां से मैदान में उतरे और जीत गए। इस बार वे फिर समर में हैं।

## मुस्लिम मतों का विभाजन जीत का आधार

इस सीट पर मुस्लिम मतों में विभाजन ही भाजपा की जीत का आधार बनता रहा है। इसी आधार पर भाजपा नीत राजग गठबंधन की सहयोगी आजसू के उम्मीदवार भी पिछला चुनाव जीते थे। हर किसी की निगाह यहां कोइरी, कुर्मी और मुस्लिम मतदाताओं पर होती है। 1996 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो ), कांग्रेस, जनता दल व जेएमएम( एम ) अलग–अलग लड़े। मुस्लिम मत बंटा और भाजपा जीती। 1998 और 1999 में मुस्लिम मतदाता कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच बंटे फिर भाजपा जीती। 2004 में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा साथ लड़े तो भाजपा हारी। 2009 में झामुमो को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला तो भाजपा जीती। 2014 में भाजपा की जीत का आधार मतों का बंटवारा ही रहा।

**06** बार इस सीट पर काबिज हो चुकी है भाजपा

**2019** में भाजपा की सहयोगी आजसू यहां जीती थी

## राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं चौधरी

- चंद्रप्रकाश चौधरी राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी है। झारखंड राज्य के गठन के लिए उन्होंने आंदोलन किया और इसी वजह से उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। 2005 में वह अर्जुन मुंडा की सरकार में पहली बार मंत्री बने। 2006 में मधु कोड़ा, 2009 में शिबू सोरेन , 2010 में फिर अर्जुन मुंडा की सरकार में मंत्री बने। रघुवर दास की सरकार में भी उन्होंने मंत्री पद संभाला। उनके विरुद्ध लड़ रहे मथुरा महतो भी तीन बार के विधायक हैं। राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वे लोगों को बताने में जुटे हैं कि भाजपा ने किस तरह ईडी का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। वे लगातार हेमंत सोरेन को स्वच्छ और ईमानदार नेता बताने में जुटे हुए हैं।



चंद्रप्रकाश चौधरी।

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**–तुलसी 1820, राज श्री 1310, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1560, जय जवान 1405, सचिन 1525, सूरज 1430, अवसर 1620, राग गोल्ड 1600, गृहणी 1520, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1550, चक्र टिन 1635, ब्लू 1640, आशीर्वाद मस्टर्ड 1665, स्वास्तिक 1790, **किराना (प्रति कु.)**–हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 32000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–11000, अजवायान 16000–24000, मेथी 7400, सौंफ 9000–13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950, **चावल (प्रति कु.)**–डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**–मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200–14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750–7100 मलका दाल 7275–7700, मलका छांटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10300–11300, मसूर दाल छोटी 9000–9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900–12900, दाल चना 7550, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000–11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14500, अरहर कोरा मोटा 14800, अरहर पटका छोटा 15000–15400, अरहर कोरी छोटी 16700, **चीनी**–डालमियां 4200, पीलीभीत 4150, नवाबगंज 4140, बहेड़ी (नई) 4150 रुपये।

### सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट जारी करके कही बात...

# एआई से सेवा पेशेवरों की होती समय की बचत

**बेंगलुरू, एजेंसी**



आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच सेवा क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों का कहना है कि इससे समय की बचत के साथ ही दक्षता और ग्राहक संतुष्टि में भी सुधार हो रहा है। सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट में यह बात कही है। इस रिपोर्ट में 30 देशों में 5,500 सेवा पेशेवरों के बारे में सर्वे के परिणाम दिए गए हैं, जिनमें भारत के 300 पेशेवार शामिल हैं।

इस रिपोर्ट में ग्राहक सेवा का निर्धारण करने वाली प्राथमिकताओं, चुनौतियों और रणनीतियों को शामिल किया गया है, जिनमें यह भी शामिल है कि सर्विस टीमें ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच अपना राजस्व, एफिशियंसी और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लिए किस प्रकार एआई और डेटा का उपयोग कर रही हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन एफिशियंसी बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। क्वालिटी से समझौता किए बिना सेवा में सुधार के लिए संगठन एआई के उपयोग की तरफ ज्यादा झुक रहे हैं। इसमें कहा गया है कि भारत में 73 प्रतिशत सेवा संगठन एआई का उपयोग या आकलन कर रहे हैं। देश में 93 प्रतिशत सेवा संगठन इस साल एआई में निवेश बढ़ाना चाहते हैं। भारत में सेवा के लिए एआई के उपयोग के सर्वोच्च 3 मामले हैं, ऑटोमेटेड सारांश और रिपोर्ट, बेहतर ऑफर एवं परामर्श, ज्ञानपूर्ण लेख की रचना। इसमें कहा गया है कि भारत में एआई का उपयोग करने वाले 94 प्रतिशत सेवा पेशेवरों ने कहा कि इससे उनका समय बचता है। सेवा संगठनों ने राजस्व निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। सेवा को लागत केंद्र के रूप में राजस्व निर्माता के रूप में देखने का चलन बढ़ रहा है, और सेवा टीमें विस्तार के लिए निवेश कर रही हैं। देश में 79 प्रतिशत संगठनों को उम्मीद है कि इस साल उनके राजस्व में सेवा का योगदान ज्यादा रहेगा। भारत में 85 प्रतिशत सेवा संगठनों को इस साल ज्यादा बजट की उम्मीद है।

### ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रहीं हैं : अरुण

सेल्सफोर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक (सेल्स) अरुण कुमार परमेश्वरन ने कहा– ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। एआई के फायदे साफ दिख रहे हैं, जिनमें ज्यादा उत्पादकता, कीमतों में कमी, और बेहतर ग्राहक अनुभव शामिल हैं। संगठन डेटा क्षमताओं और ऑटोमेशन की परिपक्वता बढ़ाकर गुणवत्ता और स्पीड के साथ सेवा प्रदान करने में बेहतर संतुलन बनाने में समर्थ हो रहे हैं। एआई और डेटा से अगले स्तर का ग्राहक अनुभव मिल रहा है, और एआई विभिन्न उपयोगों में कारगर साबित हो रहा है, तथा राजस्व निर्माण के अवसर उत्पन्न करके ग्राहकों को अतुलनीय मूल्य प्रदान कर रहा है।

## रेलवे ने प्रतिदिन 7.41 किमी की दर से बिछाई पटरियां

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने पिछले 10 साल में औसतन 7.41 किलोमीटर प्रतिदिन की दर से पटरियां बिछाई हैं जिनमें नई लाइन के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा लाइन का दोहरीकरण, तिहरीकरण और आमान परिवर्तन शामिल है। रेलवे ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, उसने 2014-15 से 2023-24 तक 10 वर्षों में कुल 27057.7 किलोमीटर रेल की पटरियां बिछाई हैं। आवेदन दायर करने वाले मध्य प्रदेश निवासी चंद्रशेखर गौड़ ने कहा कि जब मैंने आंकड़ों की गणना की, तो पता चला कि 10 वर्षों में प्रतिदिन औसतन करीब 7.41 किलोमीटर की दर से पटरियां बिछाने का काम किया गया।

## मोदी शासन में पीएसयू परेशान नहीं बल्कि फल-फूल रहे : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस पार्टी के आरोपों पर वित्त मंत्री ने दिया जवाब



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पहले उपेक्षित रहे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जैसे उपक्रमों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के दौरान ''पुनरुत्थान'' हुआ।

कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेता राहुल गांधी के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के परेशानी झेलने के आरोपों का खंडन करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'' जैसा है। मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) फल-फूल रहे हैं, तथा उन्हें बढ़ी हुई परिचालन स्वतंत्रता के साथ-साथ उनमें पेशेवर संस्कृति का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जो पहले संप्रग सरकार के दौरान उपेक्षित थे, मोदी सरकार के दौरान फिर से खड़े हुए। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस और खासकर राहुल गलत आरोप लगा रहे हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 83,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600–54,800 |

**लखनऊ**

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,450 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,300 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |

**बरेली**

| | |
|---|---|
| सोना जेवरात पक्के | 71,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,000 |
| चांदी पक्की | 815 (अनुमानित) |

**मुरादाबाद**

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 71,450 |
| चांदी आभूषण | 82,100। |

## हल्द्वानी मंडी

**चावल**–शरबती 65 मसूरी 55 अंगूरी 56 बासमती 105, **दाल दलहन**–काला चना 112–120 साबुत चना दाल 75 मूंग साबुत 96–125 राजमा 140 दाल उड़द 120 साबुत मसूर दाल 75 मसूर दाल 75–80 उड़द साबुत 125 काबुली चना 70–128 अरहर दाल 165–168 लोबिया/करमानी 85–122 सोयाबीन 45–65 मूंगफली 43–74 मटर (सूखी) 50–61 मक्का 24 रुपये।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**–दाल चना : दालों का भाव : दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपयेअरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104 – 106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना कावली : 145 से 160 राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 लोबिया लाल : 94 लोबिया सफेद 98 रुपये।

# 10 जिलों में बिकी 26,828 एमटी अधिक यूरिया, जांच के निर्देश

विशेष

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**लापरवाही**

- कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर बदायूं में बिक्री संदिग्ध
- जायद में पिछले वर्ष 35 दिन में 97,811 एमटी और इस वर्ष 1.24 लाख एमटी बिक्री



**अमृत विचार :** प्रदेश के 10 जिलों में जायद फसल के दौरान 1 अप्रैल से 5 मई तक अनुमान से अधिक यूरिया बिक गई। कृषि निदेशालय ने इसे संदिग्ध मानकर संबंधित जिला कृषि अधिकारी को अधिक यूरिया बेचने वाले फुटकर विक्रेताओं की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कृषि विज्ञानियों की मानें तो जायद फसल मार्च से मई तक होती है। इसमें मक्का, उड़द, मूंग व ज्यादातर सब्जियां बोई जाती हैं। मक्का को छोड़कर बाकी जायद फसलों में यूरिया का इस्तेमाल कम होता है। जायद मक्का भी कन्नौज, फर्रुखाबाद समेत आलू बेल्ट में ज्यादा होती है। जहां, आलू की फसल के बाद मक्का करने पर यूरिया कम मात्रा में लगती है। इसके बावजूद विभागीय आंकड़ों के अनुसार बिजनौर, कन्नौज, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुजफ्फरनगर व मेरठ में 1 अप्रैल से 5 मई तक 1,24,639 मीट्रिक टन यूरिया बिकी। पिछले वर्ष इन 35 दिन के अंतराल में इन जिलों में 97,811 मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री हुई थी। इस वर्ष 26,828 मीट्रिक टन अधिक यूरिया बिकी। हालांकि विभाग इसका कारण खेती का क्षेत्रफल बढ़ना बता रहा है। लेकिन, हकीकत जांच में पता चलेगी।

**खरीफ के लिए यूरिया डंप करने की आशंका:** जायद में यूरिया की खपत और बिक्री कम होती है। कालाबाजारी करने वाले इस सीजन का फायदा उठाकर खरीफ व रबी फसल के लिए यूरिया डंप कर लेते हैं। खेतों में इस्तेमाल होने वाली यूरिया नीमकोटेड होती है और अनुदान काटकर सस्ती पड़ती है। इसका इस्तेमाल फैक्ट्रियों में प्लाई बोर्ड, पेंट, पशु आहार आदि बनाने में भी किया जाता है। जबकि फैक्ट्रियों में कॉमर्शियल टेक्निकल ग्रेड यूरिया मान्य है। जो काफी महंगी मिलती है और नीमकोटेड खरीदने पर दो हजार रुपये तक बचते हैं। इस तरह के मामले पूर्व में पकड़े भी गए हैं।

इस मामले को लेकर संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि यह नियमित समीक्षा है जो हर माह करते हैं। अधिक यूरिया की बिक्री होना जिलों में खेती का क्षेत्रफल बढ़ना है। फिर भी जांच के निर्देश दिए हैं कि कहीं असंतुलित मात्रा में यूरिया का प्रयोग तो नहीं हुआ है।



# शहजादे ने अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया: मोदी

## हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की जताई आशंका

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें 'गाली देना' बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेम्पो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों का तीसरा 'फ्यूज' उड़ गया है।

उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भाजपा और राजग जीत की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा-आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरु किया। पांच साल से एक ही माला जपते थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

### मोदी ने मित्रों पर ही हमला शुरू किया : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को दावा किया कि देश में तीन चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुर्सी डगमगा रही है और उन्होंने अपने ही मित्रों पर हमला शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह चुनाव परिणामों के 'असली रुझान' को दर्शाता है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा–वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा! तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। यही परिणाम के वास्तविक रुझान हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में एक रैली में कहा था कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि उसने 'अंबानी–अडाणी' मुद्दा उठाना क्यों बंद कर दिया है मोदी ने कहा–आपने देखा होगा कि कांग्रेस के शहजादे पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे... पांच साल से एक ही माला जपते थे। इन्होंने अंबानी–अडाणी को गाली देना बंद कर दिया।



नादिया (पश्चिम बंगाल) जिले के शांतिपुर में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के जश्न के दौरान छात्राओं ने मनमोहक नाटिका का प्रदर्शन कर दर्शकों का मोह लिया मन। ● एजेंसी

## एक नजर

### कोचिंग क्लास संचालक से 1.88 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 48 वर्षीय कोचिंग क्लास संचालक के साथ शेयर ट्रेडिंग की आड़ में 1.88 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य बनाकर यह धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे मार्च में व्हाट्सएप ग्रुप 'स्टॉक वैनगार्ड (एफ)' में जोड़ा था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में 170 सदस्य थे और शेयर बाजार से संबंधित जानकारियां ग्रुप में डाली जाती थीं।

### देह व्यापार का भंडाफोड़ 10 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस और सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को एक होटल की आड़ में चल रहे देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ कर विदेशी महिलाओं सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया सेक्टर–57 क्षेत्र में होटल की आड़ में रेट फिक्स करके देशी और विदेशी महिलाओं से देह व्यापार कराने की पुष्टि करने के लिए अपने बोगस ग्राहक होटल में भेजे गए। पुलिस टीम द्वारा भेजे गए बोगस ग्रहाक ने होटल में जाकर रेट फिक्स किया और देह–व्यापार धंधे का भंडाफोड़ किया।

## 20 लाख मरीजों का डेटा चोरी क्रिप्टोकरेंसी में मांगी गई फिरौती

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

**आरसीसी साइबर हमला**



भारत में साइबर हमलों की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के तहत यहां क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी) के 20 लाख रोगियों के विवरण से छेड़छाड़ की गई, जिससे 14 में से 11 सर्वर प्रभावित हुए और विकिरण विभाग सहित कई प्रभागों में व्यवधान उत्पन्न हुआ।

सूत्रों ने बताया कि हमले ने 20 लाख से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां जुरायी गयी और क्रिप्टोकरेंसी में फिरौती की मांग की। कथित तौर पर कोरियाई-आधारित साइबर अपराधियों ने आरसीसी के डेटा स्रोत में सफलतापूर्वक घुसपैठ की और 80 लाख से अधिक मरीजों की संवेदनशील जानकारियां निकालीं और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फिरौतीफिरौती की मांग की। सूत्रों ने कहा-तिरुवनंतपुरम में आरसीसी के विकिरण विभाग पर साइबर हमला 30 अप्रैल, 2024 को हुआ था। यह एक राज्य के स्वामित्व वाला प्रीमियम कैंसर देखभाल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र है, जो पूरे भारत के रोगियों की सेवा करता है। हमले ने विकिरण उपचार के लिए उपयोग किए जाने वाले सॉफ़्टवेयर को लक्षित किया। मरीजों को विकिरण देने वाला सॉफ्टवेयर हैक कर लिया गया था। हमले के लिए जिम्मेदार समूह को डाइक्सिन टीम के नाम से जाना जाता है।

सूत्रों के अनुसार 20 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी संग्रहीत करने वाले दो प्रमुख सर्वरों हैक किया गया था। लाखों मरीजों के सर्जिकल, रेडिएशन और पैथोलॉजी परिणाम वाले सर्वर पर हमला किया गया था। हमले ने मरीजों के इलाज और अनुवर्ती जांच को नुकसान पहुंचाया। मरीजों को गलत विकिरण खुराक मिल सकती थी, जिससे जीवन के लिए खतरा पैदा हो सकता था। हैकर्स ने जिम्मेदारी ली और विदेश से एक ईमेल भेजा। उन्होंने अरबों रुपये की क्रिप्टोकरेंसी की मांग की। हमले के बाद से विकिरण उपचार रोक दिया गया है और आने वाले दिनों में फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

## नफे सिंह राठी हत्याकांड की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- हरियाणा सरकार की सिफारिश पर दर्ज किया गया मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के समीप बहादुरगढ़ में फरवरी में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गई इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी एवं एक पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की जांच अपने हाथों में ले ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस हमले में राठी के तीन निजी सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए थे। हमलावरों ने पूर्व विधायक राठी की गाड़ी पर गोलीबारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने इस संबंध में फिर से यह मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल की एक अधिसूचना के मार्फत केंद्र द्वारा यह मामला सीबीआई के पास भेजी गयी थी। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले में पूर्व भाजपा विधायक नरेश कौशिक समेत सात आरोपियों को नामजद किया है। अन्य छह आरोपी करमबीर राठी, रमेश राठी, सतीश राठी, गौरव राठी, राहुल एवं कमल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में आपराधिक साजिश, हत्या तथा भादंसं की अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

## औरंगाबाद और उस्मानाबाद के नाम बदलने के निर्णय के विरूद्ध दायर याचिकाएं खारिज

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं बुधवार को खारिज कर दीं और कहा कि 'नाम में क्या रखा है?' मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि याचिकाओं में दम नहीं है तथा राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना में किसी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट की पीठ ने कहा कि हमें यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना में कुछ भी गैरकानूनी या कानूनी खामी नहीं है।

## सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। हार्वर्ड लॉ स्कूल से स्नातक सिब्बल 1989-90 के दौरान भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल थे। उन्हें 1983 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने 1995 और 2002 के बीच तीन बार एससीबीए के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। एससीबीए के मानद सचिव रोहित पांडे ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ताओं के इस निकाय के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

## लिव-इन पार्टनर से दुष्कर्म के आरोप से विवाहित व्यक्ति बरी

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

- दोषमुक्ति में एक अनुबंध व्यक्ति का मददगार साबित हुआ
- मध्य प्रदेश की जिला अदालत ने सुनाया फैसला



इंदौर की जिला अदालत ने 34 वर्षीय व्यक्ति को अपनी "लिव-इन" जोड़ीदार से दुष्कर्म, जबरन गर्भपात और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों से बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खास बात यह है कि दोषमुक्ति में एक अनुबंध इस विवाहित व्यक्ति का मददगार साबित हुआ जिसमें 29 वर्षीय महिला ने इस बात पर सहमति जताई थी कि वह सात दिन उसके साथ और सात दिन अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा।

अधिकारी ने बताया कि महिला ने इस व्यक्ति के खिलाफ शहर के भंवरकुआं पुलिस थाने में 27 जुलाई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार बलात्कार किया, जबरन गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात कराया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। अपर सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह ने तथ्यों और सबूतों पर गौर करने के बाद इस व्यक्ति को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (दो) (एन) (महिला से बार-बार बलात्कार), धारा 313 (स्त्री की सहमति के बिना उसका गर्भपात कराना) और धारा 506 (धमकाना) के आरोपों से 25 अप्रैल को बरी कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में रेखांकित किया कि प्राथमिकी दर्ज कराने वाली महिला ने इस व्यक्ति के साथ 15 जून 2021 को बाकायदा अनुबंध किया था जिसमें साफ लिखा गया था कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और वह एक हफ्ते उसके साथ और एक हफ्ते अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। अनुबंध में यह भी लिखा गया था कि महिला और इस व्यक्ति के बीच पिछले दो साल से प्रेम संबंध हैं। अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस अनुबंध से स्पष्ट है कि "लिव-इन" संबंध (किसी जोड़े का बिना शादी के साथ रहना) में रहने के दौरान महिला और इस व्यक्ति ने आपसी सहमति से शारीरिक रिश्ते बनाए थे और यह शख्स पहले से शादीशुदा होने के कारण उसके साथ विवाह करने की स्थिति में नहीं था। अदालत ने इस व्यक्ति को आरोपों से बरी करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में इस व्यक्ति को बलात्कार और जबरन गर्भपात का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।



### आज का मुकाबला

पंजाब किंग्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**


| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| ट्रैविस हेड हैदराबाद | 12 | 533 |

### मंगोलिया ने बनाया टी20 का दूसरा न्यूनतम स्कोर

**सानो (जापान)।** एशियाई खेलों के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है। जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी। जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो ने 3.2 ओवर में 5 विकेट लिए।

# आईपीएल के इतिहास में सबसे तेज रनचेज

## सनराइजर्स हैदराबाद के लिए ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की सलामी जोड़ी ने 9.4 ओवर में बनाए 167 रन



**हैदराबाद, एजेंसी**

ट्रैविस हेड (89) और अभिषेक शर्मा (67) रनों की तूफानी अर्धशतकीय पारियों के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 57वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को रिकार्ड 10 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ हैदराबाद अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है।

हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने आईपीएल के इतिहास की सबसे तेज लक्ष्य का पीछा कर जीतने का रिकार्ड बनाया। आईपीएल के इतिहास में पहली सलामी जोड़ी के बीच पहले विकेट के लिए रिकार्ड 167 रनों की साझेदारी हुई। ट्रैविस हेड ने 30 गेंदों में आठ चौके और आठ छक्के लगाते हुए नाबाद 89 रनों की पारी खेली। वहीं उनके जोड़ीदार अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों में आठ चौके और छह छक्के जड़ते हुए नाबाद (75) रन बनाए। हैदाराबाद ने 9.4 ओवर में 167 रन बनाकर मुकाबला 10 विकेट से जीत लिया। लखनऊ का कोई भी गेंदबाज विकेट लेने में नाकाम रहा।

इससे पहले आयुष बदोनी नाबाद (55) और निकोलस पूरन नाबाद (48) की पारियों की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया है। आज यहां राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत धीमी और खराब रही। उसने तीसरे ओवर में क्विंटन डिकॉक (2) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान के एल राहुल और क्रुणाल पांड्या ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में पैट कमिंस ने के एल राहुल (29) को नटराजन के हाथों कैच आउट करा दिया। 12वें ओवर में क्रुणाल पांड्या (24) रनआउट हुये। उसके बाद आयुष बदोनी और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला। आयुष बदोनी ने 30 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद (55) बनाये। वहीं निकोलस पूरन 26 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 48 रनों की पारी खेली। दोनों के बीच पांचवें विकेट लिये 99 रनों की साझेदारी हुई। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाये। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिये। पैट कमिंस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



डिकॉक का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते भुवनेश्वर कुमार। ● एजेंसी

**लखनऊ 165/4** 20 ओवर, अतिरिक्त : 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच नटराजन बो कमिंस | 29 | 33 | 1/1 |
| डिकॉक कैच नीतिश बो भुवनेश्वर | 2 | 5 | 0/0 |
| स्टोइनिस कैच सनवीर बो भुवनेश्वर | 3 | 5 | 0/0 |
| क्रुणाल पांड्या रन आउट (कमिंस) | 24 | 21 | 0/2 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 48 | 26 | 6/1 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 55 | 30 | 9/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-12-2, कमिंस 4-0-47-1, शहबाज 2-0-9-0, विजयकांत 4-0-27-0, उनादकट 2-0-19-0, नटराजन 4-0-50-0

**हैदराबाद 167/0** 9.4 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा नाबाद | 75 | 28 | 8/6 |
| ट्रेविस हेड नाबाद | 89 | 30 | 8/8 |

**गेंदबाजी :** गौतम 2-0-29-0, ठाकुर 2.4-0-47-0, बिश्नोई 2-0-34-0, नवीनुल हक 2-0-37-0, बडोनी 1-0-19-0

**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| हैदराबाद | 12 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| चेन्नई | 12 | 7 | 5 | 14 | +0.406 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.769 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

## लगातार चौथी जीत पर होगी आरसीबी की नजर



**धर्मशाला, एजेंसी**

- धर्मशाला की नई हाइब्रिड पिच पर आज आमने-सामने होंगी पंजाब और बेंगलुरु की टीम
- प्ले ऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखने के लिए दोनों ही टीमों को जीत की तलाश

आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी।

पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स ने सुपरकिंग्स के खिलाफ अपना सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन किया। उनके गेंदबाज सुपरकिंग्स के सभी बल्लेबाजों पर हावी रहे लेकिन बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्हें अपने घरेलू मैदान पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता।

## जिनेवा ओपन में चोट से वापसी करेंगे एंडी



**जिनेवा।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन एंडी मरे इस महीने टखने की चोट से वापसी करते हुए जिनेवा ओपन में खेलेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि उन्होंने 18 मई से शुरु होने वाले क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के लिए 36 साल के मरे को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया है। पिछले महीने मियामी ओपन में खेलते हुए मैच के दौरान मरे के बाएं टखने के लिगामेंट में चोट लगी थी। उन्होंने इसके लिए सर्जरी का विकल्प नहीं चुना। वर्ष 2018 में कूल्हे की चोट के बाद पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे ज्यादा नहीं खेले हैं और वह कह चुके हैं कि इन गर्मियों के सत्र के बा द वह शायद संन्यास ले लेंगे। दो बार के विम्बलडन और ओलंपिक चैंपियन मरे पेरिस ओलंपिक में फिर से ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद कर रहे हैं। जिनेवा ओपन फ्रेंच ओपन के लिए अभ्यास टूर्नामेंट है।

## एशिया को टूर्नामेंट में खेलने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की जरूरत : यूरी



**नई दिल्ली।** एशियाई टेनिस का चेहरा बदलने के लिए प्रतिबद्ध एशियाई टेनिस महासंघ (एटीएफ) के युवा अध्यक्ष यूरी पोलस्की चाहते हैं कि एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को विदेश में खेलने के बजाय एशियाई टूर्नामेंट में खेलने को तवज्जो देनी चाहिए। पोलस्की की निगाहें नेपाल, बांग्लादेश, म्यामांर और सीरिया जैसे देशों में टेनिस खेल का विकास करने पर लगी हैं जहां यह खेल इतना लोकप्रिय नहीं है। पोलस्की पिछले साल दिसंबर एटीएफ अध्यक्ष चुनाव में जीते थे और वह इस खेल को उन देशों में लोकप्रिय कराना चाहते हैं जो इसमें जूझ रहे हैं। एशियाई टेनिस को एशियाई टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ एशियाई खिलाड़ियों की भागीदारी की जरूरत है क्योंकि अधिकतर वे यूरोप जाकर खेलना पसंद करते हैं, वे उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका जाकर खेलते हैं। इसका मतलब है कि स्थानीय एशियाई खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ के साथ खेलने का मौका नहीं मिलता। इसलिए आपको देश के अंदर ही प्रतिस्पर्धा की जरूरत है और आपको एशिया में काफी टूर्नामेंट की जरूरत है।

## कैच पर असहमति जताने के लिए सैमसन पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कल खेले गए मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

सैमसन को अंपायर के फैसले से असहमति व्यक्त करने के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक का दोषी पाया गया। उन्होंने दोष और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 16वें ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर शाई होप ने लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हो गए थे। होप ने सीमा रेखा के करीब कैच लपका और अपने पैर जमाने से पहले थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गए। इस बात को लेकर अनिश्चितता थी कि उनका पैर बाउंड्री को छू गया था या नहीं, मैदानी अंपायरों ने टीवी अंपायर माइकल गफ को बुलाया गया उन्होंने कैच आउट पर फैसला दिया था। सैमसन की मैदान छोड़ने से पहले मैदानी अंपायरों से काफी देर बहस हुई थी।

## फेडरेशन कप में नीरज लेंगे भाग



**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीरज चोपड़ा 12 से 15 मई तक ओडिशा के भुवनेश्वर में होने वाले फेडरेशन कप 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। तीन साल पहले टोक्यो 2020 में ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद देश में नीरज चोपड़ा की यह पहली प्रतियोगिता होगी।

फेडरेशन कप 2024 का आयोजन 12 से 15 मई के बीच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होगा। चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स 2024 में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। चोपड़ा और जेना के अलावा, फेडरेशन कप 2024 जैवलिन इवेंट में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता मनु डीपी और ओलंपियन शिवपाल भी पदक की रेस में शामिल होंगे। नीरज चोपड़ा ने फेडरेशन कप 2021 में उन्होंने 87.80 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। नीरज चोपड़ा 2022 में डायमंड लीग चैंपियन और 2023 में विश्व चैंपियन बने और पिछले वर्ष उन्होंने हांगझोऊ में हुए एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीता था।

## टी-20 विश्व कप के लिए आयरलैंड और पापुआ न्यू गिनी की टीमें घोषित

**डबलिन, एजेंसी**

अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है।

आयरलैंड टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा। ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार हिस्सा ले रही है। टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में स्कॉटलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

वहीं, पापुआ न्यू गिनी ने भी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौंपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी। ऑल राउंडर सीजे अमिनी को उप कप्तान बनाया है।

## बॉलीवुड हलचल

### दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की आने वाली फिल्म सावी का नया टीजर रिलीज हो गया है। अभिनय देव निर्देशित सावी ए ब्लडी हाउसवाइफ फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों में, दर्शको ने दिव्या खोसला को फिल्म सावी में एक साधारण हाउसवाइफ के किरदार में देख रहे हैं, जिसमे उन्होंने खुलासा किया की वह एक खतरनाक जेलब्रेक करने की योजना बना रही है। हालांकि पहले बहुत अधिक डिटेल्स नहीं दिए गए थे, पर अब इस नए टीजर में यह जानकारी शेयर की गई है कि सावी इतना कठोर कदम क्यों उठा रही है। नये टीजर में, सावी-एक घायल हाउस वाइफ यह बात करती हुई दिखाई देती है कि कैसे लोग अपने परिवार के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं और वह भी वैसा ही कर रही है। जेल से भागने में सफल होने को लेकर परेशान दिखाई देती है। फैंस भी यह देखते हुए नजर आते हैं कि कैसे एक हेल्पलेस मां यदि उसे कुछ हो गया तो अपने बच्चो के देखभाल करने की गुहार लगाते हुए नजर आती हैं। फिल्म सावी का निर्माण विशेष एंटरटेनमेंट और टी-सीरीज के बैनर तले मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा किया गया है। शिव चानना और साक्षी भट्ट ने को प्रोडूयूस किया है। इस फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्द्धन राणे भी नजर आएंगे। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। फिल्म सावी 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### मुन्नाभाई 3 के लिए हिरानी के पास हैं तीन स्क्रिप्ट : अरशद

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी का कहना है कि फिल्म मुन्नाभाई 3 के लिए फिल्मकार राजकुमार हिरानी के पास तीन स्क्रिप्ट है, लेकिन अभी यह फिल्म नहीं बन रही है। विधु विनोद चोपड़ा निर्मित और राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस वर्ष 2003 में प्रदर्शित हुई। फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में संजय दत्त और अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभायी। इसके बाद इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म मुन्ना भाई चले अमेरिका की घोषणा की गई थी, लेकिन वह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई। अरशद वारसी ने बताया, विधु विनोद चोपड़ा चाहते हैं कि यह बने, राजकुमार हिरानी भी चाहते हैं कि यह बने, संजय भाई और मैं भी चाहता हूं कि यह बने, लेकिन फिल्म अभी बन नहीं रही है। फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म के लिए राजकुमार हिरानी के पास तीन अच्छी स्क्रिप्ट हैं, लेकिन सभी में कुछ न कुछ कमी है। मुझे नहीं लगता है कि वह हाल फिलहाल में बन रही हैं।



## विश्व कप गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी

**पेरिस, एजेंसी**

महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था। नीलामी घर ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रॉफी अपनी विशिष्टता के कारण लाखों यूरो में बिकेगी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। हालांकि बाद में यह



ट्रॉफी गायब हो गई जिसने काफी अफवाहों को जन्म दिया। अगुटेस ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था। अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटैलियन लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था। सुधरकर मुख्यधारा से जुड़ने वाले माफिया के एक सदस्य द्वारा बताई गई कहानी के अनुसार ट्रॉफी को पिघलाकर सोना निकाल लिया गया था।

### पीएसजी को हराकर चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची डॉर्टमुंड



**पेरिस।** सारे पूर्वानुमानों को धता बताते हुए बोरूसिया डॉर्टमुंड ने किलियन एम्बाप्पे जैसे दिग्गजों से सजी पेरिस सेंट-जर्मेन को 1-0 से हराकर 2013 के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में प्रवेश किया। डॉर्टमुंड और पीएसजी के बीच मंगलवार को खेले गए मुकाबले में गोल दूसरे हाफ में डॉर्टमुंड के मैट हम्मेल्स ने जूलियन ब्रांट कॉर्नर से हेडर से गोल किया। डॉर्टमुंड मैच के आखिर तक अपनी इस 1-0 की बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसजी के दिग्गज खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने मैच के बाद कहा कि हम हमेशा पीएसजी में जीतना चाहते हैं, हमें गोल करना चाहिए था। हमारे पास गोल करने के मौके थे, जब आप ऐसा नहीं करते, जब आप दोनों छोर पर कुशल प्रदर्शन नहीं करते है तो आगे बढ़ना मुश्किल होता है। चैंपियंस लीग का फाइनल एक जून को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में खेला जाएगा।

### 25 मई को मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने राजनयिकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस की मौजूदगी में आम सहमति से प्रस्ताव को अपनाया। इसे 160 से अधिक देशों द्वारा सह प्रायोजित किया गया था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अजय कुमार सक्सेना द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं मकान नं.197/1, समता आश्रम गली, रामपुर रोड, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखंड-263139 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05946292618 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharhld@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UTTHIN/2021/79698 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र नैनीताल होगा)।

# भारतीय संस्कृति के लिए लिव-इन रिलेशनशिप एक कलंक: हाईकोर्ट

**बिलासपुर, एजेंसी**

- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की टिप्पणी मुस्लिम पति हिंदू महिला से जन्में बच्चे का मांग रहा था संरक्षण

लिव-इन रिलेशनशिप पाश्चात्य सभ्यता भारतीय सिद्धांतों की अपेक्षाओं के विपरीत है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बच्चे का संरक्षण से जुड़े हुए एक मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। साथ ही कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को एक कलंक बताया है।

न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस अग्रवाल की खंडपीठ ने समाज के कुछ संप्रदायों में अपनाया जाने वाला लिव-इन रिलेशनशिप अभी भी भारतीय संस्कृति में एक कलंक है, क्योंकि यह भारतीय सिद्धांत की अपेक्षाओं के विपरीत एक पाश्चात्य सभ्यता है। खंडपीठ ने 30 अप्रैल को 36 वर्षीय महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में पैदा हुए बच्चे का संरक्षण की मांग करने वाले याचिकाकर्ता की अपील को खारिज कर दिया। दंतेवाड़ा जिले के अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह एक अलग धर्म की महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था और उसने एक बच्चे को जन्म दिया।

याचिकाकर्ता ने कहा, पिछले साल दिसंबर में दंतेवाड़ा की एक अदालत ने बच्चे के संरक्षण से जुड़ी उनकी याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने बिलासपुर जिले में स्थित हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के आदेशानुसार, अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह 2021 में मतांतरण के बिना शादी से पहले तीन साल तक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था।

बकौल याचिका, 31 अगस्त, 2021 को उनके रिश्ते से एक बच्चे का जन्म हुआ और 10 अगस्त, 2023 को महिला और बच्चा गायब हो गया। उसी साल उन्होंने हेबस कॉर्पस पिटीशन दाखिल कर महिला को हाईकोर्ट के समक्ष पेश किए जाने की मांग की। महिला ने हाईकोर्ट को बताया था कि वह अपनी इच्छानुसार, अपने माता-पिता के साथ रह रही है। बाद में दंतेवाड़ा परिवार अदालत की ओर से बच्चे का संरक्षण नहीं दिए जाने के बाद अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने हाईकोर्ट का रुख किया था।

## रिश्तों को मजबूत करने भारत आ रहे मालदीव के मंत्री

**माले।** मालदीव और भारत के रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिशों के तहत विदेश मंत्री मूसा जमीर अपने पहले भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे का मकसद भारत के साथ दीर्घकालिक रिश्तों को और मजबूत बनाना है।

पहली द्विपक्षीय और आधिकारिक यात्रा पर भारत आ रहे मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर बुधवार को रवाना हुए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 8-10 मई तक अपने दौरे के दौरान विदेश मंत्री मूसा भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत और मालदीव की दीर्घकालिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने पर चर्चा होगी। मूसा की यात्रा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं।

# वादे पर खरा उतरा भारत, आतंकवाद रोकने को यूएन को दिए लाखों डॉलर

*वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में पांच लाख डॉलर का योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सात मई को भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आधा मिलियन डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा।*

### भारत आतंकवाद से निपटने के लिए तैयार

यूएन में रूचिकरा कंबोज ने कहा है कि भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है। पांच लाख डॉलर का योगदान वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।



### वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हुआ

अफ्रीका में आतंकवाद के बढ़ते खतरे के मुद्दे को संबोधित करना पिछले कुछ वर्षों से भारत की आतंकवाद-विरोधी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। 2018 से, भारत भी सक्रिय रूप से इस खतरे का मुकाबला करने वाले कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। पांच लाख डॉलर के योगदान के साथ ही ट्रस्ट फंड में भारत का अब वित्तीय समर्थन 25 .5 लाख डॉलर हो गया है।

### आतंकियों की कमर तोड़ना मकसद

भारत यूएनओसीटी के वैश्विक कार्यक्रमों मुख्य रूप से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला ( सीएफटी) और आतंकवाद यात्रा कार्यक्रम ( सीटीटीपी) का मुकाबला करने में मदद करेगा।इसका उद्देश्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के सदस्य देशों की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे आतंकवाद के वित्तपोषण के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपट सकें और आतंकवादियों की आवाजाही एवं यात्रा को रोक सकें।

### करीब दो साल पहले किया था वादा

साल 2022 में अक्टूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएन की आतंकवाद-रोधी समिति को संबोधित किया था। तब उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर आंतकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। साथ ही वादा किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 500,000 डॉलर का योगदान देंगे।

## एक नजर

### हैदराबाद में बारिश के कारण ढही दीवार, सात लोगों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने से चार साल के एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई। बाचूपल्ली पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार रात की है और इसमें मारे गए लोग ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के रहने वाले प्रवासी श्रमिक थे। बुधवार सुबह खुदाई करने वाली मशीन की मदद से मलबे से उनके शव निकाले गए। हैदराबाद और तेलंगाना के अनेक हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में कई जगहों पर जलभराव की वजह से यातायात अवरुद्ध रहा।

### किशोर ने वीडियो बनाने को महिला शौचालय में रखा कैमरा, गिरफ्तार

**मंगलुरु ( कर्नाटक)।** मंगलुरु के कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज के महिला शौचालय के अंदर कैमरे वाला एक मोबाइल रखने के आरोप में 17 साल के किशोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी तब मिली जब मोबाईल फोन की घंटी बजी और सुरक्षा कर्मी ने शौचालय से फोन बरामद किया। कॉलेज प्रशासन ने फोन पुलिस को सौंप दिया जिसके बाद फोन पर उपलब्ध विवरण के आधार पर नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी खुद को मरीज बता कर कॉलेज आया था। गिरफ्तारी के बाद किशोर को न्याय बोर्ड में पेश किया।

### जालंधर में मादक पदार्थ तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने बुधवार को ड्रग तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन तस्करों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा अवैध शराब, हथियारों और हेरोइन, टेबलेट जैसी दवाओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को प्रभावी ढंग से नष्ट कर दिया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि गिरफ्तार किए तस्करों में वरिंदर कुमार, जतिंदर कुमार और रोहित कुमार, सभी भारगो कैंप के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हेरोइन भी बरामद की है।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन का कैडर बाइक समेत गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी में प्रतिबंधित संगठन नेशनल रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ मणिपुर के एक कैडर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि प्रतिबंधित संगठन का सक्रिय सदस्य हेइसनम जेम्स सिंह जबरन वसूली में शामिल था और उसे मंगलवार को क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पास से गिरफ्तार कर, बाइक भी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि जातीय हिंसाग्रस्त मणिपुर में पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान जारी है।

# कनाडा में खतरे की सीमा लांघ रहे सिख अलगाववादी, उच्चायुक्त ने दी नसीहत

## संजय बोले-दोनों देशों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से जारी है बातचीत

**ओटावा, एजेंसी**

भारत और कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तनाव बना हुआ है। इस बीच, कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को दशकों पुराने मुद्दों के रूप में वर्णित किया है जो दुर्भाग्यपूर्ण अपराधों और कनाडा की भूमि से उत्पन्न खतरों के साथ फिर से उभर आए हैं। मांट्रियल में मंगलवार को एक कार्यक्रम में भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत में क्या होगा यह निर्णय भारतीय करेंगे न कि विदेशी इसका फैसला करेंगे।

संजय ने कहा, 'दोनों देशों की सरकारों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों की परेशानियों के समाधान खोजने की कोशिश हो रही है। जिस तरह से बातचीत चल रही है, मुझे लगता है कि दोनों पक्षों के मुद्दे हल हो जाएंगे। मेरी चिंता राष्ट्रीय सुरक्षा और कनाडा से उभर रहे खतरे हैं। अधिकतर सिख अलगाववादी खतरे की सीमा पार कर रहे हैं। उन्होंने कहा- हम किसी भी दिन बात करने के लिए तैयार हैं और हम ऐसा कर रहे हैं। हम इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय उच्चायुक्त ने दोनों देशों के बीच वर्तमान संबंधों पर कहा, यदि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के भाग्य का फैसला करना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि वापस जाएं और चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। हर पांच साल में भारत में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होते हैं। इसी तरह भारत के राज्यों में भी चुनाव होता है। उन्होंने कहा,जब हम द्विपक्षीय संबंधों में दो देशों को रणनीतिक साझेदार और मित्र कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि दोनों देश एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझें। दुर्भाग्य से कुछ मुद्दे रहे हैं और यह कोई नई बात नहीं है। दशकों पुराने मुद्दे फिर से उठे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अपराध करने वाले वह कनाडाई नागरिक हैं, जो भारत से संबंध रखते हैं। राजदूत ने कहा कि भारत में दोहरी नागरिकता नहीं है। अगर किसी भारतीय को कनाडा की नागरिकता दी जाती है तो साफ है कि वह एक विदेशी है। इसलिए अगर कोई कनाडा का नागरिक या किसी अन्य देश का नागरिक बन जाता है, तो वह भारतीय नागरिक नहीं है।

### तीन भारतीय आरोपी कनाडा की अदालत में पेश

खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में आरोपी तीन भारतीय नागरिक पहली बार वीडियो के जरिए मंगलवार को कनाडा की एक अदालत के सामने पेश हुए। इन आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था और उन पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। मीडिया के मुताबिक, आरोपी करण बराड़ ( 22 वर्षीय), कमलप्रीत सिंह ( 22 वर्षीय) और करनप्रीत सिंह ( 28 वर्षीय) कथित हिट स्क्वॉड के सदस्य हैं और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सरे प्रांतीय अदालत के सामने पेश हुए। तीनों अंग्रेजी में चली अदालती कार्यवाई की सुनावई के लिए सहमत हुए और उनमें से प्रत्येक ने सिर हिलाकर जवाब दिया कि वे निज्जर की हत्या की साजिश रचने के आरोपों को समझते हैं। आरोप के मुताबिक, एक मई 2023 से निज्जर की हत्या की तारीख के बीच सरे और एडमोंटन दोनों साजिश रची गई। हत्यारों ने पिछले पांच वर्षों में कनाडा में प्रवेश किया और उन पर नशीले पदार्थों तस्करी और हिंसा में शामिल होने का शक था।



# देश की वैश्विक धाक पर गर्व करते हैं भारतवंशी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

- प्रवासी समूह के प्रमुख बोले अमेरिका में रहने वाले भारतीय भी चाहते हैं कि पीएम मोदी ही जीतें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिका में रहने वाले भारतीय पसंद करते हैं, अमेरिका की आर्थिक वृद्धि में भारतीयों का बड़ा योगदान है। भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडाराइजर अजय जैन भटूरिया ने यह कहा कि सरकार की नीतियों से देश तरक्की कर रहा है।

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों को लेकर भारतीय अमेरिकी अजय ने मोदी सरकार की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा है कि, अमेरिका में रहने वाले अधिकांश भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे गर्व महसूस करते हैं, जब भारत पूरे विश्व में चमकता है, यही हर भारतीय चाहता है, इसलिए अधिकांश भारतीय देश पर पीएम मोदी की वापसी चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय संयुक्त राज्य अमेरिका की गहरी आर्थिक वृद्धि का हिस्सा हैं, वे आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, भारत लगातार तरक्की कर रहा है। भारत लगभग छह से सात फीसदी की तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। आंकड़ों की मानें तो इस साल के अंत तक यह जापान को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2027 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए। भटुरिया ने कहा कि सरकार की नीतियां भारत को बदल रही हैं, वाणिज्य, छोटे व्यवसाय और बड़े व्यवसाय, रेलवे विकास, सड़क सबके बुनियादी ढांचे में बदलाव किया जा रहा है। जो कि सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस विकास को जारी रखने के लिए जरूरी है कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी टीम को फिर से चुना जाना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया: जिम में महिला पर चाकू से हमला, घायल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी में एक जिम में एक व्यक्ति ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया। आनन-फानन में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घायल महिला को स्थिर हालत में है और उसे रॉयल प्रिंस अल्फ्रेड अस्पताल ले भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी और पीड़ित दोनों ही एक-दूसरे को जानते हैं। पुलिस ने बताया है घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चीनी कर्मियों की मौत के आरोपों पर पाक को फटकार

**इस्लामाबाद।** अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने बुधवार को पाकिस्तान के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया था कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश अफगानिस्तान में बनाई गई थी। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के इस बयान को गैरजिम्मेदाराना करार देते हुए वास्तविकता से दूर बताया। मालूम हो कि पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को कहा था कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश अफगानिस्तान में बनाई गई थी और आत्मघाती हमलावर भी अफगान नागरिक था। वहीं, पाकिस्तानी सेना के इस बयान पर तालिबान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्ला खवाराजमी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं के लिए अफगानिस्तान को दोषी ठहराना मामले की सच्चाई से ध्यान भटकाने का एक असफल प्रयास है और हम इसे दृढ़ता से खारिज करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तानी सेना के कड़े सुरक्षा घेरे वाले खैबर पख्तूनख्वा में चीनी नागरिकों पर हमला पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों की कमजोरी को दिखाता है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि उनके देश ने चीन को आश्वासन दिया है कि पाकिस्तान में हुए चीनी नागरिकों पर हमले में अफगानिस्तान का कोई हाथ नहीं है।

### हाय गर्मी...



**आगरा :** दुनिया की बेपनाह खूबसूरत स्मारकों में शुमार ताजमहल के दीदार के लिए भीषण गर्मी में भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। तपिश में सैलानियों ने साथ लेकर आए पानी की बोतल से कंठ की प्यास बुझाई। बुधवार को ताजनगरी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। भीषण गर्मी के चलते ● एजेंसी

# बिना कारण रद नहीं कर सकते अनुबंध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कलकत्ता हाईकोर्ट के खिलाफ दायर अपील पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी फैसला रखा सुरक्षित



सुप्रीम कोर्ट ने निजी कंपनी या पार्टी से जुड़े अनुबंध को रद करने के मामले में अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट में सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा कि निजी पक्षों के अनुबंध कारण बताए बिना रद नहीं किए जाने चाहिए।

कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि बिना कोई कारण बताए किसी अनुबंध को कैसे समाप्त किया जा सकता है? इस टिप्पणी के साथ अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, एक निजी पार्टी अनुबंध हासिल करने के बाद रिटर्न पाने की आशा के साथ निवेश करता है। चीफ जस्टिस ने कहा कि निवेश के बाद रिटर्न की आशा करना भी उचित है। अनुबंध रद करने के मामले में शीर्ष अदालत की जिस तीन जजों की पीठ में सुनवाई हो रही है, इसमें चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। मामले से जुड़े तथ्यों का जिक्र करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, हाईकोर्ट के आदेश में अनुबंध रद करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। सभी पक्षकारों की दलीलों को सुनने के बाद सीजेआई ने कहा, सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख रही है। गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 25 मई, 2023 को पारित आदेश में एकल न्यायाधीश का फैसला बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने सुबोध कुमार सिंह राठौड़ के फर्म को आवंटित अनुबंध को रद करने की मंजूरी दी थी। कंपनी को कोलकाता में ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाईपास पर दो अंडरपास के रखरखाव का ठेका मिला था। 10 साल के लिए दिए गए इस अनुबंध के हिस्से के रूप में, सुबोध सिंह की फर्म को अंडरपास के अंदर और ऊपर दोनों जगहों पर विज्ञापन लगाने की अनुमति भी मिली थी। इसके लिए उसे कुछ निर्माण करने की जरूरत थी।

## एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने महासंघ की पॉश नीति को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों से आहत अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ( एआईएफएफ) ने बुधवार को एआईएफएफ यौन उत्पीड़न रोकथाम ( पॉश) नीति को मंजूरी दी और उसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया। राष्ट्रीय महासंघ ने बयान में कहा कि एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने इस मामले में गहन विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला किया।

एआईएफएफ पॉश नीति का उद्देश्य फुटबॉल समुदाय के अंदर सुरक्षित और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना है। यह पॉश अधिनियम 2013 पर आधारित है और इसे एआईएफएफ की कानूनी टीम ने अच्छी तरह से जांचा परखा है। यह फैसला शर्मा पर लगाए गए शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों के कुछ सप्ताह बाद आया है। शर्मा कार्यकारी समिति के सदस्य हैं और हिमाचल प्रदेश के एक फुटबॉल क्लब खाद एचसी के मालिक हैं। उन पर दो महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। इसके बाद गोवा पुलिस ने शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था और बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। एक अन्य मामले में एआईएफएफ में महिला कर्मचारी ने पुरुष सहकर्मी के खिलाफ भी मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी।

**विज्ञान** अंतरिक्ष में संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा को लेकर वैज्ञानिक चिंतित

# पृथ्वी के मौसम के लिए समझना होगा बृहस्पति का पर्यावरण


**नैनीताल कार्यालय**

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष मौसम का पूर्वानुमान वर्तमान की नितांत जरूरत है। इस कमी को दूर करने के लिए बृहस्पति ग्रह के अंतरिक्ष पर्यावरण को समझना होगा। अंतरिक्ष से पृथ्वी की संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष मौसम की जानकारी को लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित हैं।

संचार उपग्रहों का एक बड़ा जाल पृथ्वी के चारों ओर बिछा हुआ है। जिसके माध्यम से टेलीविजन, मोबाइल फोन व इंटरनेट समेत तमाम संचार व्यवस्था संचालित होती है। हमारे द्वारा अंतरिक्ष में स्थापित किए गए कृत्रिम उपग्रहों के ऊपर बड़ा खतरा अंतरिक्ष मौसम का रहता है। सूरज से आने वाले सौर तूफान पलक झपकते ही इन्हें नष्ट कर सकते हैं। इतना ही नही पृथ्वी पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल व्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुचा सकते हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आम तौर पर सौर तूफान सूर्य के कोरोनल द्रव्यमान निष्कासन से जुड़े होते हैं, जो चुंबकीय उतार-चढ़ाव और बिजली ग्रिड, पाइपलाइनों और संचार प्रणालियों में भारी नुकसान पहुचा सकते हैं। लिहाजा हमें सूर्य से आने वाले सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी है।

जिसे समझने के लिए बृहस्पति के मौसम को समझना होगा, जो पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम को आसानी से समझा सकता है। इस संदर्भ में अलास्का फेयरबैंक्स विश्वविद्यालय व यूएएफ जियोफिजिकल इंस्टीट्यूट और यूएएफ कॉलेज ऑफ नेचुरल साइंस एंड मैथमेटिक्स के वैज्ञानिकों ने सामुहिक शोध किया है। शोध में कहा गया है कि हम बृहस्पति की तरह पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर ( ऊपरी वातावरण) को नियंत्रित करने वाले मौलिक भौतिकी को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान में सुधार ला सकते हैं।



बृहस्पति ग्रह का वातावरण।

### अंतरिक्ष के मौसम को समझना जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार अंतरिक्ष मौसम का प्रभाव पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में आम बात है। वर्तमान में हजारों सैटेलाइट पृथ्वी के चारों ओर बिखरे हुए हैं। सूर्य से सौर तूफानों के साथ आने वाले उच्च ऊर्जावान कण सैटेलाइट को ध्वस्त कर सकते हैं। जिस कारण वर्तमान में सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी हो गया है। समय रहते हमें इस दिशा में तेजी से काम करना होगा, तभी भविष्य में सैटेलाइट सुरक्षित रह सकते हैं।

## सिंगापुर में एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश पायलट सुरक्षित

**सिंगापुर।** सिंगापुर वायुसेना का एफ-16 लड़ाकू विमान सैन्य हवाई अड्डे पर उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि विमान तेंगाह वायु सेना अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले पायलट सफलतापूर्वक बाहर निकला और चिकित्सा सहायता दी जा रही है। किसी अन्य कर्मी को चोट नहीं आई है।

मंत्रालय ने कहा कि मामले में जांच जारी है। बता दें, सिंगापुर 30 से अधिक वर्षों से एफ-16 लड़ाकू विमानों का संचालन कर रहा है। मई 2004 में, अमेरिकी राज्य एरिजोना में एक रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान एक आरएसएएफ एफ-16सी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 25 वर्षीय सिंगापुरी पायलट की मौत हो गई थी। जांच बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला कि यह घटना मानवीय कारण से हुई थी।

# राफा पर कब्जे के बाद बमबारी, 20 की मौत

- काहिरा में बातचीत के बीच इजराइल ने रिहायशी घरों पर किए हवाई हमले

**राफा, एजेंसी**

राफा पर कब्जा करने के महज कुछ घंटों के अंदर इजराइल ने हवाई हमले शुरू कर दिए है। हवाई हमलों के साथ ही इजराइल के टैंक भी राफा में घुस गए हैं। 3 अलग-अलग हवाई हमलों में 20 लोगों की जान चली गई।

ये हमले रिहायशी घरों के ऊपर किए गए थे। हालांकि इजराइल का कहना है कि उसने हमास के आतंकी ठिकानों पर हमले किए हैं। इजराइल ने कहा कि इस सीमित कार्रवाई में मिस्र के साथ सीमा पार करने वाले गाजा बॉर्डर को उसने अपने नियंत्रण में ले लिया है। उसने राफा में भी सुरंगे मिलने का दावा किया है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा गाजा और मिस्र के क्रॉसिंग बार्डर पर इजराइल के नियंत्रण सेदूसरी ओर, हमास के सीज फायर समझौते के लिए तैयार होने के बाद इजराइल मिस्र की राजधानी काहिरा में इसी हफ्ते एक डेलिगेशन भेज रहा है। हमास का डेलिगेशन भी पहुंच चुका है। कतर और मिस्र की मध्यस्थता में यह समझौता होगा। लेकिन इसी बीच समझौते की हमास की शर्तों के खिलाफ तेल अवीव और येरूशलम में इजराइलियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़कों पर धरना देकर गाजा को मानवीय सहायता के लिए जाने वाले ट्रकों को भी रोक दिया। इजराइली अधिकारियों ने कहा- हमास की शर्तें हमें स्वीकार नहीं।



न्यूयॉर्क में फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारी महिला को गिरफ्तार करती पुलिस।

### 33 बंधक छोड़ेगा हमास, मृतकों के अवशेष देगा

हमास ने पहले चरण में 33 बंधकों को छोड़ने की बात कही है। जिनमें ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं, घायल या बीमार लोग हंगि। वहीं जिनकी मौत हो चुकी है हमास उनके अवशेष इजराइल को सौंपेगा। माना जा रहा है कि हमास ने 7 अक्टूबर को किए हमले में 100 से ज्यादा इजराइलियों को बंधक बना रखा है। लेकिन यह साफ नहीं है कि उनमें से कितने जीवित बचे हैं। इससे 6 हफ्ते का सीजफायर होगा।